

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 308
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
मंगलवार | 22 अगस्त, 2023

शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र... 12

माटी की खुशबू हमें देश के प्रति समर्पण का भाव... 10

## भाजपा की 80 सीटों पर जीत कल्याण सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगीः गृह मंत्री

# सीएम पद छोड़ना बाबूजी का बलिदानः अमित शाह

**योगी ने कहा, जिस कार्य के लिए कल्याण सिंह ने सत्ता छोड़ी, वो राममंदिर तैयार, केशव बोले, हरिगढ़ वालो...बोलो जय श्रीराम**

### कल्याण सिंह ने गरीबों के कल्याण के लिए काफी कार्य किया, पीएम मोदी कर रहे ओबीसी का विकासः अमित शाह

### हिंदू गौरव दिवस पर दी कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री को किया नमन

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के सीनियर नेता रहे कल्याण सिंह की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान कार्यक्रम के मंच से केंद्रीय गृह मंत्री ने कई बड़ी बातें कहीं। उन्होंने कल्याण सरकार के फैसलों की तारीफ की। कल्याण सिंह शासनकाल के गरीब कल्याण योजनाओं के बारे में गिनाया। अमित शाह ने कहा कि बाबूजी का जनाधार हर वर्ग में था। वे गरीबों के प्रति संवेदनशील थे। शाह ने कहा कि बाबूजी ने कभी भी जातिवाद को तबज्जो नहीं दी। वे पिछड़ा समाज के कल्याण के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य करते रहे। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुआई में चल रही सरकार भी देश में ओबीसी समाज के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। ओबीसी समाज को विकास की राह से जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर अमित शाह ने यूपी की सभी 80 सीटों पर भाजपा को जीत दिलाकर कल्याण सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि देने की अपील की।



#### पिछड़ों के लिए लगातार काम

अमित शाह ने कहा कि बाबूजी ने कभी भी जातिवाद की वकालत नहीं की। वे इसके खिलाफ थे। हमेशा पिछड़े समाज को विकास की राह पर जाने का कार्य किया। मोदी सरकार में इस समाज के लिए उन्हें तमाम सुविधाएं दी गई। हमारी सरकार ने पिछड़ा वर्ग जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। नीट में ओबीसी और गरीबों को रिजर्वेशन दिया गया है। ओबीसी और पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए नौकरी में आरक्षण को सुनिश्चित किया गया। संविधान में संशोधन कर पिछड़ा और गरीब समाज को अधिकार दिए गए। यह सारे कार्य हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने किए हैं।

#### ताला नगर की आज वैश्विक पहचान

योगी ने कहा, पहली बार जब भाजपा सरकार बनी, तब लोगों को पता चला कि सुशासन कैसा होता है। 1991 में अलीगढ़ को नई पहचान देने के लिए कल्याण सिंह ने एक अलग से तालानगरी स्थापना की थी। मुझे खुशी हो रही है कि 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद ये पहचान वैश्विक मंच पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा, स्व. कल्याण सिंह को आज संतोष हो रहा होगा। वो सोच रहे होंगे कि 1992 में जिस कार्य के लिए मैंने राज सत्ता को छोड़ा था, वो पूरा हुआ, राममंदिर बन गया। आज बाबूजी की पुण्यतिथि पर हम एकत्रित हुए हैं। डबल इंजन की सरकार ने पहली पुण्यतिथि पर सबसे पहले कैंसर इंस्टीट्यूट का नाम बाबूजी कल्याण सिंह के नाम पर रखा। मैं उनकी स्मृतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मंच से कहा, हरिगढ़ वालो... बोलो जय श्रीराम। अयोध्या में बाबूजी का सपना पूरा हो रहा है। इससे बड़ी बात नहीं हो सकती है।

#### 80 सीटें भाजपा की झोली में डालिए

गृहमंत्री अमित शाह ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय के साथ की। उन्होंने कहा कि यूपी की 80 सीट भाजपा की झोली में डालने के लिए बोलिये जय श्री राम। भाजपा के वरिष्ठ नेता व राम भक्त कल्याण को श्रद्धांजलि देने आया हूं।

#### खून का एक कतरा बहाए बगैर राम मंदिर

अमित शाह ने कहा कि रामभक्त कल्याण सिंह का तीसरा अधूरा कार्य था श्रीराम जन्मभूमि का मंदिर। बाबूजी ने राम मंदिर आंदोलन को जो गति दी थी। कांग्रेस पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि राम जन्मभूमि के मसले को कांग्रेस पार्टी ने अटकाने, भटकाने और लटकाने का कार्य किया। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस मामले में कोर्ट का जजमेंट लाया। इस जजमेंट के आते ही एक दिन सबेरे खून का एक कतरा बहाए बगैर प्रभु श्रीराम के मंदिर का भूमि पूजन करने का कार्य किया। राम मंदिर के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। अगले साल 2024 में रामलला अपने मंदिर में स्थापित होंगे। पीएम मोदी ने इस मसले का हल निकाला।

#### कभी बाबूजी ने जाति की बात नहीं की

अमित शाह ने कहा कि तब बाबू ज़ी ने फोन पर कहा था मेरा जीवन धन्य हो गया। बाबूजी ने पिछड़ों को आगे बढ़ाया। गरीबों का कल्याण किया, अब यही मोदी ज़ी कर रहे हैं। आवास, सिलेंडर दिए जा रहे हैं। मुफ्त राशन दिया जा रहा है। बाबू जी ने कभी जाति की बात नहीं की। लेकिन उन्होंने पिछड़ों को आगे बढ़ाया। अब मोदी भी यही कर रहे हैं। पिछड़ी जातियों को लाभ मिल रहा है। नीट में दाखिला दिया जा रहा है, पिछड़ा वर्ग से समान अधिकार दिया। मोदी ने अब गरीब कल्याण को आगे बढ़ाया। तीन कामों को किया। कांग्रेस आजादी के बाद मंदिर को लटका रही थी, भटका रही थी। पीएम मोदी ने जजमेंट लाकर बिना एक खून का कतरा बहाए मंदिर की नींव रखी।

## एक समय में जहां गोलियां चलती थीं आज वहां एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा : योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में सोमवार को एमएसएमई विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूरे प्रदेश के साथ ही अयोध्या के विकास की चर्चा की और विपक्ष पर हमला बोला। किसी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि एक समय जहां गोलियां चलती थीं, वहां आज प्रदेश सरकार एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना रही है। जहां आंदोलन होते थे, वहां सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बना दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां लोकभवन में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर सूक्ष्म उद्यम इकाइयों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना से 05 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही प्लेज पार्क योजनान्तर्गत जनपद झांसी, हापुड़ एवं सम्भल में निजी औद्योगिक पार्कों के विकास हेतु विकासकर्ताओं को प्रथम किस्त के रूप में 1,137 लाख का चेक वितरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज नागपंचमी का दिन है। सामान्य जीवन में जीव जंतुओं के प्रति अनुराग का दिवस है। उद्यमी अपने पुरुषार्थ से देश समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करता है। उत्तर प्रदेश देश की सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। आज से छह वर्ष पहले बीमारू प्रदेश के रूप में जाना जाता था। उत्तर प्रदेश का नाम सुनकर लोग भयभीत होते थे। पिछले एक हफ्ते में कई सर्वे में उत्तर प्रदेश की स्थिति पर्यटन के क्षेत्र में, निवेश के क्षेत्र में, निवेश के नए डेस्टिनेशन स्टेट के रूप में सामने आया है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल निर्देशन के साथ मिलकर राज्य की टीम के साथ चलने का परिणाम है। इसकी पृष्ठभूमि 2018 मे पहले इन्वेस्टर सम्मिट से शुरू हुई। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का शुभारंभ किया गया। यह सेक्टर कभी दम तोड़ रहा था। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि गुलामी के चिन्हों से मुक्ति और विरासत का सम्मान से ही सही अर्थो में आगे बढ़ा जा सकता है। पिछले एक हफ्ते की भिन्न-भिन्न रिपोर्ट उन लोगों के लिए आंखें खोलने वाला है, जो कहते थे कि क्या हुआ है उत्तर प्रदेश में। आज उत्तर प्रदेश में माताओं, बहनों, नौजवानों के लिए पहचान का संकट नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्लेज़ पार्क की थीम देश के लिए पहली योजना है जो उत्तर प्रदेश लागू कर रहा है। हम बहुत जल्दी इन पार्क के लिए निवेश आमंत्रित करेंगे। इस सदी की सबसे बड़ी महामारी को देश दुनिया ने देखा। लोग कहते थे कि उत्तर प्रदेश अगर संभल गया तो सब कुछ संभल जायेगा। हमने करके दिखा दिया। आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से उठकर रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में उत्तर भारत का सबसे बड़ा डाटा सेंटर लगा है। उत्तर प्रदेश के फिल्मसिटी की गूंज मुंबई तक है। हर कोई आकर्षित हो रहा है। तीस करोड़ पर्यटक धार्मिक स्थलों में सिर्फ उत्तर प्रदेश में आये हैं। इस मौके पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



## सनी देओल का बंगला नीलामी आदेश 24 घंटे में वापस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एक्टर सनी देओल के जुहू स्थित बंगले की नीलामी का नोटिस बैंक ऑफ बड़ौदा ने 24 घंटे में वापस ले लिया। बैंक ने सोमवार को अखबारों में खंडन जारी कर कहा- यह नोटिस तकनीकी कारणों से वापस लिया जा रहा है। ऐसे में सनी देओल की प्रॉपर्टी की नीलामी नहीं होगी। बैंक ने यह भी बताया कि 20 अगस्त को नोटिस मिलने के बाद खुद सनी देओल ने बकाया राशि चुकाने के लिए बैंक से संपर्क किया था। साथ ही इस नोटिस को वापस लेने की तीन और वजहें थीं। इससे पहले रविवार को पब्लिश हुए नोटिस के मुताबिक सनी ने 56 करोड़ रुपए लोन लिया था, जिसे उन्होंने चुकाया नहीं। लोन न चुका पाने पर 25 सितंबर को बंगले की नीलामी की तारीख भी दी गई थी। बैंक ने सनी से लोन रिकवरी के नोटिस का विज्ञापन भी छपवाया था। इसमें सनी के गांरटर के तौर पर पिता धर्मेंद्र का भी नाम लिखा था। सनी देओल फिल्म गदर-2 को लेकर इन दिनों सुर्खियों में हैं। फिल्म 400 करोड़ रुपए कमाने के करीब है। इसी बीच बैंक ने उन्हें लोन के 56 करोड़ रुपए नहीं चुकाने पर नोटिस जारी किया था।

## सीटीईटी में पेपर दे रहे सॉल्वर गैंग के गिरोह के सरगना सहित तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | गाजीपुर

गाजीपुर पुलिस ने सीटेट दिलवा रहे साल्वर गैंग के गिरोह के सरगना सहित तीन सदस्यों को सैदपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि सीटेट दिलवा रहे साल्वर गैंग के गिरोह के सरगना सहित तीन सदस्यों को नसीरपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक मोटरसाईकिल, प्रवेश पत्र, 03 मोबाईल फोन,2330 रुपये व अन्य कागजात व फोटो बरामद किया गया। एसपी के मुताबिक अभियुक्तगणों द्वारा एक राय होकर कूटरचित दस्तावेज राहुल कुमार के आधार कार्ड पर अजय कुमार पुत्र धर्मराज सिंह निवासी पचवाहा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज की फेक मिक्सिंग फोटो लगाकर उसे असली के रुप में प्रयोग करते हुए आर्थिक लाभ के उद्देश्य से इनके द्वारा यह कृत्य किया जाता है।

## यूपी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी एसटीएफ लखनऊ व सरायमीर थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए रविवार की देर रात 50 हजार के इनामी अपराधी को बस्ती नहर पुलिस के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने तमंचा कारतूस भी बरामद किया है। वांछित और इनामी अपराधियों की तलाश में यूपी एसटीएफ लखनऊ की टीम रविवार को जिले में मौजूद थी। मुखबिर की सूचना पर यूपी एसटीएफ की टीम सरायमीर थाना पुलिस के साथ रविवार की रात चेकिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान बस्ती नहर पुलिया के पास से संयुक्त टीम ने 50 हजार के इनामी जावेद निवासी सिकरौर सहबरी थाना सरायमीर को गिरफ्तार किया। इसके पास से पुलिस ने तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाश पर डीआईजी रेंज के द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इतना ही नहीं जावेद गैंगस्टर में भी वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसका संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है।

## राजा भैया से मिले एक्टर रजनीकांत, बोले, वो देश के सबसे बड़े महानायक


जन एक्सप्रेस | लखनऊ

* बाबा विश्वनाथ की विभूति, दिनकर जी की रश्मिरथी और गोमुख का गंगाजल रजनीकांत को सादर भेंट किया

फिल्म अभिनेता रजनीकांत इन दिनों यूपी में हैं जहां वह कई राजनेताओं से मुलाकात करने के साथ ही आध्यात्मिक पर्यटन कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने लखनऊ में जनसत्ता दल के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया से मुलाकात की। राजा भैया ने इस मुलाकात की तस्वीर अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की और कहा कि वह रामायण में 'थलाइवा' का स्वागत करने का सौभाग्य मिला। वे देश के सबसे बड़े महानायक हैं लेकिन केवल फिल्म जगत में ही नहीं अध्यात्म और भक्ति के क्षेत्र में भी वे उन्नत अवस्था में हैं। उन्हें बाबा विश्वनाथ की विभूति, दिनकर जी की रश्मिरथी और गोमुख का गंगाजल सादर भेंट किया। राजा भैया ने रजनीकांत के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर भी ट्वीट की।



कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

**आदेश** डीजीपी ने आदेश दिया है कि थाना प्रभारी पंचांग की अमावस्या तिथि से एक सप्ताह पहले और एक सप्ताह बाद विशेष सतर्कता रखें

# नया शिगूफा, पंचांग से अपराध रोकेगी यूपी पुलिस!

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

* डीजीपी ने एक सर्कुलर जारी किया, हर थाने को भेजा गया पंचांग
* इस दौरान हुई घटनाओं की क्राइम मैपिंग कराई जाएगी
* यह भी निर्देश दिया है कि वरिष्ठ अधिकारी के स्तर पर यह विश्लेषण हर महीने किया जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस अपराध रोकने के लिए अब पंचांग का सहारा लेगी। सवाल पुलिस के दृष्टिकोण या पंचांग की प्रासंगिकता पर नहीं, पुलिस की कार्यशैली और इच्छाशक्ति पर है। इनपुट होने के बावजूद जो पुलिस अपने सुरक्षा घेरे में मौजूद अतीक अहमद जैसे माफिया को हमलावरों से नहीं बचा पाई। तमाम खुफिया जानकारी होने के बाद भी आज तक अतीक के बम बाज गुड्डू मुस्लिम और पत्नी शाइस्ता परवीन को नहीं पकड़ पाई, पंचांग उस पुलिस की कितनी मदद करेगा इसका अंदाज आप खुद लगा सकते हैं। अतीक का मामला तो बानगी भर है। प्रदेश के लगभग हर जिले, हर थाने में ऐसे मामलों की भरमार है



जिससे यूपी पुलिस की साख पर बट्टा लगता रहता है। जानकारी के अनुसार डीजीपी विजय कुमार की तरफ से जारी किए गए आदेश में साफ लिखा गया है कि हिंदू पंचांग के अंधेरे पक्ष यानी कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के 1 सप्ताह पूर्व और 1 सप्ताह बाद रात के समय अधिक घटनाएं होती हैं। डीजीपी ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जारी किए अपने सर्कुलर में आदेश दिया है कि थाना प्रभारी हिंदू पंचांग की अमावस्या तिथि से एक सप्ताह पहले और एक सप्ताह बाद विशेष सतर्कता रखें। इस दौरान हुई घटनाओं की क्राइम मैपिंग कराई जाए। डीजीपी ने अपने सर्कुलर के साथ हिंदू पंचांग की कॉपी भी सभी अफसरों को भेजी है ताकि उन्हें पता रहे कि अमावस्या कब पड़ रही है और कब ज्यादा अपराध होंगे। यह भी निर्देश दिया है कि वरिष्ठ अधिकारी के स्तर पर यह विश्लेषण हर महीने किया जाए।

#### 3 पेज का है डीजीपी का सर्कुलर

डीजीपी विजय कुमार के 3 पेज के सर्कुलर के साथ अगस्त महीने का हिंदू पंचांग भी भेजा गया है ताकि अफसरों को पता रहे कि अगस्त महीने में 16 तारीख और सितंबर और अक्टूबर की 14 तारीख को अमावस्या पड़ेगी। पंचांग भेजने के पीछे यह उद्देश्य है कि पुलिस अधिकारी पहले से अपने काम की प्लानिंग कर सकें।

#### सीसीटीएनएस और डायल 112 से सूचनाओं का मिलान कर क्राइम मैपिंग होगी

प्रत्येक माह में कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को चिन्हित किया जाए। अमावस्या तिथि से 1 सप्ताह पहले और 1 सप्ताह बाद रात में होने वाले अपराध का सीसीटीएनएस और डायल 112 से सूचनाओं का मिलान कर क्राइम मैपिंग कराई जाए और ऐसी जगहों को चिन्हित किया जाए जहां अमावस्या की तिथि के आसपास अपराध हुआ है। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में क्राइम मैपिंग के अनुसार हॉटस्पॉट चिन्हित कर गश्त करेंगे।

#### जल्द कई जिले अमावस्या पर हुई घटनाओं की रिपोर्ट डीजीपी मुख्यालय भेजेंगे

फिलहाल डीजीपी विजय कुमार की तरफ से जारी किए गए सर्कुलर पर अमावस्या की तिथि से एक सप्ताह पहले और एक सप्ताह बाद होने वाले अपराध का विश्लेषण शुरू कर दिया गया है। जल्द कई जिले अमावस्या पर हुई घटनाओं की रिपोर्ट भी डीजीपी मुख्यालय को भेजेंगे।

# प्रधान व सचिव के कार्य में रूचि न लेने पर जारी करें नोटिसः डीएम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सोमवार को जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा निपुण भारत की जनपद स्तरीय स्टाक फोर्स की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने 19 पैरामीटर के आधार पर कायाकल्प के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि जिन स्कूलों की बाउंड्री वॉल टूट गई है, उसे पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि विवादित बाउंड्री वालों की एक लिस्ट बनाएं, जहां विवादित हो वहां सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय बनाकर निस्तारण कराएं।

उन्होंने जिला विकास अधिकारी व डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि रामनगर के सचिवों व प्रधान को बुलाकर बाउंड्री वालों को चिन्हित कर कार्य कराएं। अगर प्रधान व सचिव कार्य में रुचि नहीं रखते हैं तो नोटिस जारी करें। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि जिले स्तर से फर्नीचर के लिए सांसद निधि व अन्य निधि से जो पैसा आ रहा है, उसकी भी समीक्षा कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के निरीक्षण के लिए नामित अधिकारी, कर्मचारी निरीक्षण नहीं करते हैं तो उनका वेतन काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के नामित शिक्षक ने निरीक्षण नहीं किया है, उनको कारण बताओं नोटिस जारी करें। उन्होंने बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि एमडीएम के अंतर्गत फीडिंग भी कराएं। कहा कि जब सरकार स्कूलों को स्मार्ट बनाने के लिए सुविधा दे रही है तो इस पर प्रधानाध्यापक व अभिभावक के साथ मिलकर बैठक कर बच्चों की संख्या बढ़ाएं। षिक्षक उपस्थिति सम्बन्ध में उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि शिक्षामित्र शिक्षण कार्य नहीं करते हैं उन्हें हटाए। कहा कि संदर्शिका के माध्यम से शिक्षकों से कहें कि शिक्षण योजना कराएं। साथ ही निर्देशित किया कि शिक्षा की गुणवत्ता को बढाएं। छात्रों के आधार सीडिंग के सम्बन्ध में उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि जो बैंक सरकारी कार्यों को अवरूद्ध कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर राम जन्म यादव, मऊ राकेश पाठक, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा, एलडीएम तुलसीराम, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# अवैध गांजा के साथ तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्वेक्षण में थाना रैपुरा पुलिस टीम ने तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को 50 किलो अवैध गांजा, 2 अवैध तमंचे व 4 कारतूस, 3 मोबाइल फोन व चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि बीते रविवार की रात्रि थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय तथा उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुंता बांध पक्की सड़क ग्राम रैपुरा से सफेद रंग की चार पहिया गाडी से 25 किलो गांजा तथा 2 तमंचा व 4 कारतूस तथा 3 मोबाइल फोन के साथ परमेश्वर साहु पुत्र पंचाराम साहू उर्फ बबलू, ताम्रध्वज पटेल पुत्र झडीराम पटेल व सुशील पटेल पुत्र राजाराम पटेल निवासीगण पिसीद, थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से पूंछताछ के आधार पर रैपुरा थाना क्षेत्र के बाधी गांव का निवासी लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार सिंह पुत्र हरीशचन्द्र के घर से भी 25 किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपी लल्ला सिंह मौके से भाग गया।

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वह लोग छत्तीसगढ़ से 50 किलो अवैध गांजा लेकर यहां बेचने के लिये आये थे, जिसे लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार निवासी बांधी ने मंगाया था। 25 किलो गांजा लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार ने लेकर अपने घर पर रख लिया था और 25 किलो गांजा लेकर वह लोग गुन्ता बांध आकर लल्ला सिंह द्वारा लाये जाने वाले ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने इन लोगों को पकड़ लिया। बरामदगी के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध थाना रैपुरा में एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। बरामद चार पहिया गाडी को एमवी एक्ट के अन्तर्गत सीज किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 13 लाख रुपये है। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक रमेश सिंह यादव, सिद्दनाथ राय, आरक्षी अजीत यादव, नन्दलाल, राज मंगल, निर्दोष भारती, राममूरत मिश्रा, महिला आरक्षी आरती वर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए उठाया नया कदम



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

द हंस फाउंडेशन और सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने में एक नया कदम उठाया।

जनपद के रामनगर ब्लॉक के इटवां ग्राम पंचायत में द हंस फाउंडेशन और सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएँ एक नयी दिशा में बढ़ावा प्राप्त करें। दोनों संगठनों ने एक साथ अपनी सचल चिकित्सा इकाई द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं एवं नेत्र परीक्षण की सेवा देने के लिए संयुक्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब एवं वंचित समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। शिविर में रोग परीक्षण और जांच, उपयुक्त निदान और सलाह, दवाओं की वितरण, स्वास्थ्य समर्थन, संदर्भन और जागरूक किया गया।

यह संयुक्त प्रयास जरूरतमंद और वंचित समुदाय के स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के साथ समुदाय के स्वास्थ्य को और भी सुधारेंगे और उनके जीवन में पॉजिटिव परिवर्तन लाएंगे। साथ ही ऐसे शिविर प्रतिमाह अलग-अलग ग्रामों में करने की योजना भी बनायीं गयी। इस मौके पर द हंस फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक राधा, सीनियर फार्मासिस्ट संजय सिंह यादव, एमएमयू टीम व सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आई एमएमयू के परियोजना समन्वयक चेतन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि एमसीएच विंग खोह में तैनात डॉ शिवचन्द द्वारा जिस दिन कार्य किया जाए, उसी दिन का वेतन दिया जाए। प्रभारी चिकित्साधिकारी मऊ से कहा कि डॉ विद्या सागर सिजेरियन में सहयोग न करें तो अवगत कराएं। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची एवं उपचार की स्थिति पर सम्बन्धित एएनएम व आशा को चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने अधीक्षक जिला चिकित्सालय एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि चिकित्सालय में टेलीमेडिसिन शुरू करें। साथ ही सभी जगह कम्प्यूटर से पर्चा व दवा का भी वितरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में दवाई जहां पर रखी जा रही है, उनकी जांच करने के लिए चिकित्सक व फार्मेसिस्ट को नामित करके नियमित रूप से जांच कराएं। कोई भी चिकित्सक मरीजों को बाहर की दवा न लिखे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी से कहा कि जिन स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं पर एएनएम, आशा गलत सूचना दें तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रक्तदान शिविर आयोजित कराएं, जहां पर रक्त रखने कि व्यवस्था नहीं है वह जिला अस्पताल में रक्तकोष में जमा कराए। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी बीएच एसएनडी शेषन के दौरान अपने क्षेत्र का भ्रमण करके टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित कराएं। प्रभारी चिकित्साधिकारीयों से कहा कि सभी जगह एएनएम की बैठक कर जानकारी लें कि स्वास्थ्य सम्बन्धी मशीनरी की कहां पर कमी है ताकि शासी निकाय से क्रय की व्यवस्था कराया जा सके। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि एमएचएस विंग खोह में स्वास्थ्य सम्बन्धी उपकरण आदि व्यवस्थाओं में जो कमी है, उसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जो स्वास्थ्य सम्बन्धी कमियां है, उनका भी प्रस्ताव बनाकर डीएचएस की बैठक के कार्यवृत्त में शामिल करते हुए शासन को भेजें।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर कुमार, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम के जतारया, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश पहाड़िया, जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद्र गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया आदि मौजूद रहे।

## खुदाई मे मिले सिक्के प्रशासन के कब्जे में, पुरातत्व विभाग को लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर। विकास खण्ड विजयीपुर क्षेत्र के महेशपुर मठेठा गांव में खोदाई में मिले ब्रिटिश कालीन सिक्को से भरे घडा को पुलिस ने कब्जे में लेकर अपने माल खाना में जमा कर दिया है। अब जिनके बारे मे पुरातत्व विभाग द्वारा संपूर्ण जानकारी करेगा। त्हसील क्षेत्र के महेशपुर मठेठा गांव निवासी छोटेलाल गुप्ता के पुराने घर मे खुदाई के दौरान मिले ब्रिटिश कालीन सिक्कों से भरे मिट्टी के घड़ा को सूचना के बाद पुलिस ने कब्जे में लेकर गिनती करायी। जहां कुल 266 सिक्के मिले जो बहुत प्राचीन है। सिक्के तांबा धातु के प्रतीत हो रहे है। जिनमें सन् 1900-1940 के बीच लिखा है। पुलिस ने सभी सिक्कों को कब्जे में लेकर अपने माल खाना में जमा कर दिया है। अब पुरातत्व विभाग को पत्र भेजकर मिले सिक्कों के बारे में विस्तृत जानकारी सिक्के कितने पुराने व किस धातु के हैं जानकारी लिया जाएगा। खागा एसडीएम एनपी मौर्य ने बताया पुरातत्व विभाग को पत्र लिखकर सिक्कों के विषय में संपूर्ण जानकारी दिया जाएगा। तभी सही जानकारी हो सकती है।

# विधवा भाभी को हवश का शिकार बनाने वाले दुराचारी देवर को 10 साल की कैद

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

भाई की मौत के बाद विधवा भाभी से दुराचार करने के आरोपी देवर को जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 11 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि दुराचार के मामले में पीडिता द्वारा बीती 18 अक्टूबर 2022 को भरतकूप थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पीडिता के अनुसार उसके शादी घटना के 8 साल पहले हुई थी। शादी के बाद उनके एक बेटा भी हुआ था। मार्च 2021 में सड़क हादसे में उसके पति की मौत हो गई। इसके लगभग 6 माह बाद उसका देवर घर में अकेले जानकर शराब के नशे में आया और जबरन बलात्कार किया। इसकी शिकायत उसने सास-ससुर से की, किन्तु उन्होंने घर की बात होने का हवाला देकर बात को दबा दिया। इसके चलते उसने शिकायत नहीं की, किन्तु इसके बाद दूसरे दिन फिर से उसके साथ देवर ने बलात्कार किया। इस पर उसने परिवारीजनों और पडोसियों को जानकारी देने के साथ इलाकाई पुलिस के पास दिवयापुर जाकर भी सूचित किया, किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर घर आने पर देवर ने उसे घर से निकाल दिया। यहां से वह अपने चचिया ससुर के घर और फोन से पूरे मामले की जानकारी अपनी मां का दी।

जिसके बाद उसकी मां उसे मायके ले आई। यहां भी 16 जुलाई 2022 को उसका देवर दोपहर के समय ससुराल ले जाने के नाम पर आया और उसे अकेले पाकर जबरन बलात्कार किया। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना उसने भरतकूप थाने में दी, किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके चलते उसने न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर न्यायालय द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विवेचना किए जाने के आदेश दिए गए। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पीडिता का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

# सनातन पर्व धार्मिक ही नही वैज्ञानिक महत्व से परिपूर्ण

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

सनातन धर्म मे सातवार नौ त्योहार मनाये जाते है। उन पर्वो का जितना धार्मिक आस्था से जुडे है वही उतना ही वैज्ञानिक महत्व भी है। कभी पेड-पौधो की पूजा परम्परा है तो कही जीव-जन्तु की भी पूजा विधान बताया गया है। उनमे नाग पंचमी पर्व भी एक है। जिसमे विषधर नाग की पूजा किया जाता है। जहॉ भगवान नारायण की शेष शैय्या का विवरण धर्म ग्रंथो मे मिलता है तो वही भगवान शंकर के गले मे विषधर नाग को गले मे धारण करने भी बताया गया है। वही धर्म ग्रंथो मे नाग को मनुष्य मित्र की भी चर्चा किया गया है। सनातन धर्म मे वट वृक्ष, पीपल वृक्ष सहित अनेक वृक्षो की पूजा के पर्व होते है और पूरे विधि विधान से पूजा किया जाता है। अन्तर यह है कि अलग-अलग मान्यताओ के आधार पर स्थानीय पूजा प्रक्रिया बदलती है। सभी पर्वो मे अलग-अलग पौधो के फूल का महत्व धर्म ग्रन्थो मे मिलता है। इसी क्रम मे जीव-जन्तु की पूजा विधान बताया गया है। कही गौपूजा तो कही नाग पूजा आदि का विवरण मिलता है लेकिन इन सब पूजा पाठ के पीछे कही न कही वैज्ञानिक महत्व देखने को मिलता है। पर्यावरण सहित पृथ्वी के सभी प्राणी की रक्षा उद्देश्य है। नाग पूजा श्रवण मास के शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि की परम्परा रही है। इस दिन विषधर नाग की पूजा किया जाता है। नाग पूजा का महत्व जहॉ धर्म ग्रन्थ धार्मिक महत्व बताते है। वही धर्म ग्रन्थो से इतर नाग हमारी कृषि सम्पदा की कृषि नासक जीवो से रक्षा करते है। वही पर्यावरण रक्षा तथा वन सम्पदा मे भी नगो की महत्व पूर्ण भूमिका है। नाग पंचमी का पर्व नागो के साथ जीवो के प्रति सम्मान उनके सम्वर्धन एवं संरक्षण की प्रेरणा देता है। यह पर्व प्राचीन समय के अनुरुप आज भी प्रासंगिक है।

# दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी पति को सजा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

**त्वरित न्यायालय ने सुनाया निर्णय**

दहेज हत्या के मामले में त्वरित न्यायालय ने मृतका के पति को 8 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 16000 रुपए के अर्थदण्ड से भी दंडित किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि वादी मुकदमा रामदास ने 22 जुलाई 2017 को बहिलपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसने अपनी बहन गीता देवी की शादी रुकमा खुर्द निवासी रज्जू पुत्र धुनुवा के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन गीता का उत्पीड़न दहेज के लिए करते थे। दो बच्चे होने के बाद भी उसका उत्पीड़न जारी रहा। इस दौरान 26 जून 2017 को ससुरालीजनों ने गीता को बेरहमी से पीटने के बाद शाम 5 बजे मिट्टी का तेल डालकर कर आग लगा कर जला दिया। गंभीर हालत के चलते प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय से गीता को रिफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला संजय कुमार ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका के पति रज्जू को 8 वर्ष करावास के साथ 16000 रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# कौशल विकास प्रशिक्षण से जीवकोपार्जन कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे बन्दी : पूर्ण कालिक सचिव

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला कारागार में प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव फारूख इनाम सिद्दीकी ने विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। जिसमें नालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी।

पूर्ण कालिक सचिव ने वादकारियों के हितों के लिए नालसा द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी बंदियों को दी। इस दौरान उन्होंने अग्रणी बैंक चित्रकूट की ओर से जेल में निरूद्ध बंदियों के कौशल विकास के लिए अगरबत्ती बनाने के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि जेल में निरूद्ध बंदियों के यहां से छूटने के बाद समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए इस कौशल प्रशिक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। जिससे वह लोग अपनी जीविकोपार्जन कर समाज की मुख्यधारा से जुड सकेंगे।

जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने अवशिष्ट तथा अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन की जानकारी और कौशल विकास के उद्देश्य की बिन्दुवार जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बंदियों को जेल से छूटने के बाद स्वस्थ सामाजिक जीवन यापन करना है। जिसके लिए आवश्यक है कि सभी लोग कुछ विशेष कौशल सीख करके समाज के बीच में जाएं। जिससे जीवन यापन सुगमता पूर्वक व्यतीत हो सकेगा। इसके निमित्त नालसा और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।


G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए **ई-निविदा** आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **कार्य का नाम** : विनाइल रैपिंग ऑन एक्सटीरियर ऑफ दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन्स कोचेस एंड एल.एच.बी. कोचेस एंड इंटीरियर ऑफ हमसफर, आई.सी.एफ ए.सी. एंड नॉन-ए.सी. कोचेस अपग्रेडेड अंडर उत्कृष्ट स्कीम। | |
| 02 | **कार्य स्थल** : सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | |
| 03 | **अनुमानित लागत** : रु. 1,52,15,589.00/- मात्र। | |
| 04 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। | |
| 05 | **बिड सिक्युरिटी** : रु. 2,26,100/- मात्र। | |
| 06 | **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 02 वर्ष। | |
| 07 | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : दिनाँक- 01.09.2023 से 15.09.2023 समय 15.00 बजे तक। | |
| 08 | **प्रमाणपत्र** : फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | |
| 09 | **खुलने का समय** : निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | |
| 10 | **कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है** | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट - www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | **वेबसाईट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है** | |

सं.: 2023-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-25 दिनाँक: 18.08.2023 2587/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हेल्थ एटीएम मसीन खराब, मरीजों की नहीं हो रही जांच

जन एक्सप्रेस | ओम प्रकाश यादव



**कुशीनगर।** जिले के सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों के वजन, शुगर, बीपी सहित 30 से अधिक प्रकार की जांच की सुविधा एक ही जगह उपलब्ध कराने के नाम पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से करीब एक साल पहले खरीदी गईं 18 हेल्थ एटीएम अब भी पूरी तरह से क्रियाशील नहीं हो पाई हैं। प्रत्येक मशीन पर करीब तीन लाख रुपये खर्च किए गए थे। पहले तो कई महीने जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में पड़ी रहीं।

उसके बाद करीब डेढ़ महीने पहले सरकारी अस्पतालों में भेजी गईं, लेकिन ये मशीनें अधिकतर स्थानों पर क्रियाशील नहीं हो पाई हैं। कहीं मशीन में करंट आने से जांच नहीं हो पा रही है तो कहीं टेक्नीशियन नहीं हैं। इंटरनेट की समस्या भी बाधक बन रही है। ऐसा दशा में जिस उद्देश्य से इन मशीनों को खरीदा गया था, वह पूरा नहीं हो पा रहा है।मरीजों को अब भी निजी पैथोलॉजी पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

**विशुनपुरा सीएचसी में लगी हेल्थ एटीएम में आता है करंट, ठप पड़ी जांच**

विशुनपुरा सीएचसी और दांदोपुर पीएचसी में करीब 20 दिन पूर्व हेल्थ एटीएम लगी है। विशुनपुरा सीएचसी में जिस दिन हेल्थ एटीएम लगी, उसी दिन कुछ स्वास्थ्यकर्मियों की रूटीन जांच हुई। उसके बाद से ही मशीन में करंट आने लगा। उसी दिन से जांच ठप है। सीएचसी पर तैनात एलटी पूनम और संतोष ने बताया कि हेल्थ एटीएम के लगने के अगले दिन से ही उसमें करंट आने के कारण जांच बंद है। लोवोल्टेज के कारण भी मशीन नहीं चल पाती है। दांदोपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर करीब 20 दिनों पूर्व हेल्थ एटीएम लगाई गई, वहां भी यही समस्या है। लोग सीएचसी पर जांच कराने आते हैं, लेकिन उन्हें लौटना पड़ता है। इसलिए मशीन का फायदा मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. जिशान आलम ने बताया कि विशुनपुरा सीएचसी और दांदोपुर पीएचसी में हेल्थ एटीएम लगी हैं, लेकिन उसमें करंट आने की वजह से जांच शुरू नहीं हो सकी है। इस समस्या से सीएमओ कार्यालय को अवगत करा दिया गया है। लोवोल्टेज की समस्या भी आ रही है।

## जनपद से 48 घंटे में विभिन्न अपराधों के 133 अभियुक्त हुए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा जनपद के समस्तक्षेत्राधिकारी ,प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्षों को विशेष अभियान के तहत वारण्टी, गैगेस्टर, वांछित, जिला बदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने का अभियान चलाकर कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिये गये थे।जिसके परिपेक्ष्य में विगत 48 घण्टे में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त 25 एवं वारंटी अभियुक्त 108 सहित कुल 133 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# अंतर्राज्यीय गौ तस्कर बिहार से गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

प्रदेश की योगी सरकार लगातार गौवंश रक्षा और संरक्षण का प्रयास मे लगी है। जिसके लिए प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि गौवंश तस्करी को रोका जाय और गौआश्रय बनाकर संरक्ष किया जाय। वही इस सब आदेश-निर्देश को हवा मे उडाकर गौ तस्कारी व गौबध रुकने का नाम नही ले रहा। कही रक्षक ही भक्षक बनकर गौवंश तस्करी को संरक्षण देकर अन्जाम तक पहुँचा रहे है। तो कही तस्कर आख मिचैली खेलकर अपने धन कमाने की हबिस पूरी कर रहे है। इसी क्रम मे पंद्रह हजार रूपये के इनामिया अंतर्राज्यीय गौ तस्कर को सदर कोतवाली पुलिस ने बिहार के कैमूर जनपद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली के उपनिरीक्षक सुमित देव पांडेय व आरक्षी नीरज कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि पंद्रह हजार का ईनामिया अंतर्राज्यीय गौ तस्कर बिहार प्रांत के कैमूर जिले में छिपा है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम कैमूर पहुंची और तस्कर को दबोच लिया। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम शकील कुरैशी पुत्र स्व. अजमुल्ला कुरैशी निवासी चैनपुर वार्ड नं. 2 थाना चैनपुर जिला कैमूर बिहार बताया। पकड़े गये गौ तस्कर को पुलिस जनपद लाई और उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 21-23 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.0 (+1.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.8 (+1.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 79 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 75 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा - उत्तर - पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# आर्मी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन नटवरलाल गिरफ्तार

## सेंट्रल जोन के थाना स्वरूप नगर पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस को मिली बड़ी सफलता

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक-युवतियों से को अपना शिकार बनाकर ठगी करने वाले तीन शातिर नटवरलालों को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के वेस्ट जोन के थाना स्वरूप नगर पुलिस ने मिलिट्री इंटेलिजेंस के सहयोग से दबोचा है। इनके पास से बड़ी मात्रा में फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं जिनका इस्तेमाल युवक-युवतियों को ठगने के लिए किया जाता था। पुलिस पूछताछ करके उनके पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है।**



### कैसे खुला राज

घटनाक्रम के मुताबिक थाना स्वरूप नगर में थाना कल्याणपुर क्षेत्र के आवास विकास में रहने वाली अनुराधा त्रिवेदी नाम की लड़की पुलिस को बताया कि उसे एक लड़का झींझक स्टेशन पर मिला जिसने अपना नाम मेजर हिमांशु शर्मा बताया उसने बताया कि ओ एनसीसी बीएन में पोस्टेड है जो कानपुर कैन्ट में है । अनुराधा को उसने यह भी बताया की वह लडकियो व लडको को टेरीटोरियल आर्मी में अस्सिटेंट में भर्ती कराता है और कहा कि तुम्हारे साथियों को भी भर्ती करा दूंगा। उसने श्रृद्धा गुप्ता अंकिता गुप्ता, प्रीती कुमारी, मोहित कुमार आदी को भर्ती करने के नाम पर 6 से 8 हजार रूपए ले लिए। जिसके बाद तत्काल उच्च अधिकारियों के निर्देश पर इन ठगों के विरुद्ध थाना स्वरूप नगर में अनुराधा की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस इनकी तलाश में जुट गई। जल्द ही सेंट्रल जोन की स्वरूप नगर पुलिस और आर्मी इंटेलिजेंस ने फजलगंज निवासी हिमांशु शर्मा पुत्र राजू शर्मा , शास्त्री नगर निवासी अंकुर पाल पुत्र अवधेश कुमार वा आदित्य कुमार राजपूत पुत्र स्व0 विजय मनोहर गिरफ्तार किया।

### क्या बोले ठग

अभियुक्तगणों से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हिमांशु आर्मी का मेजर और अंकुर आर्मी का कैप्टन बनकर बेरोजगार लडकियों एवं लड़कों को आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर बरगलाते और पैसा ऐठते थे। इस काम को करने के लिए दोनों कालेजों के बाहर घूमते रहते थे और सभी को नौकरीलगवाने का ऑफर दिया करते थे। तथा किसी को शक होने पर दोनो अलग-अलग अपने फोन से आर्मी का ब्रिगेडियर बनकर बात करते थे। तथा उसके बाद पैसा मिलने पर आदित्य की मदद से कम्प्यूटर से फर्जी नियुक्ति पत्र, आई कार्ड आदि प्रपत्र तैयार करते थे और उनको भेजते थे। तीनो के कब्जे से काफी संख्या फर्जी प्रिन्ट किये हुए नियुक्ति पत्र, आर्मी की स्टेम्प, आई कार्ड और वर्दी आदि बरामद हुये है । अभियुक्तगण के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में ये रहे शामिल

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार शर्मा, उ.नि. अरविन्द कुमार, उ.नि. कुलदीप कुमार, उ.नि. धीरेन्द्र प्रताप, का. अक्षय कुमार, का.धर्मेन्द्र कुमार, म.का. अनामिका शामिल रहे इसके अतिरिक्त मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम का भी सहयोग रहा।

**फास्ट फॉरवर्ड**

### बकरियों के आहार प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरु



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित दिलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर सोमवार को एससी एसपी योजना के अंतर्गत बकरियों के आहार प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। जिसमें पशुपालन वैज्ञानिक डॉ.शशिकांत ने बकरी पालन को किसानों के लिए एक लाभकारी व्यवसाय बताते हुए कहा कि यह कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है। उन्होंने कहा कि बकरी का दूध औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है। नवजात बच्चों को सर्वप्रथम बकरी का ही दूध दिया जाता है। उन्होंने चारे के बारे में बताते हुए कहा कि बकरी को हरा चारा, सूखा चारा और दाना खिलाया जाता है जिसमें हरे चारे का विशेष महत्व है। जिसमें प्रोटीन, खनिज मिश्रण एवं विटामिंस भरपूर मात्रा में होता है। मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने बताया कि यदि पोषक तत्व फसल को जैविक विधि से दिए जाते हैं तो उत्पादन गुणवत्ता युक्त होता है। वही उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने किसानों को कम क्षेत्रफल में सब्जी से अच्छा लाभ प्राप्त करने के बारे में बताया। इस अवसर पर केंद्र के शरद कुमार सिंह, राहुल देव , शुभम यादव एवं भगवान पाल सहित लगभग 50 से अधिक किसान मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिक ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एंव पेंशनर्स एसोसिएशन कानपुर नगर के तत्वावधान मे कोषागार कार्यालय में सोमवार को पेंशनर्स द्वारा विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी हरी राम गुप्ता एवं सत्येन्द्र कुमार सिन्हा को स्मृति चिन्ह देकर व सभी पेंशनर्स को बैच लगाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बी.एल. गुलाबिया, बेनी सिंह सचान, आर.पी. श्रीवास्तव एडवोकेट, राम औतार सचान, जगदीश मिश्रा, आनन्द अवस्थी, विशनू पाल,राजेश खन्ना, ताराचन्द्र, रविन्द्र कुमार मधुर, रामहरख, विमला मिश्रा, सरोज शर्मा, रामरानी कटियार, मंन्जू देवी, मुन्नी दुबे आदि मौजूद रहे।

## पांडु नदी में मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर थाना क्षेत्र के टिकरा चौकी अंतर्गत पांडु नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची टिकरा चौकी की पुलिस में शव को पांडु नदी से निकल पंचायत मामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सूत्रों के मुताबिक सोमवार के दोपहर टिकरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पांडु नदी में 55 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही टिकरा चौकी इंचार्ज अंकुर सांगवान अपने साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकाल। शव को नदी से बाहर निकालने के बाद शव की शिनाख्त करने की काफी कोशिश की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मवेशियों से भरा ट्रक चकेरी हाईवे पर लूटने के साथ चरवाहे का किया अपहरण

**फाइटरजी कहिन**

**जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर**

**कानपुर नगर।** एक बार फिर से जनपद उन्नाव में स्थित नामी-गिरामी मांस कंपनी अल्लाना समूह से ताल्लुक रखने वाली फैक्ट्री एग्रीकॉम में मवेशी से भरा ट्रक पहुंचने से पहले थाना जाजमऊ और चकेरी की सरहद में मजदूर को बंधक बनाने के लूट लिया गया और उसी ट्रक को मांस कंपनी में दूसरे व्यापारी के कोड पर लगाकर कम्पनी को बेच भी दिया गया। इस काण्ड को अंजाम देने में कानपुर के दो दबंग मांस व्यापारी भी शामिल है। यह कहना है अपहरण कर्ताओं के चंगुल से छूटने के बाद उस मजदूर का जिसे बंधक बना लिया गया था।



मजदूर ने मालिक से संपर्क किया और उसे सारा घटनाक्रम बताया जिसके बाद बीते दिन सोमवार को उसका मलिक कानपुर में सबसे पहले अपने वकील के साथ थाना जाजमऊ पहुंचा और जब वहां पर उसकी फरियाद नहीं सुनी गई तो पुलिस कमिश्नर से मिलने उनके दफ्तर पहुंचा था लेकिन कमिश्नर का पहला दिन होने के कारण उनसे मुलाकात ना होने पर स्टाफ ऑफिसर को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बीते दिन लगभग ग्यारह बजे कानपुर कमिश्नरेट पुलिस से संबद्ध थाना जाजमऊ जिला गढ़वा झारखंड निवासी अयूब अंसारी पहुंचा और थाना प्रभारी को अरविंद कुमार को तहरीर देते हुए बताया कि बीती 7/8 अगस्त की रात्रि को लगभग दो बजे से तीन के बीच उसके द्वारा झारखंड से उन्नाव में स्थित आधुनिक स्लाटर हाउस एग्रीकॉम कंपनी में जा रहे 34 पीस भैंस व भैंसा से भरा ट्रक कंटेनर चकेरी हाईवे पर थाना जाजमऊ की सरहद में अचानक से कंटेनर के आगे स्कॉर्पियो गाड़ी लगाकर खुद ट्रांसपोर्टर अनवर रजा ऊर्फ पप्पू खान के द्वारा रुकवाया गया और उसमे बैठे उनके चरवाहे इकबाल को उतारकर तमंचे की नोक पर अपने कब्जे में लेकर उसका अपहरण कर लिया गया और सारा माल दूसरे के कोड पर कम्पनी में बेच भी दिया गया।

### चरवाहे को कई दिनों तक बनाए रखा बंधक

अयूब ने जाजमऊ थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि जब उसका कंटेनर तय समय पर 8 अगस्त को स्लाटर हाउस में नहीं पहुंचा तो उसने खुद ट्रक मालिक अनवर रजा से संपर्क किया तो ट्रक मालिक ने उसे कहा कि तुम चिंता मत करो तुम्हारा माल पहुंच जाएगा। उधर किसी तरह 5 से 6 दिन बाद जब अयूब का चरवाहा इकबाल अनवर रजा की गिरफ्त से छूटा तो उसने आकर सारा का सारा मामला अयूब से बता डाला। इकबाल ने अयूब को यह भी बताया कि उसका अपहरण करने के बाद ट्रांसपोर्टर ने उसे अपनी गिरफ्त तो रखा ही रखा था उसी के सामने ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी और उसके बाद उसे स्कॉर्पियो में बैठा कर यह लोग सारे लोग झारखंड ले गए और वहां पर बंधक बनाकर रखा। फर्जी नंबर प्लेट के कारण आरटीओ ने लौटने के समय थाना बारा क्षेत्र में ट्रक को पकड़ कर सीज कर दिया था जहां से सेटिंग कटिंग करके ट्रांसपोर्टर ने अपनी गाड़ी को भी छुड़ा लिया। अयूब के आरोपों को मानें तो इस घटना में अनवर रजा का साथ जनपद कौशांबी के हाल पता कानपुर जाजमऊ में रहने वाले नियाज़ और असलम ने भी दिया है। उन्हीं के कोड पर मांस कंपनी में मवेशियों को बेचा गया है।

### अल्लाना ग्रुप का विवादों से रहा है पुराना नाता

जनपद उन्नाव में अल्लाना ग्रुप के समूह की दो मांस कंपनियां हैं एक का नाम एंडार्गो और दूसरी का नाम एग्रीकॉम है। पूर्व में भी कई ऐसे मामले हुए हैं जहां पर चोरी के मवेशी ले जाकर लोगों कंपनियों में कटवा दिए हैं। कई मामलो में मुकदमें भी दर्ज़ हुए हैं और कई मामलों समझौते भी हुआ है।

### पुलिस ने टरकाया तो पीड़ित पहुंचा कमिश्नर के दफ्तर

इस मामले में पीड़ित का कहना है कि जब जाजमऊ कोतवाल ने उनके थाना क्षेत्र की सीमा में घटना न होने की बात कही तो वह सीधे पुलिस कमिश्नर के दफ्तर पहुंच गए जहां पर पुलिस कमिश्नर से तो मुलाकात नहीं हो सकी लेकिन उनके स्टाफ ऑफीसर अशोक कुमार को उनके द्वारा पत्र सोपा गया है। स्टाफ ऑफिसर ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही वह इस मामले में जांच करवा कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

# विश्व उद्यमिता दिवस पर मुख्य अतिथि ने छात्रों से अपने अनुभव किए साझा



**जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा**

**कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय एवं छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा सोमवार को विश्व उद्यमिता दिवस मनाया गया। बताते चलें कि यह कार्यक्रम भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आत्मनिर्भर भारत आंदोलन को सहयोग कर युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने का काम करेगी। इस अवसर पर कुलपति ने छात्रों से नवीन विचारों और नए प्रयोगों के साथ आने और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करके उद्यमिता की भावना को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर बी.वी. फानी और सुधींद्र जैन ने छात्रों से अपने अनुभव साझा किए। प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने पर्यावरण और स्थिरता की भूमिका पर विशेष ध्यान देने के साथ जिम्मेदारी भरी उद्यमिता की भूमिका विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव ने और कार्यक्रम संचालन डॉ. सिधांशु राय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर सुधांशु पंड्या, प्रो.अंशू यादव, डॉ. शिल्पा कायस्था, अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. दिव्यांश शुक्ला, डॉ. मयंक जंदल और सभी संकाय सदस्यों और एसबीएम के 200 से अधिक छात्र मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर करते थे ठगी, चढ़े पुलिस के हत्थे



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

प्रधानमंत्री मुद्रा लोन आसानी से दिलाने का झांसा देकर भोले भाले लोगों को ठगने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 8 सदस्यों को वेस्ट जोन के थाना चौबेपुर पुलिस एवं सर्विलांस की टीम ने दबोच लिया है। अभियुक्तों से पूछताछ कर पुलिस टीम में ठगी के पूरे नेटवर्क को खंगालने का प्रयास कर रही हैं।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सभी लोग कानपुर नगर व आस-पास के जनपदो जैसे-कानपुर देहात, चित्रकूट, जौनपुर, बांदा, हरदोई, पीलीभीत, बहराइच, मिर्जापुर आदि जिलों में मुद्रा लोन के फर्जी पम्पलेट सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करवाते थें, जिसके बाद भोले-भाले लोग जिन्हे लोन की आवश्यकता होती थी वह पम्पलेट पर दिये गये मोबाइल नम्बर पर इन लोगो से सम्पर्क करते थे जिसके बाद यह लोग भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे पैसा अपने बताये गये कई खातों में मंगा लेते थे और लोन से सम्बन्धित फर्जी प्रपत्र तैयार कर मुद्रा लोन के आंकाक्षी लोगों को भेज देते थे और इसी तरह अब तक कई लोगों के साथ यह गिरोह लाखों की ठगी कर चुका है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आलोक सिंह, तनिष्क कटियार, रजत कटियार राहुल, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, गोपीचन्द्र, प्रेम कुमार समृद्धि सिन्हा के रुप में हुई है।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

निरीक्षक गौतम सिंह, वरिष्ठ उ0नि0 विनोद कुमार मिश्रा, उ0नि0 शिववीर सिंह, उ0नि0 रामजस, उ0नि0 शोकिन्द्र भाटी, उ0नि0 मनीष कुमार गौड़, हे0का0 प्रदीप कुमार, हे0का0 राजवीर सिंह, का0 ताराचंद्र, का0 शैलेश, म0क0 अमिता, उ0नि0 शिव प्रताप सिंह प्रभारी एसओजी पश्चिम जोन, उ0नि0 शुभम् यादव प्रभारी साइबर सेल पश्चिम जोन, हे0का0 सैय्यद मो0 इमरान स्वाट टीम पश्चिम जोन, हे0का0 हरिओम् स्वाट टीम पश्चिम जोन, का0 अवधेश स्वाट टीम पश्चिम जोन का0 धर्मेंद्र सर्विलांस टीम पश्चिम जोन, का0 परशुराम सर्विलांस टीम पश्चिम जोन, का0 संजय सर्विलांस टीम पश्चिम जोन, का0 मुन्ना पश्चिम साइबर सेल जोन टीम, का0 सतनाम साइबर सेल पश्चिम जोन टीम शामिल रहे।

# आईटीआई पाण्डु नगर में रोजगार मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई बिल्हौर के प्रधानाचार्य मयंक मिश्र द्वारा मुख्य अतिथि पार्षद फजलगंज नीरज और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कानपुर नगर संजय विश्वकर्मा को बुके भेट कर उनका स्वागत किया गया । इस रोजगार मेले में 4 कंपनियों ने प्रतिभाग करने वाले लगभग 110 बच्चो मे 43 बच्चों को चयनित किया गया। इस अवसर पर प्लेसमेंट प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय, विभव शुक्ला, प्रखर शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे ।



# खतरा : चेतावनी बिंदु से 3 सेंटीमीटर ऊपर पहुंचा गंगा का जलस्तर

## ख्यौरा कटरी के भगवानदीन पुरवा भोपालपुरवा, चंदीपुरवा, गिल्लीपुरवा, शिवदीनपुरवा, गांव तक गंगा का पानी पहुंचा





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पहाड़ी क्षेत्रों पर लगातार हो रही बारिश की वजह से नरौरा सहित हरिद्वार से भी लगातार पानी छोड़े जाने की वजह से गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से 3 सेंटीमीटर ऊपर से होकर बह रहा है। गंगा के बढ़ते जलस्तर और कटान को लेकर कटरी क्षेत्र की जनता की रातों की नींद हराम हो गई है। क्षेत्र की जनता में दहशत का माहौल है। वहीं जिलाधिकारी पूरे बाढ़ क्षेत्र की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। साथ ही साथ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। के बाल चौकिया को सक्रिय किया जाए।

आपको बताते चलें गंगा बैराज पर चेतावनी बिंदु 113.00 मीटर और खतरे का बिंदु 114 मीटर है। नरौरा और हरिद्वार बांध से लगातार पानी छोड़े जाने की वजह से गंगा के जलस्तर में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। वर्तमान समय में गंगा नदी चेतावनी बिंदु से 3 सेंटीमीटर ऊपर से होकर बह रही हैं। यदि भी कहा जा सकता है कि गंगा नदी ने खतरें के बिंदु को पार कर लिया है। गंगा बैराज स्थित सिंचाई विभाग के ऑफिस के गेज रीडर उत्तम पाल ने बताया के बीते दिन सोमवार को नरौरा बांध से 1,55238 व हरिद्वार 84165 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वही कानपुर से 399588 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान समय में गंगा बैराज के गेज की स्थिति 114.56 अप व 114.3 डाउन स्थिति है। गंगा बैराज के सभी गेट खुले हुए हैं जिसकी वजह से शुक्लागंज क्षेत्र में भी गंगा के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। ख्यौरा कटरी से जुड़े हुए सभी गांव में गंगा का पानी तेजी से पहुंच रहा है। उधर चैन पुरवा गांव को जाने वाले मार्ग का पूरी तरीके से संपर्क टूट गया है। लिधौरा के प्राथमिक स्कूल गंगा के पानी में आधा डूब गया है। गंगा नदी में कटान शुरू होने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। अब ग्रामीण अपने घरों का सामान समेटने में जुड़ गए हैं।

### भोपाल पुरवा व भगवानदीन पुरवा का सड़क संपर्क टूटा

गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर ने ग्रामीणों के माथे पर चिंता की रेखा खींच दी है। गंगा के जलस्तर ने अब विकराल रूप धारण कर लिया है। ख्यौरा कटरी के मजरे भगवानदीन पुरवा व भोपाल पुरवा को जाने वाले रास्ते का संपर्क टूट गया है। इन गांव के रहने वाले ग्रामीणों ने गंगा बैराज सिंहपुर हाईवे पर जगह घेरना शुरू कर दिया है। इन गांवों के ग्रामीणों ने किसी तरह बंधा बनाकर अब तक गंगा नदी के पानी को घरों में घुसने से रोक रखा है। लेकिन जिस प्रकार गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है वह दिन दूर नहीं की इन गांवों के घरों में गंगा का पानी पहुंच जाएगा।

### गंगा का जलस्तर अन्य गांव के ग्रामीण के बढ़ा रहा चिंता

नरौरा बांध और हरिद्वार बांध से लगातार छोड़े जा रहे हैं पानी की वजह से कटरी के सात मजरो, गिल्ली पुरवा, दुर्गापुरवा, शिवदीन पुरवा, भोपाल पुरवा, चंदी पुरवा, लक्ष्मण पुरवा, में रहने वाले ग्रामीणों की चिंताएं बढ़ा कर रख दी है। अब उन्हें यह चिंता सता रही है कि कहानी 2010 की तरह फिर से उन्हें अपना घर, अपना मकान छोड़कर गंगा बैराज सिंहपुर हाईवे पर झोपड़ी बनाकर तो नहीं रहना पड़ेगा।

### गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखकर जिला प्रशासन अलर्ट पर

जिलाधिकारी कानपुर नगर विशाख जी के द्वारा लगातार गंगा के बढ़ते जल स्तर को लेकर के मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही साथ उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि गंगा के बढ़ते जलस्तर से शहर में आने वाली समस्या को लेकर के पहले से ही कमर कस के तैयार हो जाएं। बाढ़ क्षेत्र में प्रतिदिन जाकर ग्रामीणों की समस्याओं को देखा जाए। साथ ही साथ बाढ़ चौकियों को भी एक्शन मोड पर रखा जाए। ताकि बाढ़ से होने वाली हर समस्या से निपटा जा सकें।

# भाजपा की डबल इंजन सरकार में विकास से अछूता रायबरेली: अभिषेक यादव

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आहवान पर देश बनाओ देश बचाओ समाजवादी साइकिल यात्रा के 13वें दिन बछरावां कस्बे में हरी झंडी दिखाकर जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम सुन्दर भारती ने रवाना किया।
यात्रा का नेतृत्व समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने बछरावां, थुलेण्डी, हरदोई, सलेथू, महराजगंज, थुलवांसा, त्रिपुला चौराहा पर जनसभाओं के माध्यम से कहा कि भाजपा राज में भ्रष्टाचार एवं आमजनों का उत्पीड़न चरम पर है। विकास के नाम पर रायबरेली की सड़कें टूटी एवं क्षतिग्रस्त हैं। स्थानीय नहरों में पानी नहीं आ रहा है, किसान बेबस एवं निराश है, जनपद विकास से अछूता है। साईकिल यात्रा में साइकिल चलाते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि रायबरेली का विकास समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ था।
वर्तमान भाजपा सरकार के मंत्री, विधायक घमण्ड एवं पाखण्ड में मस्त हैं, जनता से सरोकार नहीं है। आमजन पीड़ित एवं दुःखी है। क्षेत्रीय विधायक श्याम सुन्दर भारती ने सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सरकारी अधिकारी कर्मचारी बेलगाम एवं तानाशाही व्यवहार पर उतारू है। समाजवादियों के साथ भेदभाव एवं नकारात्मक व्यवहार उनके कर्तव्यों में हो गया है।
साइकिल यात्रा में लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राघवेन्द्र यादव, बृजेन्द्र चौधरी, इं. अभिषेक यादव, सत्यम बाजपेयी, राजेश मौर्या, अविनाश विद्यार्थी, देशराज यादव, भानू प्रकाश पटेल, सभा यादव, राजकुमार चौधरी, शैलेन्द्र यादव, देवता पासी, शकील मंसूरी, विनय यादव, आफताब आलम, राजू यादव, प्रमोद पटेल, वीरेन्द्र बहादुर, जीतेन्द्र यादव, फिरोज अहमद, शिवम भट्टा, अंकित भारती, अवधेश पाठक, गुरूप्रसाद, राजीव गौतम, मनीष अमावां, विनायक सोनकर, संदीप शुक्ला, योगेश्वर पटेल, छोटेलाल पाठक सहित सैकड़ों समाजवादियों ने साइकिल चलाकर अखिलेश यादव का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

## अत्याधुनिक सुविधायुक्त पैथनेट हेल्थ केयर पैथोलॉजी सेंटर का किया गया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** पैथनेट हेल्थ केयर पैथोलॉजी सेंटर का भव्य शुभारंभ सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ डॉ0 आर. एस. अग्रवाल ने फीता काटकर पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर डा.रोहित हसानी, डा. गौरव मिश्रा, डा. आशीष पांड़े आदि लोग उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के दौरान संस्था के मालिक शाहिद कुरैशी ने कहा कि पैथनेट हेल्थ केयर पैथोलॉजी खुलने से दूर-दराज से आयें सभी मरीजों को लाभ मिलेगा उनको कहीं भटकना नही पडेगा, वही सभी तरह के एक्सरे और पैथोलॉजी के क्षेत्र में अपनी सभी जांच मरीज आसानी से करा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान मनोज, अली ईमाम, राहुल, तौसीफ अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रिटायर्ड दरोगा का बेटा किया गया सुपुर्द-ए खाक

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

रिटायर्ड दरोगा के पुत्र सफदर इमाम का शव गोसाईगंज थानाक्षेत्र के सुरौली स्थित उसके पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए खाक कर दिया गया। हजारों की संख्या में लोगों ने जनाजे की नमाज अदा की। घर से कब्रिस्तान के लिए जनाजा चला था तो गांव में कोहराम मच गया। हर आंख छलक उठी। सफदर पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। पिछले वर्ष नंवबर में उसकी शादी हुई थी। वो इलेक्ट्रिक का काम करता था। उसके दो भाई, सबसे बड़े हसन इमाम व सबसे छोटा असगर इमाम आर्मी में हैं। दोनों भाई पहुंचे तो फूट-फूट कर रोए। जनाजा घर से उठकर इमाम बाड़े गया जहां मौलाना हसन मेंहदी मीर पुरी ने मजलिस पढ़ी। उसके बाद गांव के अंदर मस्जिद सज्जादिया के पास खेत में जनाजे की नमाज हुई। उधर सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच व गोसाईगंज और जयसिंहपुर कोतवाली की पुलिस वर्क आउट के लिए जुटी है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने काफी हद तक घटना से संबंधित साक्ष्य जुटा लिए हैं। कुछ संदिग्धों को कल से ही हिरासत में लेकर पुलिस लगातार पड़ताल कर रही है। स्वयं एसपी सोमेन वर्मा पूरे मामले की जानकारी ले रहे हैं। सूत्रों की माने तो शूटर आसपास के ही क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। ऐसे में पुलिस अपराध जगत से जुड़े लोगों की कुंडली खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि सुरौली गांव निवासी मृतक सफदर इमाम लाइट मैकेनिक था। वो रविवार सुबह घर से काम पर गया था कि कुछ समय बाद गांव से थोड़ी दूर पर बरूई गांव के पास उसे गोली मार दी गई।

# एन0एस0पी0एस0 में गुड़िया पीटकर मनाया गया 'नागपंचमी' का पर्व

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में पौराणिक परम्परा के अनुसार नागपंचमी का पर्व मनाया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में नागदेवता की पूजा-अर्चना के साथ विद्यालय के छात्रों ने गुड़िया पीटकर पौराणिक परंपरा का निर्वहन किया।
पौराणिक मान्यता के अनुसार नागराज तक्षक की अन्तिम इच्छा पूर्ति के लिए महाराज जनमेजय द्वारा गुड़िया पिटवाये जाने की परंपरा लोक प्रचलित है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा उन्नति शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नागपंचमी मुख्य रूप से नाग पूजा का पर्व है। इस दिन नाग देवता को दूध पिलाकर उनसे सुख शांति की कामना की जाती है, इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा- अदिती, अलंकृता, वैष्णवी, वृन्दा, आद्या, जाह्नवी, माही, मन्नत ने लोक-नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।
कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत त्योहारों का देश है और यहाँ प्रत्येक त्योहार मनाए जाने के पीछे एक विशेष कारण है, हमारी भारतीय परम्परा में पशुओं, नागों एवं वृक्षों की पूजा उनके प्रति आदर एवं प्रेम का प्रतीक है। विद्यालय में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय त्योहारों के विषय में सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकरी देना है, इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित रहते हुए पूर्ण लगन और परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती पिंकी जायसवाल के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा आयुषी मिश्रा और अपर्णा मौर्य ने किया।
इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति, उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, सी0एस0 दास मिश्र, संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अवधेश कुमार शर्मा, रामदेव शर्मा, राकेश अवस्थी, बालजी पाण्डेय, मनीष कुमार तिवरी, बी0एस0 त्रिवेदी, अभिषेक भारद्वाज, राम किशोर, अभिषेक श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र शुक्ला एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा वादियों के हितों को लेकर पत्रावलियां वापस लाये जाने को लेकर किया गया नारा बुलंद

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली द्वारा कुछ अधिवक्ताओं का पैनल बनाकर एक प्रतिनिधिमंडल माननीय जिला जज महोदय रायबरेली, माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्चन्यालय एवं माननीय मुख्य न्यायमूर्ति उच्चन्यालय से मिलकर अधिनियम के विरुद्ध भेजी गई पत्रावलियों को त्वरित गति से वापस मंगाने हेतु चर्चा की जानी चाहिए ताकि वादकारियों का हित हो सके लेकिन ऐसा ना करके ग्राम न्यायालय को वापस लिए जाने के नारे बुलंद किए जाते हैं जो नितांत अनुचित है। धारा-13 के अनुसार उक्त अधिनियम की द्वितीय अनुसूची के भाग-1 में वर्णित सिविल विवाद, संपत्ति विवाद एवं अन्य विवाद की पत्रावालियां ही ग्राम न्यायालय को अंतरित की जानी चाहिए परंतु दीवानी न्यायालय के कार्यालयों द्वारा तहसीलवार को सभी प्रकार की पत्रावलियां भेज दी गईं हैं और आगे भी भेजने का प्रयास है जो ग्राम न्यायालय अधिनियम के विरुद्ध है।

# 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम से युवा पीढ़ी में देशप्रेम की एक नई चेतना जागृत हुई: रंजना चौधरी

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रयागराज द्वारा राजकीय इंटर कालेज रायबरेली में आयोजित दो दिवसीय समेकित जनसंपर्क कार्यक्रम **मेरी माटी, मेरा देश** का शुभारम्भ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रायबरेली श्रीमती रंजना चौधरी ने कहा कि मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम से युवा पीढ़ी में देशप्रेम की एक नई चेतना जागृत हुई है। आज देश की सबसे बड़ी ताकत युवा वर्ग की है।
इस अभियान ने युवा वर्ग में देश की माटी का महत्व, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को समझने का एक सुअवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि देश भर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने छात्रों से कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवा वर्ग की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ऐसा आचरण करें की उनके विद्यालय और परिवार दोनों का नाम रोशन हो। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी को बहुत ही उपयोगी बताया।
उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी प्रदान कर रही है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पंच प्रण की प्रतिज्ञा भी दिलायी। **मेरी माटी, मेरा देश** मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन जन जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाल कर किया। तिरंगा यात्रा को कालेज के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार व अभिमन्यु कुमार असिसटेंट कमाण्डेंट आईटीबीपी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।
कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि अभिमन्यु कुमार असिसटेंट कमाण्डेंट आईटीबीपी ने कहा की मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम से मिट्टी को नमन वीरों को वंदन करने का जन जन को एक सुनहरा अवसर मिला है और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों का आत्मसम्मान बढ़ा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार ने कहा की मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम में लगी चित्र प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक व उपयोगी है। कार्यक्रम से विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास करने का अवसर देने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रयागराज का कार्य सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान **मेरी माटी, मेरा देश** पर ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक राम मूरत द्वारा प्रश्नोत्तरी व निबंध प्रतियोगिता संचालित की गयी तथा विजयी प्रतिभागियों को विभाग की ओर से अतिथियों द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समन्वित बाल विकास सेवा व पंचायत राज विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतीक श्रीवास्तव व कालेज के अध्यापकगण सहित उमेश कुमार, प्रदीप सिंह, सुरेन्द्र कुमार, कृष्ण सिंह, शेखर चन्द्र, योगेश कुमार, शिवदेन शर्मा, मो0 कैफ, सरोज कुमार, आशीष कुमार सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्यूरो के राम मूरत द्वारा किया गया।

# दबिश में पकड़ी गई अवैध शराब 2 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



अवैध व जानलेवा शराब के कारोबारियों के विरूध आबकारी विभाग लगातार अभियान चला रहा है साथ ही अवैध शराब के सेवन से होने वाले नुकसान व शरीर पर पड़ने वाले दुष्परिणाम को लेकर विभाग जन-जागरण अभियान भी चला रहा है।
आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया कि सोमवार को थाना गोसाईगंज क्षेत्र के टाटिया नगर सैफुल्लागंज में दबिश देकर दो अवैध शराब कारोबारियों को दबोचा गया,जिनके पास से 44 लीटर अवैध शराब, चार कुंटल लहन व शराब बनाने के उपकरण मिले। मौके पर पकडी गई अवैध शराव, लहन व उपकरण को नष्ट करते हुए दो लोगों पर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया।
आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की आबकारी आयुक्त उ.प्र.के आदेश के क्रम में व जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में अवैध शराब और इसके कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा लगातार लाईसेंस धारक दुकानों पर आकस्मिक निरीक्षण कर स्टाक, बारकोड एवं क्यूआर कोड़ स्कैन कर वास्तविकता की जांच की जाती है तथा मौजूद लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में सचेत भी किया जाता है।

# प्रमुख सचिव के पत्रकारों को नोटिस सबंधी आदेश से पत्रकारों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



पत्रकारों को नोटिस संबंधी प्रमुख सचिव के आदेश के खिलाफ पत्रकार महासंघ सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। संगठन की ओर से शासन को संबोधित मांगो का ज्ञापन डीएम जसजीत कौर को सौंपा गया'।
उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद द्वारा मंडलायुक्त एवम जिलाधिकारियों को पत्रकारों द्वारा नकारात्मक खबरों के प्रसारण पर नोटिस भेजने संबंधी आदेश के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ एक जुट हो गया है।
सोमवार को जिला संयोजक नरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में संगठन के दर्जन भर पत्रकारों ने इस तानाशाही आदेश के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति, चीफ जस्टिस आफ इंडिया, मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र जिलाधिकारी जसजीत कौर को सौंपते हुये कहा कि सरकार के निर्देश पर शासन अब चौथे स्तंभ को कमजोर करने में लग गया है। शासन की मनमानी से पत्रकारों में आक्रोश है। मंडल अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी ने कहा कि 'लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में स्थापित मीडिया को उसके दायित्वों पर अंकुश न लगाया जाये। इस प्रकार के आदेश से संविधान में प्रदत्त मूल अधिकारों का हनन होगा। जिला संयोजक नरेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि किसी भी कीमत पर पत्रकारों के निजता का हनन नही होने दिया जाएगा।
संगठन इसको लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। ज्ञापन में प्रमुख सचिव के आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा गया है कि अगर आदेश वापस नहीं लिया गया तो बड़े स्तर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ विशाल धरना प्रदर्शन करेगा। यहां पर संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ.अशोक मिश्रा, संजय तिवारी, नारायण राय, श्रीप्रकाश पांडे, केके मिश्रा, सूर्य प्रकाश तिवारी, मनोज शुक्ल समेत संगठन के दर्जन भर पत्रकार उपस्थित रहे।

## समाचार पत्र बिक्रेताओ को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बहुरांवा बाजार में समाज सेवी पीरौसरैया प्रधान प्रतिनिधि विक्रम प्रताप सिंह ने क्षेत्र के समाचार पत्र विक्रेताओ को स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी त्योहार के अवसर पर अंग वस्त्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया। समाचार पत्र विक्रेताओ ने उनके कार्यो की सराहना की। समाज सेवी विक्रम सिंह गोलू ने समाचार पत्र एजेंसी के हाकर उमा शंकर दूबे, राजमणि दूबे, सुरेश यादव, बद्री, अगम दूबे समेत दर्जनों बल्दीराय तहसील के समाचार पत्र बिक्रेताओ को मिष्ठान तथा अंग वस्त्र भेंटकर उन्हे सम्मानित किया। समाजसेवी विक्रम सिंह ने कहा कि समाचार पत्र के बिक्रेताओ को हमे ठंडी गर्मी बरसात चाहे जो मौसम हो समय से अखबार मुहैया हो जाता है। समाचार पत्र से देश विदेश का समाचार प्राप्त होता है। समाचार पत्र विक्रेताओं का योगदान समाचार पत्र के में बहुत है। जो अपने परिवार को छोड़कर लोगो तक समाचार पत्र पहुंचाने का कार्य करता है। इस अवसर पर क्षेत्र के रंजीत सिंह, अमित सिंह, राजेन्द्र यादव, रूपेश दूबे सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डीएम ने वितरित किया तिरपाल



जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

रेड क्रॉस सोसाइटी सुल्तानपुर ने नगर के गोलाघाट मुहल्ले में सड़क के किनारे खुले आसमान में रहने धरकार बिरादरी के लोगो को तिरपाल बांटे। धरकार समाज जिनको बांसफोड भी कहते है। शादी विवाह के सगुन लेकर हिंदू समाज की अंतिम क्रिया में बनने वाले तिट्ठी को बनाकर समाज के लिए अपनी सेवा देते है। धरकार बिरादरी यूं तो घुमंतू जातियों की तरह जीवकोपार्जन के लिए, बांस की तलाश में, अपने डेरे बदलती रहती है तथा सपरिवार झुंड बनाकर सड़कों के किनारे अस्थायी डेरा डालकर रहने को मजबूर रहते है।
आज विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी सुलतानपुर की अध्यक्ष/जिलाधिकारी महोदया जसजीत कौर के हाथो सड़क पर रहने वाले बिरादरी के सभी लोगो को पानी से बचने के लिए तिरपाल उपलब्ध कराया गया । जिलाधिकारी ने कमजोर वर्ग के लोगो को हर तरह से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। रेड क्रॉस सोसाइटी सुल्तानपुर के चेयरमैन ने बताया कि धरकार बिरादरी के सभी लोगो को प्रति वर्ष बरसात में तिरपाल का वितरण सोसाइटी द्वारा किया जाता है। वितरण में रेड क्रॉस के सचिव जय प्रकाश शुक्ल, लीगल एडवाइजर अरविंद त्रिपाठी, आपदा प्रबंध अध्यक्ष डॉ0 चंद्रभान सिंह, महिला सशक्तिकरण महिला विंग सचिव श्रेया दुबे, जान्हवी शुक्ला नन्दनी पाण्डेय, आपदा प्रबंधन सचिव इरसाद बार एसोसिशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्या भूषण पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# हेराफेरी कर मृतकों के खाते से लाखों कराए ट्रांसफर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस | तिलोई, अमेठी

विकासखंड तिलोई के शाहमऊ कस्बे में संचालित बडौदा यूपी बैंक में फर्जी दस्तावेजों के सहारे मृतकों के खाते से एक लाख सत्तर हजार रुपए ट्रांसफर कराने का मामला उजागर हुआ है।शाखा प्रबंधक ने पूर्व ब्लाक प्रमुख के खिलाफ मोहनगंज थाने में केस दर्ज कराया है।
थाना मोहनगंज क्षेत्र के बड़ोदा यूपी बैंक शाखा शाहमऊ में पांच मृतकों के खाते से पूर्व ब्लाक प्रमुख तिलोई तमीम फातिमा के फार्म न्यू असद ब्रिक फील्ड के नाम पैसा हुए ट्रांसफर पर बैंक मैनेजर ने पूर्व प्रमुख पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।बड़ौदा यूपी शाखा शाहमऊ के बैंक मैनेजर संजय कुमार सक्सेना द्वारा थाने में लिखित तौर पर दर्द कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि पूर्व प्रमुख तमीम फातिमा के फॉर्म न्यू असद ब्रिक फील्ड के खातों में मृतक रामकली पत्नी राम अवतार रामराज पत्नी ठाकुर दीन,भीखन देवी पत्नी महाराज दीन, बृजलाल पुत्र दाता दीन रामप्यारे पुत्र पुत्तू के खातों से अपने फर्म के नाम कूट रचित कागजातों के माध्यम से पैसे ट्रांसफर कर लिए गए थे। दबाव बनाकर धनराशि तो वापस कर ली गई। लेकिन प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिस पर थाना मोहनगंज पुलिस ने पूर्व प्रमुख तमीम फातिमा के खिलाफ थाने में 420, 467, 468, 471 आईपीसी की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।
इस संबंध में थाना अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया की बैंक मैनेजर संजय कुमार सक्सेना की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।
जिसकी विवेचना सीओ तिलोई करेंगे। वहीं जब पूर्व प्रमुख तमीम फातिमा से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि तत्कालीन बैंक मैनेजर शाहमऊ द्वारा गलती से मेरे फॉर्म के नाम पैसे ट्रांसफर हो गए थे। जिन्हें बैंक मैनेजर द्वारा सुधार करके पुनः उन्हें खातों में पैसे वापस कर दिए गए। परंतु राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते मेरे ऊपर तथाकथित लोगों द्वारा बैंक मैनेजर से दबाव बनाकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। इस प्रकरण मैं मेरी कोई भूमिका नहीं है।

## जनपद स्तर पर समाधान दिवस 28 को

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन एवं अन्य सेवा नैवृत्तिक देयकों इत्यादि के लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद स्तर पर पेंशन व अन्य देयकों सम्बन्धी समाधान दिवस अट्ठाइस अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि पेंशन समाधान हेतु सम्बन्धित सेवा निवृत्त कर्मचारी जनपद कार्यालय पर निर्धारित प्रारूप पर प्रत्यावेदन के आधार पर पेंशन सम्बन्धित समस्त समस्याओं का निस्तारण तथा 28 अगस्त को जिला कार्यालय में पेंशन सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सम्बन्धित अधिकारी,कर्मचारी गण जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सैंठा रोड गौरीगंज अमेठी में उपस्थित होकर अपने लम्बित समस्त देयकों का निस्तारण करा सकते हैं।



# पवित्र सावन मास में शिव मंदिरों में हो रहा रुद्राभिषेक

जन एक्सप्रेस | बाजार शुक्ल, अमेठी

सावन मास में शिवालयों में रोजाना भोलेनाथ के दर्शन को भक्तों का तांता देखा जा रहा है।वहीं देवाधिदेव महादेव के मंदिरों में रुद्राभिषेक के लिए भी बड़ी संख्या में शिवभक्तों का आगमन हो रहा है। मंदिरों व शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक को लेकर वृहद आयोजन देखे जा रहे हैं। शिव भक्तों द्वारा मंदिरों में सामूहिक रुद्राभिषेक भी कराया जा रहा है तो कहीं एक साथ वैदिक विद्वानों द्वारा यजमानों का पृथक अभिषेक का आयोजन कर भगवान भूतभावन को प्रसन्न किया जा रहा है।सुबह से ही शिवमंदिर हर -हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान होते दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ ही जलाभिषेक दुग्धाभिषेक को लेकर भक्तों की टोलियां शिव मंदिरों पर पहुंचती देखी जा रही हैं। श्रावण मास के पावन अवसर पर कस्बा स्थित प्रतिष्ठित शिव मंदिर परिसर में राजेश पाल रवि पाल शिव भक्तों द्वारा जन कल्याण हेतु सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। भक्त मंदिरों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए बाबा के जयकारे लगाते देखे गए हैं। सावन मास में शिवभक्तों की टोलियों का उत्साह देख सभी भक्तजन अभिभूत हो रहे हैं। वैदिक अनुष्ठानों से संपूर्ण क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंका

## वकील की ड्रेस में आया युवक, कार्यकर्ताओं ने जमकर पीटा, अखिलेश बोले, बीजेपी कार्यकर्ता होगा

* महंत राजू दास बोले- स्वामी प्रसाद मौर्या का किसी ने जूते से स्वागत किया उनको साधुवाद
* सरकारी वाहन तक नहीं मिला, आरोपी को ऑटो से ले गई पुलिस



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मऊ में स्याही कांड के बाद अब लखनऊ में जूता कांड हुआ है। सोमवार को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को युवक ने जूता फेंककर मारा है। वह सपा के पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में शामिल होने के लिए इंदिरा प्रतिष्ठान पहुंचे थे। कार से उतरकर वह अंदर जा रहे थे, तभी वकील की ड्रेस में आए युवक ने जूते से उन पर हमला कर दिया। जूता स्वामी प्रसाद को छूता हुआ दूर गिरा। कार्यक्रम में पहुंचे अखिलेश यादव ने जूता कांड को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, बीजेपी क्या करेगी चुनाव से पहले किसको पता, कुछ भी होगा। ये सरकार एक कंपनी को हायर करके अपने झूठ को सच बनाना चाहती है। वो नंबर 1 सिर्फ इसलिए हैं क्योंकि वो मीडिया को नंबर 1 दे रहे हैं। कहा-बीजेपी जीरो टॉलरेंस की बात करती है तो जूता फेंकने की क्या जरूरत पड़ रही है। उन्होंने कहा, जो कार्यकर्ता मऊ में था वो भारतीय जनता पार्टी का था। यहां भी कहीं न कहीं भाजपा का कार्यकर्ता होगा। इसलिए भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है, घबराई हुई है कि जनसमर्थन अब उनसे हट रहा है। उन्हें 10 साल दिल्ली के, यूपी के 7 साल का हिसाब किताब देना है।

### स्वामी प्रसाद मौर्या का विवादों से रहा है पुराना नाता, आइए जानते हैं कब-क्या कहा...

- 22 जनवरी को एक न्यूज चैनल पर रामचरित मानस को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने अभद्र टिप्पणी की थी जिसे लेककर शिवेंद्र मिश्रा ने दो दिन बाद मौर्या पर धार्मिक भावनाएं आहत करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने केस की विवेचना के दौरान वीडियो बयान की जांच कराई। आरोपों की पुष्टि के बाद बयान लेने के बाद विवेचना पूरी कर चार्जशीट दाखिल की गई।
- 13 फरवरी को सोनभद्र के मऊकलां में बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री को लेकर आपत्तिजनक बयान दिए। ट्वीट के जरिए कहा था, अभी हाल में मेरे दिए गए बयान पर कुछ धर्म के ठेकेदारों ने मेरी जीभ काटने एवं सिर काटने वालों को इनाम घोषित किया है, अगर यही बात कोई और कहता तो यही ठेकेदार उसे आतंकवादी कहते, किंतु अब इन संतों, महंतों, धर्माचार्यों व जाति विशेष लोगों को क्या कहा जाए आतंकवादी, महाशैतान या जल्लाद।
- 15 फरवरी को लखनऊ के एक पांचसितारा होटल में आयोजित डिबेट के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य और अयोध्या के महंत राजूदास के बीच हाथापाई हुई। राजूदास का आरोप था कि सपा नेता ने उन्हें भगवा आतंकवादी कहा था जिसका उन्होने विरोध किया था।
- 13 मार्च को सपा नेता ने अपने कहा, ये घी चपोड़ी पूड़ी खाते-खाते पूरे शरीर में इतनी चर्बी है कि इनकी हड्डियां दिखाई नहीं पड़ी हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य छह बार कैबिनेट मंत्री की शपथ ले चुके हैं। तीन बार नेता विरोधी दल रहे उसमें भी कैबिनेट मंत्री का दर्जा होता है। अभी मैं अगर अपनी अंडरवियर उतार दूं तो आप स्वामी प्रसाद मौर्य की सारी हड्डियां गिन लेंगे।
- 3 अप्रैल को रायबरेली में गौरा विकास क्षेत्र में आयोजित कांशीराम प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में स्वामी ने 1993 वाला नारा दोहराया. शहर कोतवाली में हिंदू युवा वाहिनी के मारूति त्रिपाठी ने धार्मिक भावनाओ को भड़काने का मुकदमा दर्ज करा दिया।
- 18 जून को फिल्म आदिपुरुष को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया कि जो कल तक मेरी हत्या करने, धड़ से सिर अलग करने, तलवार से सिर काटने, जीभ काटने, नाक-कान व हाथ काटने के लिए उतावले हों गए थे, उनकी बोलती आज बंद क्यों है? इसलिए न की मनोज मुंतशिर और ओम राऊत ऊंची जाति के हैं।
- 31 जुलाई , स्वामी ने ये कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि बद्रीनाथ, केदारनाथ और जगन्नाथपुरी पहले बौद्ध मठ थे, इसे लेकर उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने तल्खी जताई थी।

### राजभर बोले, ये सपाई खुद कर रहे हैं

जूता कांड को लेकर ओपी राजभर ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, पिछड़ों का सपा में सम्मान नहीं है। दलितों का सम्मान नहीं है। 4 बार की सरकार में इन्हें धोखा दिया। ये सम्मेलन ओबीसी और दलित को धोखा देने के लिए बुलाया गया। ये सपाई खुद कर रहे हैं। जिसने स्याही फेंका था, उसकी अखिलेश जी के साथ फोटो वायरल हो गई। यह घटना इस बात की नजीर है कि एक बड़े नेता सपा के राष्ट्रीय महासचिव के आने पर सपाई कह रहे हैं कि मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है? जूता कांड के बाद अयोध्या के महंत राजू दास ने कहा, स्वामी प्रसाद मौर्या जी का किसी ने जूते से स्वागत किया है। उनको साधुवाद। एक तरफ लोहिया जी रामायण मेला की शुरुआत करते हैं दूसरी तरफ उन्हीं के पार्टी के नेता जिस प्रकार से कहते हैं कि रामचरित मानस पर बैन लगना चाहिए, प्रतिबंध लगना चाहिए। सनातनी कब तक बर्दाश्त करेगा।

### सपा कार्यकर्ताओं ने हमलावर युवक को पकड़ लिया

स्वामी प्रसाद पर जूता फेंकने के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने हमलावर युवक को पकड़ लिया। उसको पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। पुलिस उसे बचाने का प्रयास करती रही। लेकिन सपा कार्यकर्ता बार-बार पुलिस से छुड़ाकर उसको पीटना शुरू कर देते। बमुश्किल युवक को पुलिस ने छुड़ा पाई। हमलावर युवक ने अपना नाम आकाश सैनी बताया है। उसने कहा-हम पूजा-पाठ करने वाले हैं। जूता कांड के दौरान हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को एक सरकारी जीप तक नहीं मिली। वह ऑटो करके हमलावर युवक को पकड़कर थाने ले गई है। अब उससे डिटेल में पूछताछ की जा रही है। इस पूरे विवाद के चलते वहां अफरातफरी मच गई। इसके बाद कार्यक्रम स्थल में पहुंचे कार्यकर्ताओं से पुलिस ने झंडे-बैनर बाहर ही रखवा दिए। दरअसल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को पिछड़ा वर्ग के महापुरुषों पर चर्चा के लिए ओबीसी महासम्मेलन रखा गया। यहां अखिलेश यादव पहुंचने वाले थे। करीब 11.30 बजे स्वामी प्रसाद मौर्य महासम्मेलन में पहुंचे। सपा ने अपने सम्मेलन में मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, सैनी और बिंद समाज के पूर्व मंत्रियों, विधायक, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों और पूर्व राज्यसभा सांसदों को बुलाया था।

### आकाश सैनी का अभिनंदन हिंदू महासभा करेगी

हिन्दू महासभा के अध्यक्ष शिशिर चतुर्वेदी ने कहा, स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे कलंकित नेता पर हमला करने वाले हिंदूवादी मेरे भाई आकाश सैनी जी का अभिनंदन हिंदू महासभा करती है। जिस प्रकार से हिन्दू सनातन धर्म के ईष्टों पर और उनके ग्रंथों पर लगातार अपमानित टिप्पणी कर रहे थे। ऐसा कृत्य इनके साथ होना चाहिए।

## ओम प्रकाश राजभर का अखिलेश पर हमला

# सपा ने केवल एक जाति को ही आगे बढ़ाया, पीडीए सिर्फ छलावा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष द्वारा बनाया गया पीडीए सिर्फ छलावा है । चार बार सत्ता संभालने वाली सपा ने सिर्फ अपने स्वजातीय लोगों को ही आगे बढ़ाने का काम किया है। इसलिए समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी होने के कगार पर पहुंच चुकी है । उन्होंने कहा कि सपा के नेता हमेशा से पिछड़ों, दलितों और वंचितों को ठगने का ही काम किया है। उनके उत्थान के लिए कुछ नहीं किया है। राजभर सोमवार को लखनऊ के रवीन्द्रालय में आयोजित सुभासपा के प्रांतीय संगठन की समीक्षा कर रहे थे। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राजभर ने कहा कि सुभासपा के संघर्षों का परिणाम है कि एनडीए सरकार पिछड़ों को संवैधानिक अधिकार देने के लिए रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को स्वीकृति देते हुए उसे जल्द लागू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि जब से सुभासपा एनडीए में शामिल हुई है तभी से सपा अध्यक्ष को हार का डर सताने लगा है। सपा की बौखलाहट की झलक अखिलेश यादव समेत अन्य नेताओं बयानों में साफ दिख रहा है। ओम प्रकाश ने कहा कि सपा हमेशा से पिछडें, दलित, अल्पसंख्यकों को ठगती आयी है। इस मौके पर सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता राष्ट्रीय महासचिव अरुण राजभर ने कहा कि जिस प्रकार से सुभासपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा को 49 सीटों से 125 सीटों पर पहुंचाने का काम किया था, अब वही सुभासपा भाजपा के साथ मिलकर लोकसभा चुनावों में सपा का सुपड़ा साफ करेगी। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारियों को भी लोकसभा चुनाव में एनडीए के जीताने का संकल्प दिलाया गया।

### पूर्व में सदस्यता लेने वालों को मिली अहम जिम्मेदारी

इस मौके पर सुभासपा अध्यक्ष ने पूर्व में पार्टी की सदस्यता लेने वाले लोगों को संगठन में अहम जिम्मेदारी भी सौंपी। पूर्व आईपीएस अधिकारी सर्वेश राणा को राष्ट्रीय सचिव. रूद्र राजन राजभर को प्रदेश प्रभारी युवा मंच, राजू द्विवेदी को प्रभारी बुन्देलखंड, धर्मेन्द्र सिंह चौहान को मंडल महासचिव प्रयागराज, गुड्डू बिन्द, गजराज राजभर, मनोज कुमार गुप्ता व दिग्विजय सिंह यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच, विजय प्रताप पाण्डेय, भूपेन्द्र कुमार धरिकार, सत्रुधन बिन्द को प्रदेश महासचिव युवा मंच बनाया है। जबकि रामबचन विश्वकर्मा, राहुल कुमार राव, हरिओम राजभर, राजाराम पासवान, संजय चौरसिया, दीपू बिन्द व दयाशंकर राजभर प्रदेश सचिव युवा मंच बनाया गया है। इनके अलावा विजय कुमार राव को प्रदेश प्रवक्ता युवा मंच और जगरनाथ गोंड को प्रदेश सलाहकार युवा मंच बनाया गया है।

### पूर्व आईपीएस समेत कई लोगों ने ली सदस्यता

इस मौके पर पूर्व आईपीएस अधिकारी कुश सौरभ पासवान सहित 66 लोगों ने सुभासपा की सदस्यता ग्रहण की । इनमें ज्यादातर लोगो सपा और बसपा के कार्यकर्ता हैं। पार्टी अध्यक्ष ने सभी नए लोगों को सदस्यता ग्रहण कराया।

### बयान का किया खंडन

ओम प्रकार राजभर ने अपने उस बयान का खंडन किया जिसमें उन्होंने अखिलेश यादव की जाति पर निजी हमला किया था। टीवी चैनलों में ऐसी खबर चलाई गई कि राजभर ने कहा है कि इस जाति के लोगों को एक समय विशेष पर ही बुद्धि आती है। अपने इस बयान का खंडन करते हुए उन्होंने कहा कि हमने जो कहा है वह पूर्वांचल की पुरानी कहावत है। मैं व्यक्तिगत बातचीत में वाराणसी की एक घटना के संबंध में किसी से फोन पर बात कर रहा रहा था। जिसे किसी ने सोशल मीडिया पर चला दिया। इसमें में मैंने किसी का नाम नहीं लिया। ना ही मैंने अखिलेश पर कोई निजी टिप्पणी की है।

## पॉलीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आज से

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में राजकीय, एडेड व निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों में फार्मेसी छोड़कर अन्य कोर्स की प्रवेश काउंसिलिंग 22 अगस्त मंगलवार से शुरू हो रही है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद प्रवेश काउंसिलिंग तो ऑनलाइन करा रहा है, लेकिन डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन की प्रक्रिया ऑफलाइन पूरी की जाएगी। इसके लिए प्रदेश भर में राजकीय व एडेड के 150 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। इन केंद्र पर विद्यार्थी की बायोमेट्रिक अटेंडेंस भी होगी। परिषद से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए प्रदेश भर में 150 केंद्र बनाए गए हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए यह व्यवस्था की गई है कि वह अपने या पास के जिले में स्थित केंद्र पर जाकर अपना डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन करा सकेंगे। इसके बाद सीट एलॉटमेंट लेकर जारी होने पर वे अपने कॉलेज में रिपोर्ट करेंगे।

## अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत फ्लैट रेट योजना शुरू की जायेगी: राकेश सचान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, रेशम, हथकरघा तथा खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र में महिलाओं का बड़ा योगदान है। राज्य सरकार द्वारा वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई वस्त्रोद्योग नीति लागू की गई है। महिलाओं को उद्योग लगाने के लिए भूमि क्रय पर 100 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट तथा विपणन और प्रोत्साहन समेत अन्य आकर्षक प्राविधान किये गये हैं। श्री सचान आज यहां गोमतीनगर स्थित होटल हयात में फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर द्वारा आयोजित दो दिवसीय टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में महिला उद्यमियों को सम्बोधित कर रहे थे। टेक्सटाइल कॉन्क्लेव का विषय बनारस था। इस अवसर पर उन्होंने ''तू ही जहां'' सांग एवं बनारसी बीट्स को लांच किया। उन्होंने कहा कि यूपी को टेक्सटाइल्स क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए पोर्ट तक सामान ले जाने पर सहायता उपलब्ध कराई जा रहा है। उन्होंने कहा कि बनारस जनपद साड़ी उत्पादन में देश में सबसे आगे है। यहां पर उद्यमियों को बाहर से रेशम आयात करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने 5000 टन कच्चा माल कर्नाटक सरकार के सहयोग से उद्यमियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। अटल बिहारी बाजपेई विद्युत फ्लैट रेट योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 500 करोड़ रुपये बजट का प्राविधान किया गया है। उद्यमियों की सुविधा के लिए लखनऊ में पीएम मित्र पार्क बनाया जायेगा और शीघ्र प्रधानमंत्री से शिलान्यास कराया जायेगा। पार्क के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 500 करोड़ रुपये बजट का प्राविधान भी किया गया है। इस पार्क के स्थापित होने से वस्त्रोद्योग क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी।

## मुख्यमंत्री के रूप में कल्याण सिंह के साहसिक निर्णय आज भी प्रेरक: भूपेंद्र चौधरी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर अलीगढ़ में आयोजित हिन्दू गौरव दिवस में सम्मिलित होकर बाबूजी को कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अलीगढ़ में आयोजित हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जननेता, प्रखर राष्ट्रवादी चिन्तक, करोड़ो कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, श्रीरामभूमि आन्दोलन के अग्रणी नायक एवं सुशासन के संवाहक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबू जी' की पुण्यतिथि पर कृतज्ञ नमन करता हूं। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि हमें कल्याण सिंह के नेतृत्व में एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि बाबूजी को संगठनात्मक कौशल की पाठशाला कहा जा सकता है जिन्होंने संगठन शिल्पी के रूप में संगठन को गढ़ने का काम भी किया और संगठन को आगे बढ़ाने का भी काम किया। मुख्यमंत्री के रूप में उनके राजनैतिक दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ लिए गए साहसिक निर्णय आज भी प्रेरक है। श्रीरामजन्मभूमि आन्दोलन के अग्रणी नायक के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने समय की शिला पर इतिहास सृजन कर दिया।

# ड्यूटी टाइम में ओपीडी से बाहर गए डॉक्टर तो मिलेगा नोटिस, अस्पताल में कुत्ता घूमने पर भी होगी कार्रवाई

* 24 अगस्त को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जिला अस्पताल की ओपीडी से डॉक्टर गायब हो गए और उनके कमरे के बाहर मरीजों की लाइन लगी है अथवा वार्ड में कुत्ता घूम रहा है तो तत्काल संबंधित अस्पताल के अधीक्षक को नोटिस मिलेगी। दो घंटे के अंदर समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो कार्रवाई की जद में आ जाएंगे। उन्हें स्पष्टीकरण देना होगा और विभागीय कार्रवाई शुरू हो जाएगी। यह संभव हो रहा है एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र की स्थापना से। इस व्यवस्था का ट्रायल पूरा हो गया है। अब 24 अगस्त को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की निगरानी बढ़ाने के लिए नई पहल शुरू की गई है। स्वास्थ्य महानिदेशालय में स्थापित एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी)से पहले चरण में जिला स्तरीय 108 अस्पतालों को जोड़ा गया है। अस्पताल ऑनलाइन पैरामीटर मूल्यांकन (होप) के तहत इन अस्पतालों में 16 जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिन्हें महानिदेशालय में स्थापित केंद्र से जोड़ा गया है। इस केंद्र से अस्पताल के सभी 16 स्थानों की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके लिए 40 कर्मियों की टीम लगी है। टीम से मिलने वाले इनपुट का निस्तारण करने के लिए संयुक्त निदेशक स्तर के तीन अधिकारियों को भी तैनात किया गया है।

### कैसे हो रही निगरानी

स्वास्थ्य महानिदेशालय में स्थापित सेंटर से चिन्हित 108 अस्पतालों के 16 स्थानों को हर पल देखा जा रहा है। यह टीम पर्चा काउंडर, ओपीडी, वार्ड, आईसीयू, पैथोलॉजी, ब्लड बैंक, ओटी कॉम्प्लेक्स, मरीज लॉबी, नर्सिंग स्टेशन, व्हीलचेयर व स्ट्रेचर स्थल, दवा काउंटर, कैंटीन, मुख्य गेट, इमरजेंसी आदि शामिल हैं। यदि किसी डॉक्टर के कमरे के बाहर मरीजों की भीड़ लगी है। डॉक्टर चेंबर में नहीं हैं तो कमांड सेंटर से संबंधित अस्पताल के अधीक्षक व निदेशक को मैसेज भेजा जाएगा। 30 मिनट में समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो संयुक्त निदेशक व निदेशक (प्रशासन) को सूचना भेज दी जाएगी। वह अधीक्षक को निर्देश देंगे। इसके बाद भी समस्या निस्तारित नहीं हुई तो अगले 30 मिनट बाद अधीक्षक को महानिदेशालय से स्पष्टीकरण जारी कर दिया जाएगा। अलग दो घंटे में समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो महानिदेशक को प्रकरण की जानकारी देते हुए लिखित विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके तहत जिम्मेदार व्यक्ति को प्रतिकूल प्रविष्टि मिलेगी।



### ट्रायल के बाद निरंतर हो रहा सुधार

महानिदेशालय में स्थापित केंद्र से माहभर से ट्रायल चल रहा है। सूत्रों की मानें तो पहले दिन जहां 108 अस्पतालों से करीब एक हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई थीं, वहीं अब इनकी संख्या 300 के आसपास आ गई है। खास बात यह है कि पिछले सप्ताहभर से एक भी मामले में प्रतिकूल प्रविष्टि देने की नौबत नहीं आई है।

### 24 को होगा उद्घाटन

स्वास्थ्य महानिदेशालय के चौथी मंजिल पर स्थापित आईसीसीसी के हॉस्पिटल आनलाइन पैरामीटर इवैल्यूएशन (होप) का उद्घाटन 24 अगस्त को सुबह 10 बजे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। महानिदेशालय को चमकाया जा रहा है। सोमवार को महानिदेशक की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र का व्यापक असर दिख रहा है। चिन्हित किए गए अस्पतालों की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार हुआ है। ट्रायल के दौरान पहले जिन अस्पतालों में सभी 16 सीसीटीवी कैमरे से समस्या चिन्हित की गई थी, वहीं अब इनकी संख्या एक से दो पर आ गई है। इसमें भी निरंतर सुधार हो रहा है।- पार्थ सारथी सेन शर्मा, मुख्य सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान: केशव

* डिप्टी सीएम ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी जन समस्याये

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने अलीगढ़ प्रस्थान से पूर्व अपने 7 कालीदास मार्ग स्थित आवास कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और हर व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रूबरू होकर सुना।जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

# यूपी बेसिक शिक्षकों का ट्रांसफर: स्कूल आवंटन के लिए इंतजार और बढ़ा, 69000 भर्ती के शिक्षकों में फंसा पेंच

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में बेसिक विद्यालयों में एक से दूसरे जिले में तबादला पाए 16614 शिक्षकों को अभी स्कूल आवंटन के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। बेसिक शिक्षा अधिकारियों की ओर से आवश्यक डाटा अपडेट न होने के कारण विभाग ने एक बार फिर डाटा अपडेट करने की तिथि 23 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। जो पूर्व में 20 अगस्त निर्धारित थी। विभाग में शिक्षकों का तबादला प्रक्रिया जून के अंत में किया गया था। किंतु इसके बाद स्कूल आवंटन की प्रक्रिया डेढ़ महीने में नहीं पूरी हो पा रही है। इससे जहां शिक्षक परेशान हैं वहीं स्कूलों में पठन-पाठन भी प्रभावित हो रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि एक से दूसरे जिले में तबादला प्रक्रिया के तहत स्थानान्तरित शिक्षकों के कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण किए जाने का विवरण अपडेट नहीं किए जाने से विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। एक दर्जन जिलों ने शिक्षकों के कार्यमुक्त करने तो डेढ़ दर्जन ने कार्यभार ग्रहण करने की सूचना नहीं अपडेट की है। जिससे स्कूल आवंटन नहीं हो रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने कहा है कि इसका पूरा उत्तरदायित्व संबंधित बीएसए का होगा। उन्होंने निर्देश दिया है कि इससे जुड़ी पूरी प्रक्रिया 23 अगस्त तक हर हाल में पूरा कराना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने 69000 शिक्षक भर्ती के तबादला पाए शिक्षकों का विवरण भी पोर्टल पर अपडेट करने को कहा है। दूसरी तरफ शिक्षक नेता अनिल यादव ने कहा है कि बीएसए जान-बूझकर शिक्षकों का डाटा अपडेट कर सूचित नहीं कर रहे हैं। इससे शिक्षकों की तबादला प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। 31 अगस्त तक प्रक्रिया पूरी न होने पर शिक्षक आगे का निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे।



# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अर्थव्यवस्था में डगमगाते चीन की फिर कोई चालाकी तो नहीं ?

**यह भारत के लिए फायदेमंद और नुकसानदेह दोनों हो सकता है। तेल में गिरावट होने पर भारत दुनिया से आपूर्ति में अपना हिस्सा बढ़ाकर ज्यादा मुनाफा कमा सकेगा। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि चीन ही भारत का बड़ा बिजनेस पार्टनर है। न-न करते 2021-22 में उसके साथ 11.2 प्रतिशत साझेदारी रही जो करीब 116 अरब डॉलर के आसपास है। ऐसे में यदि चीन खर्चों में कटौती करेगा तो भारत से निर्यात घटेगा। वहीं, भारतीय बाजार थोक में चीन के सामान से पट जाएंगे। दवा, सोलर सेल व पार्ट्स, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों पर हम चीन पर ही निर्भर हैं।**

*दुनिया के पास अब तमाम वो कारण हैं जिससे यह मानने में कोई गुरेज नहीं कि चीन की अर्थव्यवस्था एक बार फिर बहुत बुरे दौर में है। कोरोना वायरस को लेकर पहले से दुनिया भर में शक की निगाहों से देखे जाने वाले चीन ने भी इस महामारी के चलते जबरदस्त मंदी का दौर देखा। लेकिन तब इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया गया क्योंकि हर कहीं मांग और आपूर्ति की श्रृंखला धीमी पड़ गई थी। यह भी सच है उस समय बाजार से ज्यादा लोगों को जान की परवाह थी। इस कारण भी एक तरह से पूरी दुनिया ने ये समझौता कर लिया था कि पहले जान फिर जहान। लेकिन कोविड के धीमा पड़ते ही जब पूरी दुनिया अपनी बरबाद अर्थव्यवस्था को लेकर तमाम तरह के जतन में जुट गई तब चीन में ऐसा क्या हुआ कि पूरी अर्थव्यवस्था जबरदस्त डगमगाने लगी? अगर केवल एक वर्ष का अन्तर देखें तो बीते जुलाई के मुकाबले इस बार 2.1 प्रतिशत गिरावट आई। जुलाई 2022 में यह 14.5 प्रतिशत थी जबकि इस बार 12.4 प्रतिशत पहुंच गई। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पिछले साल के आंकड़े ही सारी कहानी बयां करते हैं। आयात और निर्यात दोनों में गिरावट के चलते चीन की विकास दर 1976 के बाद पहली बार घटकर 3 प्रतिशत पर आ गई जो कोविड के दौर को छोड़कर सबसे कम थी। परदे के पीछे कहीं न कहीं चीन की सत्ता का खेल भी समझ आता है। गौरतलब है कि चीन ने परमाणु शस्त्रागार की जिम्मेदारी संभालने वाले दो टॉप जनरलों को सफाई का मौका दिए बगैर सीधे बर्खास्त कर दिया। इसे क्या समझा जाए कि बर्खास्त सैन्य जनरलों की जगह कम अनुभव वाले अधिकारियों को बिठाना भ्रष्टाचार से लड़ने की मजबूरी है या वजह सत्ता में बने रहने की जिद? पूरी दुनिया को पता है कि वहां की स्थानीय सरकारें कर्ज के बोझ तले दबी हैं, भ्रष्टाचार रोकने के लिए रेगुलेटर कंपनियों पर नकेल कसने की कोशिशें जोरों पर हैं। वहां युवाओं में बेरोजगारी भी अपने रिकॉर्ड स्तर पर है। अर्थजगत के जानकारों का मानना है कि ऐसे हालात थोड़े और समय तक रहे तो चीन के आर्थिक विकास की दर और नीचे जा सकती है। चूंकि वहां खर्चों में पहले ही लगाम लगी है ऐसे में उत्पादन और घटा तो बेरोजगारी अपने चरम पर होगी। मामला केवल सप्लाई और डिमांड तक होता तो भी बात समझ आती। मौजूदा आर्थिक हालात इसी से समझ आते हैं कि चीनी रीयल एस्टेट कारोबार भी जबरदस्त मुश्किलों से घिरा है। सबसे बड़ी रीयल एस्टेट कंपनी एवरग्रैंड लगभग दिवालिया हो चुकी है। सरकार इसे ऑक्सीजन देकर किसी तरह जिन्दा रखे है और कोशिशें हैं कि फिर उठ खड़ी हो। यदि आईएमएफ के आंकड़ों को देखें तो कहानी साफ है। 2021 में चीन की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की रफ्तार में थी जो 2022 में 3 प्रतिशत पर आ टिकी।अब 2023 में यह 5.2 प्रतिशत तक बढ़ना अनुमानित है। बावजूद इसके चीन अपनी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने खातिर कोई कदम उठाता नहीं दिखता। निश्चित रूप से 18 ट्रिलियन डॉलर की चीनी अर्थव्यवस्था अभी काफी सुस्त है। इसे परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स8 यानी पीएमआई से भी समझना होगा जो एक मिश्रित सूचकांक होता है। इससे मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का आकलन होता है। इसमें विभिन्न कारोबारों से जुटे प्रबंधकों की रायशुमारी तथा उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित अंकों से किसी भी कारोबारी गतिविधि का विस्तार और सफलता पता चलती है। आंकड़ों के लिहाज से 50 को आधार माना जाता है। जहां आंकड़े 50 से ऊपर होते हैं वहां मान लिया जाता है कि कारोबार विस्तार की ओर है।*

## एक्सप्रेस आलेख

जेनेरिक दवाई को लेकर अक्सर एक सवाल हमेशा उठता रहता है की ब्रांडेड दवा से अलग क्यों दिखती है? इसके बारे में बताया जाता है कि अमेरिकी ट्रेड कानून अक्सर जेनेरिक दवाओ को बिल्कुल ब्रांड दवा की तरह दिखने की अनुमति नहीं देते हैं जेनेरिक दवाये अन्य चीजों के अलावा रंग और स्वाद के मामले में ब्रांड दावों से भिन्न हो सकती हैं लेकिन उसका कंपोजीशन वही होना चाहिए। तभी उसकी उपयोगिता और सार्थकता है। वरना तो वह खड़िया मिट्टी हो जाएगी। वैसे एफडीए की यह कोशिश हमेशा रहती है कि जेनेरिक दवा में ब्रांडेड दवा के समान ही घटक हो, तथा उसका काम करने का तरीका भी प्रभावित न हो। अब एनएमसी का यह फरमान आने वाले दिनों में कितना प्रभावी होगा।



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

राहुल गांधी की टी-शर्ट के लिए इतना हाय-तौबा मचा था, वह चालीस हजार की थी। तो फिर यहां यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या दोनों का 'फैब्रिक' एक ही है। सवाल घूम फिर कर वहीं आ जाता है कि लोगों को सब कुछ ब्रांडेड चाहिए लेकिन शरीर को स्वस्थ रखने कि जीवन रक्षक दवाएं क्यों जेनेरिक चाहिए। क्यों एनएमसी चाहती है कि डॉक्टर दवाये जेनेरिक लिखे ब्रांडेड नहीं?

# जेनेरिक बनाम ब्रांडेड दवायें

पिछले दिनों नेशनल मेडिकल कमिशन (एन एम सी) ने एक आदेश जारी करके डॉक्टरों को अपने पर्चे पर जेनेरिक दवाएं लिखने का आदेश जारी किया है। इस आदेश को लेकर न केवल डाक्टरों बल्कि फार्मा इंडस्ट्री तथा आमजन के बीच भी मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। आमजन का कहना है कि क्या दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं, खाद्य सामग्री और लाइफस्टाइल से जुड़ी वस्तुओं की ब्रांडेड और लोकल कंपनियों की क्वालिटी एक जैसी होती है? और अगर एक जैसी होती भी है तो लोग दो सौ का चश्मा खरीदने के बजाय दो हजार का चश्मा खरीदना क्यों पसंद करते हैं। उनका जवाब होता है कि आंखें अपनी है और जब शीशा या प्लास्टिक का चश्मा लगता है तो कुछ समय बाद या तेज धूप के कारण शीशा या प्लास्टिक गर्म हो जाती है। तो उसका सीधा सीधा नुकसान आंखों पर पड़ता है। जबकि ब्रांडेड कंपनी के शीशे गर्म नहीं होते हैं। आमजन याईह भी जानना चाहते हैं कि टी-शर्ट दो हजार में भी मिल जाती है लेकिन राहुल गांधी की टी-शर्ट के लिए इतना हाय-तौबा मचा था, वह चालीस हजार की थी। तो फिर यहां यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या दोनों का 'फैब्रिक' एक ही है। सवाल घूम फिर कर वहीं आ जाता है कि लोगों को सब कुछ ब्रांडेड चाहिए लेकिन शरीर को स्वस्थ रखने कि जीवन रक्षक दवाएं क्यों जेनेरिक चाहिए। क्यों एनएमसी चाहती है कि डॉक्टर दवाये जेनेरिक लिखे ब्रांडेड नहीं? माना जेनेरिक दवाये सस्ती होती है और हर एक की पहुंच के अंदर होती है। लेकिन उनकी गुणवत्ता की गारंटी कौन लेगा? इस बात की क्या गारंटी है कि फार्मूला में जो कुछ भी लिखा गया है वह 'साल्ट' उतने ही अनुपात में उसमें मौजूद है। वैसे अगर वास्तव में सरकार आम आदमी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है तथा उसकी मंशा है कि रोगी को सस्ती और प्रभावी दवा मिले तो उसके और भी रास्ते हैं। उन रास्तों पर चलकर दवा को सस्ता किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर किसी ब्रांडेड कंपनी ने एक हजार की कीमत का कोई इंजेक्शन बाजार में उतारा। उस इंजेक्शन की कीमत कंपनी ने मात्र छः सौ रुपये रखी लेकिन चूंकि उस पर जीएसटी चार सौ रुपये है तो अब वह एक हजार का बनता है। सरकार चाहती है कि कंपनी अपनी कीमत पर कम कर दे। लेकिन चूंकि वह प्रोडक्ट कंपनी का रिसर्च प्रोडक्ट है इसलिए कंपनी भी कीमत कम करने को तैयार नहीं। ऐसे में यदि सरकार अपना जीएसटी आधा कर दे और कंपनी भी अपनी कीमत एक चौथाई घटा दे तो समस्या का समाधान हो सकता है। लेकिन सरकार अपना जीएसटी कम करने को तैयार नहीं। इसी समस्या से छुटकारा पाने के लिए एनएमसी ने यह आदेश जारी किया कि आइंदा से अपने पर्चे पर जेनेरिक दवा ही लिखें अन्यथा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी। अब आइए यह जानने का प्रयास करते हैं कि ब्रांडेड दवाएं महंगी क्यों होती है? जब कोई नयी दवा बाजार में लायी जाती है तो उसे खोजने वाली कंपनियों को दवा का उत्पादन और बिक्री करने से रोकने के लिए पेटेंट प्राप्त करती है। इस पेटेंट में बीस साल तक का समय लग सकता है और इस अवधि के दौरान कंपनी अपने हिसाब से दवा का उत्पादन और बिक्री करती है। ताकि रिसर्च पर उसने जो करोड़ों करोड़ों रुपए खर्च किए हैं वह वापस आ सके। लेकिन उसी दवा का जब पेटेंट खत्म हो जाता है तब अन्य कंपनियों उसी दवा (साल्ट) का उत्पादन करने की अनुमति दी जाती है और वह आगे चलकर जेनेरिक नाम से जानी जाती है। इसको इस तरह से भी समझा जा सकता है कि जैसे मेटोप्रोलोल हाई ब्लड प्रेशर की एक जेनेरिक दवा (साल्ट) है लेकिन इसका ब्रांड नाम लोप्रेशर है यह दावा विभिन्न देशों में अलग-अलग नाम से बेची जाती है लेकिन इसका जेनेरिक नाम हमेशा मेटोप्रोलोल ही रहता है। जब बाजार में कोई लोप्रेशर दवा खरीदेगा तो वह महंगी होगी। लेकिन जब मेटोप्रोलोल खरीदेगा तो सस्ती हो जाएगी। सरकार और एनएमसी चाहती है कि लोग मेटोप्रोलोल खरीदे लोप्रेशर नहीं। ताकि रोगी या उसके परिजनों की जेब ज्यादा ढीली ना हो और उसे बीमारी में लाभ मिले। इसके विपरीत डॉक्टर का दावा है कि जेनेरिक दवाओ की गुणवत्ता की गारंटी कौन लेगा? यह कैसे तय होगा कि इसमें मेटोप्रोलोल 50 एमजी ही है? क्योंकि अगर 50 एमजी मेटोप्रोलोल ना हुआ तो रोगी का ब्लड प्रेशर नार्मल नहीं आ पाया। और इसके लिए रोगी डॉक्टर को ही दोषी मानेगा क्योंकि दवाई तो डॉक्टर ने ही लिखी है। जेनेरिक दवाई को लेकर अक्सर एक सवाल हमेशा उठता रहता है की ब्रांडेड दवा से अलग क्यों दिखती है ? इसके बारे में बताया जाता है कि अमेरिकी ट्रेड कानून अक्सर जेनेरिक दवाओ को बिल्कुल ब्रांड दवा की तरह दिखने की अनुमति नहीं देते हैं जेनेरिक दवाये अन्य चीजों के अलावा रंग और स्वाद के मामले में ब्रांड दावों से भिन्न हो सकती हैं लेकिन उसका कंपोजीशन वही होना चाहिए। तभी उसकी उपयोगिता और सार्थकता है। वरना तो वह खड़िया मिट्टी हो जाएगी। वैसे एफडीए की यह कोशिश हमेशा रहती है कि जेनेरिक दवा में ब्रांडेड दवा के समान ही घटक हो, तथा उसका काम करने का तरीका भी प्रभावित न हो। अब एनएमसी का यह फरमान आने वाले दिनों में कितना प्रभावी होगा यह तो बाद में पता चलेगा लेकिन अब आदमी के दिलों दिमाग में अब भी एक सवाल है कि क्या जेनेरिक दवाये उतना ही प्रभावशाली होगी? जितनी ब्रांडेड दवाये होती है।



अब आइए यह जानने का प्रयास करते हैं कि ब्रांडेड दवाएं महंगी क्यों होती है? जब कोई नयी दवा बाजार में लायी जाती है तो उसे खोजने वाली कंपनियों को दवा का उत्पादन और बिक्री करने से रोकने के लिए पेटेंट प्राप्त करती है। इस पेटेंट में बीस साल तक का समय लग सकता है और इस अवधि के दौरान कंपनी अपने हिसाब से दवा का उत्पादन और बिक्री करती है।

## एक्सप्रेस कविता

*मुफलिसी मेरी रिश्तेदार हो गई है*
*तंगहाली जिंदगी में शुमार हो गई है।।*
*कौन किसी की यहां कोई कद्र करता।*
*फकीरी ही अब मेरा संसार हो गई है।।*
*जाइए, देखे है हमने कितने कद्रदान।*
*गर्दीशी अब गले का हार हो गई है।।*

*राहों में चलते हैं तो कांटे तो चुभेंगे ही।*
*राहें भी अब यहां बड़ी रंगदार हो गई है।।*
*जिसके हाथ लगी दौलत और हुकूमत।*
*वे सब हस्तियां जागीरदार हो गई है।।*
*आप हमें करें प्यार या बेइंतहा नफरत।*
*हमारी जिंदगी आप पर जानिसार हो गई है।।*
*हमें मालूम है आपकी असली फितरत।*
*आप सचमुच मंजी कलाकार हो गई हैं।।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*किसी एक विचार को अपना लक्ष्य तय करो और उसके पीछे ऐसे लग जाओ कि उसे लिए बिना नहीं रुको, फिर एक दिन सफ़लता आपके पास होगी।*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 08:08 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 30:25 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | शुक्ल, 22:08 |
| सूर्योदयः | 05:55 |
| सूर्यास्तः | 18:52 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 15:38-17:15 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (शुद्ध) |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:48 |

# जन एक्सप्रेस

### घर का ही दें ध्यान !

*मिल रही सलाह ।*
*घर का ही दें ध्यान ।।*
*भटक रहे क्यों इधर उधर ।*
*गिर रहा सम्मान ।।*
*अपना घर सुधारें ।*
*फिर करेंगे बात ।।*
*नहीं समझते आप ।*
*बिछ रही बिसात ।।*
*घूमने और फिरने से ।*
*नहीं है बनता काम ।।*
*जो भविष्य का अनुभव ।*
*छिपा वहीं पैग़ाम ।।*
*दोषारोपण छोड़ कर ।*
*प्रगति राह निकालो ।।*
*आई बात खुद पर ।*
*अब तो ज़रा संभालो ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# फिजियोथेरेपी के जरिए शरीर के दर्द से मिल सकता है छुटकारा



**फीजियोथेरेपी** विश्व स्तर पर चिकित्सा करने का एक तरीका हैं। फीजियोथेरेपी मशीनों के जरिए किसी बीमारी को ठीक करने में और दर्द को कम करने में मदद करता हैं। फीजियोथेरेपी कराने से रोगी को पहले जैसे करने में मदद मिलती है। फीजियोथेरेपी को किसी एक्सपर्ट से ही कराना चाहिए। फीजियोथेरेपी में एक्सरसाइज और मालिश के जरिए रोगी को आराम देने की कोशिश की जाती है। इसको लंबे समय तक कराने से रोगी का शरीर में होने वाले दर्द से राहत मिल जाती है। फीजियोथेरेपी मांसपेशियों की मूवमेंट को ठीक करने, स्पोर्ट्स इंजरी ठीक करना, सर्जरी से बचाव और दर्द से राहत देने के लिए भी की जाती है। जिस व्यक्ति की फीजियोथेरेपी हो रही है। उसको लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने की भी सलाह दी जाती है। वहीं, फीजियोथेरेपी करवाने से छोटी-मोटी परेशानियों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बनने से रोका जा सकता है। खेल और एथलेटिक्स में, फीजियोथेरेपिस्ट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**दर्द से राहतः** फीजियोथेरेपी शरीर में होने वाले दर्द से छुटकारा दिलाती है। यह चोटों, पुराने दर्द और मस्कुलोस्केलेटल विकारों सहित विभिन्न स्थितियों से दर्द को कम करने में मदद करती हैं। इसको किसी एक्सपर्ट की देखरेख में ही कराना चाहिए। बढ़ती उम्र में होने वाले घुटनों के दर्द को भी फीजियोथेरेपी से राहत पाई जा सकती है।

**शरीर की गतिशीलता बढ़ाएः** फीजियोथेरेकी कराने से शरीर की गतिशीलता बढ़ती है। इसको नियमित कराने से शरीर में लचीलापन बढ़ता है। यह चोटों से रिकवरी करने में मदद करती है। फीजियोथेरेपी अंदरूनी तौर पर शरीर को ठीक करती है। इसको करना से शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी में इजाफा होता है।

**चोट की रोकथामः** फीजीयोथेरेपी कराने से मांसपेशियों और जोड़ों को मजबूती मिलती है। इसको नियमित करवाने से मुद्रा में सुधार होता है और चोट का जोखिम भी कम होता है। फीजियोथेरेपी कराने से शरीर के जोड़ो को मजबूती मिलने के साथ हड्डियों में हो रहा दर्द भी कम होता है।

**सर्जरीः** फीजियोथेरेपी कराने से सर्जरी के बाद होने वाली समस्याओं से भी राहत मिलती है। सर्जरी के बाद इसको कराने से शरीर की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। फीजियोथेरेपी गठिया, हृदय रोग और मधुमेह जैसी स्थितियों में भी सुधार करती है।

**बेहतर संतुलनः** फीजियोथेरेपी कराने से गिरने का खतरा कम होता है। इसको कराने से श्वसन संबंधी समस्याओं में राहत मिलती है। फिजीयोथेरेपी कराने से तनाव कम होने के साथ मानसिक स्वास्थ्य में भी आराम मिलता है। फीजियोथेरेपी कराने से शरीर को कई तरह के फायदे मिलते हैं। हालांकि, इसको कराने से पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह अवश्य लें।

## एक्सप्रेस विशेष



हृदयनारायण दीक्षित

हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता हिन्दुत्व है। हिन्दू धर्म सम्पूर्णता के प्रति हमारा सत्यनिष्ठ आचरण और व्यवहार है। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। यम ने उसे सत्यधृति कहा है।

# गुलाम नबी आजाद के मर्म को समझो भाई

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से यहां विश्ववरेण्य संस्कृति का विकास हुआ। जगत एक सुसंगत व्यवस्था है। धर्म इसी व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। कभी कभी इस व्यवस्था में गड़बड़ी आती है। गीताकार ने इसे धर्म की ग्लानि कहा है, यदायदाहि धर्मस्य ग्लार्निभवति भारत। धर्म के पराभव से अराजकता आती है। धर्म को फिर से व्यवस्थित करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है।

**गुलाम** नबी आजाद ने कहा है कि, 'इस्लाम का जन्म 1500 साल पहले हुआ था। भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी इसी देश के हैं। भारत के मुसलमान मूल रूप से हिंदू थे, बाद में मतांतरित हो गए।' कांग्रेस का साथ छोड़कर डेमोक्रेटिव प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी डीपीएपी बनाने वाले जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद का बयान महत्वपूर्ण है। आजाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है, %पहले कश्मीर में कोई मुसलमान नहीं था। वहां सभी कश्मीरी पंडित थे। भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी इस देश के हैं। हम बाहर से नहीं आए हैं। इसी मिट्टी की पैदावार हैं। इसी मिट्टी में खत्म होना है। हिन्दू धर्म प्राचीन है। आजाद की यह वाकई महत्वपूर्ण और तटस्थ टिप्पणी है, क्योंकि हिन्दू संस्कृति एक है। अनेक रूपों वाली यह संस्कृति सर्वसमावेशी है। अपनी मूल आत्मा में एक है। भारत भूमि हजारों वर्ष से जिज्ञासा की तपस्थली रही है। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर आधुनिक भारत तक यहां की मेधा ने अनुभूति और वैज्ञानिक विवेक का सारभूत ज्ञान रस संग्रहीत किया है। यहां पूर्व मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, सांख्य, योग, व वेदान्त प्राचीन षट दर्शन हैं। बुद्ध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं। गीता, उपनिषद् व ब्रह्म सूत्र दर्शन ग्रंथ हैं। रामायण और महाभारत महाकाव्य हैं। यह सामगान की धरती है। विश्व मानवता की हितैषी है यह। प्रकृति ने हिन्दुस्थान को बड़े प्यार से गढ़ा है। हिन्दू कीट पतिंग के प्रति भी संवेदनशील हैं। हिन्दुओं का सभी विचारधाराओ के प्रति आदर भाव है। सर्व पंथ समभाव हिन्दू जीवन रचना से ही विकसित हुआ है। हिन्दू वैदिक दर्शन के उत्तराधिकारी हैं। यहाँ उपनिषदों के रचनाकाल तक दर्शन आधारित धर्म का विकास हो चुका था। हिन्दू धर्म की व्यापकता ध्यान देने योग्य है। बृहदारण्यक उपनिषद् के ऋषि कहते हैं, जिससे सूर्य उदय और अस्त होते हैं, वे प्राण से उदित होते हैं, प्राण से ही अस्त होते हैं। इस धर्म को देवों ने बनाया है। इस मंत्र में धर्म का अर्थ नियम है। हिन्दू धर्म का सतत् विकास हुआ है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ। धर्म का बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू धर्म व दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते है और संवाद भी। प्रश्नाकुलता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति का गहन अध्ययन किया था। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। पूर्वज प्रकृति की नियमबद्धता से प्रेरित हुए थे। डॉ. पीवी काणे ने धर्म शास्त्र का इतिहास के पहले भाग में लिखा है, धर्म किसी संप्रदाय या मत का द्योतक नहीं है। यह जीवन का ढंग या आचार संहिता है। यह समाज या व्यक्ति के रूप में मनुष्य के कर्म और कृति को व्यवस्थित करता है। यहां धर्म का आशय हिन्दू जीवन रचना से है। यह बिना जांचा परखा अंध विश्वास नहीं है। ऐसे विश्वास के लिए अंग्रेजी में बिलीवर शब्द प्रयुक्त होता है। बिलीवर या विश्वासी तर्क नहीं करते। तर्क नहीं सुनते। वे अपने विश्वास दूसरों पर थोपने के लिए हिंसा को भी उचित ठहराते हैं। हिन्दू सभी पंथिक विश्वासों का सम्मान करते हैं। हिन्दुत्व मुक्त विचार का सार है। सत्य सार्वभौम सत्ता है और प्रकृति का संविधान ऋत भी। ऋत और सत्य प्रायः समानार्थी हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् में संकल्प है ऋतं वदिष्यामि-ऋत बोलूंगा। सत्यं वदिष्यामि-सत्य बोलूंगा। सत्य बोलना और धर्म का आचरण लोकमंगल की साधना है- सत्यंवद, धर्मं चर। धर्म की नींव का आधार प्रकृति के शाश्वत नियम हैं। धर्म को तार्किक परिणति तक विस्तृत करने वाले पूर्वज विलक्षण हैं। वे धर्म की व्यावहारिक आचार संहिता गढ़ते हैं लेकिन पंथिक मजहबी विश्वास की तरह धर्माचरण के लिए बाध्य नहीं करते। हिन्दू धर्म में तर्क, वाद-विवाद संवाद पर रोक नहीं है। प्राचीनकाल में धर्म तत्वों पर खुली बहस थी। विद्वानों की गोष्ठियां होती थीं। शास्त्रार्थ थे। धर्म के मूल तत्व पर भी संवाद थे। महाभारत के रचनाकाल में धर्म की तेजस्विता घटी थी। धर्म के निर्वचन में कठिनाई थी। महाभारत के यक्ष प्रश्न आधुनिक काल में भी लोकप्रिय है। यक्ष प्रश्नकर्ता था और पांचो पांडव उत्तरदाता। 4 पांडव उत्तर नहीं दे सके। युधिष्ठिर ने उत्तर दिये। महत्वपूर्ण प्रश्न था, का पंथाः -जीवन मार्ग क्या है? युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, तर्को अप्रतिष्ठा, श्रुतियो विभिन्नः, नैको ऋषिर्यस्य मतं प्रमाणं/धर्मस्य तत्व निहितं गुहायां, महाजनो येन गतः स पंथाः- तर्क की प्रतिष्ठा नहीं। वेद वचन भिन्न भिन्न। अनेक ऋषि, अनेक मत प्रमाणं। धर्म तत्व अंतर्गुहा में है।

# शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ अधिमास सावन के सातवें सोमवार पर भक्तों के दर्शनार्थ पौराणिक शिव मंदिर के द्वार रात 1:30 बजे से ही खोल दिए गए।सावन के छठे सोमवार पर शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की इस कदर भीड़ उमड़ी कि शिव मंदिर मार्ग में लगी रेलिंग बिखर गई थी और अफरा तफरी मच गई थी। सातवें सोमवार पर प्रशासन ने मुख्य मार्ग में महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग दीर्घा बना दी है। इससे महिला श्रद्धालुओं और बच्चों को सुरक्षित शिव मंदिर दर्शन के लिए भेजा जा सके। रविवार की देर रात तक एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार दुबे तैयारियों में जुटे रहे। तीन सीओ की निगरानी में पुलिस-पीएसी के जवान संभालेंगे व्यवस्थासावन के सातवें सोमवार पर तीन सीओ की निगरानी में दो कंपनी पीएसी और पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। रविवार की शाम से ही नगर के सभी प्रमुख मार्गो की प्रवेश सीमा पर बैरियर, बैरिकेडिंग सख्त कर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। पार्किंग स्थलों पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महेशापुर का लेखपाल निलंबित

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। बिजुआ इलाके के लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने पर एसडीएम ने लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बिजुआ इलाके की ग्राम पंचायत महेशापुर के लेखपाल शैलेश सिंह द्वारा वरासत करने को लेकर रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होते ही एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने संज्ञान लिया और लेखपाल शैलेश सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### बाइक की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक की मौत

जन एक्सप्रेस/अख्तर अली/निघासन खीरी। बाइक की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए।अमीर खां पुरवा निवासी सर्वेश के साथ उसकी पत्नी शांती बाइक से सीएचसी आई थी। उसने रात में एक मृत बच्चे को जन्म दिया था। सर्वेश सहते पुरवा ससुराल चला गया। अस्पताल में भर्ती शांति को दवा आदि देने के लिए उसके पास फोन गया। वह बाइक से ससुराल से अस्पताल आ रहा था। इसी बीच सहते पुरवा मोड़ पर तेज रफ्तार से आ रही बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। मौके पर ही सर्वेश की मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार तिनघरवा निवासी रफीक, दिलावर तिनघरवा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहां पर दिलावर की हालत नाजुक है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



### मासूम बच्ची को उसके परिजन के पुलिस ने किया हवाले

जन एक्सप्रेस/ लखीमपुर खीरी। छोटी काशी गोला में सोमवार को लगभग 2 साल की बच्ची अपने परिजनों से बिछड गई थी जो बच्ची काफी परेशान थी और कुछ बोल पाने और बता पाने में स्मर्थ थी सोशल मीडिया व लगातार अनाउंसमेंट के माध्यम से परिजनों को खोजा गया पुलिस के अथक प्रयास से उक्त बच्ची के माता पिता को उसके हवाले कर दिया गया बच्चे काफी घबराई हुई थी डरी हुई थी बच्ची को पाकर परिवार जन ने पुलिस का शुक्रिया अदा किया। बच्ची को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।




### श्रावण मास के सातवें सोमवार को श्रद्धालुओ की उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस/ अमीर नगर खीरी। महाभारत कालीन राजा विराट की नगरी गोमती नदी के किनारे बिराजमान भगवान आशुतोष श्री टेढेनाथ बाबा का आलोकित धाम सच्चा सावन के सातवें सोमवार को बाबा टेढेनाथ धाम पर कांवडियो तथा दूर दराज से आए शिव भक्तो की भीड तथा पूरा मंदिर का वातावरण हर हर महादेव के जयहोश से गूंज उठा सूर्य उदय के पूर्व में बाबा टेढेनाथ धाम पर काबरियो तथा शिव भक्तो का पहुचना शुरु हो गया। भक्तो ने बेल पत्री फूल भांग धतूरा गंगा जल से अभिषेक किया। भगवान की पूजा अर्चना की मंदिर मे शिव भक्तो की भीड रही। कई समाजिक और धार्मिक संगठनों ने काबरियो के स्वागत के लिए मंदिर परिसर में जलपान एवम भंडारे का आयोजन किया गया । सुरक्षा की दृष्ट से अमीर नगर पुलिस चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र यादव, अरविंद सिंह चंदेल,कास्टेविल संदीप कुमार, अमरीश शुक्ला,देवांश,उर्वेश कुमार,राजीव यादव,वालंटियर आत्मानंद शुक्ला, सुचित प्रताप सिंह, ,राममूर्ती यादव,अमित वाजपेयी अनिल स्वामी,पवन कुमार, सुभाष,जितेन्द्र अर्कबंशी,बलवीर सिंह,शुभेन्दर,पुनीत मिश्रा सुरज कश्यप पपील कुमार टेढेनाथ बाबा सेवा समिति के बलेंटियार उपस्थिति रहे।




### गन्ने के खेत में मिला अज्ञात का शव



जन एक्सप्रेस/ अमीर नगर खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव रसूलपुर के निकट गन्ने के खेत में मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त। सोशल मीडिया के माध्यम से कल देर ऊमृतक के शव की हुई शिनाख्त शव की शिनाख्त के लिए चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र यादव ने कल शाम को सोशल मीडिया का लिया था सहारा मृतक व्यक्ति का फोटो मैसेज सहित सोशल मीडिया पर कराया था बायरल मृतक के परिजनों ने कल देर रात व्हाट्सएप पर फोटो देखकर शव की शिनाख्त की थी मृतक व्यक्ति की शिनाख्त रामेंद्र पुत्र अशोक निवासी गांव खुशहालपुर थाना मैलानी के रुप में हुई।

### लायंस क्लब गोला ने की कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

जन एक्सप्रेस/ गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के आह्वान पर नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा प्रत्येक सोमवार को कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत की इस परम्परा में आज लायंस क्लब के पदाधिकारियों के द्वारा सदर चौराहे पर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा,मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार,नीरज गुप्ता,रविन्द्र सिंह, शिव गोपाल गुप्ता, रंजीत सिंह, श्याम राजपूत, विमल शुक्ला,विरेन्द्र महरोत्रा,राहुल गुप्ता,शशि कान्त गुप्ता, काके सहगल, अनुराग गुप्ता, विजय मिश्रा, रजत गुप्ता, सफाई नायक मोहित गिरि आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।



# मैं बेटी हूं मुझे संसार में आने दो

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मैं बेटी हूं। मुझे संसार में आने दो। मैं ही तो वह हूं, जिससे वंश की अवधारणा पूरी होती है और नया जीवन आकार लेता है। मैं हर परिवार के सुख का आधार हूं । मेरे बिना मानव जीवन की कल्पना अधूरी है। बेटी के इसी महत्व को बताने व समाज में बेटियों को लेकर पनपे भेदभाव मिटाने के लिए सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के साथ ही माताओं को कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए सजग प्रहरी की शपथ भी दिलाई गई। महिला कल्याण विभाग लखीमपुर खीरी द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में सोमवार को जन्मी कन्याओं का जन्मोत्सव मनाकर माताओं को कन्या भ्रूण हत्या, बेटा-बेटी में भेदभाव मिटाने को सजग प्रहरी की भूमिका निभाने का आवाह्न किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ज्योति मल्होत्रा ने नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए। सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि आज समाज में ऐसे कई उदाहरण हैं कि बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। प्रदेश सरकार बेटियों के जन्म पर उत्सव मना रही है। इसका मकसद है कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा विष्ट ने कहा ने कहा कि जिले में बेटी के जन्म को लेकर कुछ परिवारों में आज भी उदासी है। बेटियों को कभी भी बेटों से कमतर नहीं समझना चाहिए। जिला समन्वयक श्रीमती निक्की गुप्ता ने कहा ने कहा कि कि सरकार ने लिंग अनुपात के अंतर को मिटाने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस मौके पर हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा सहित जिला महिलाचिकित्सालय के चिकित्सा एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## पीड़ित परिजनों ने मृतिका कंचन की सीबीआई जांच के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी



नगर के मौनीबाबा तिराहे स्थित मकान में हुए फांसी कांड के मामले में पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। सीबीआई जांच की मांग की जानकारी के अनुसार नगर के मौनी बाबा तिराहे स्थित मकान में हुए फांसी कांड में मृतक कंचन पुत्री घुरई निवासी मोहल्ला बरबंडा पलिया के परिजन सहित दर्जनों मोहल्लेवासी सीबीआई जांच की मांग को लेकर तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आरती को सौंपा। तहसील आरती को सौंपे गए ज्ञापन में पीड़ित पक्ष ने मामले में सीबीआई जांच, पीड़ित परिवार की सुरक्षा की मांग, साथ ही घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार पर जबरन पैसा लेने व धमकी देने वालों पर भी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान लड़की मृतक किशोरी के जीजा राकेश,आरती राय, जसवंत, कमाल अहमद सहित दर्जनों मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

## नहर में फंसे युवक के शव को निकाल पाने में नहीं मिली सफलता

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/ गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली क्षेत्र की खीरी ब्रांच नहर में एक युवक का शव फसा देखा गया। मशक्कत के बाद ही शाम तक पुलिस शव बाहर निकाल नहीं पाई थी।सोमवार को दोपहर अलीगंज रोड पर खीरी ब्रांच नहर के झाल में एक शव फसा देखा गया। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोर बुलाए गए, पर शाम तक शव नहीं निकला था। हलका इंचार्ज चेतन तोमर का कहना है कि शव निकलने के लिए 4 विकेट की टीम लगी रही लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है शव बाहर निकलने के बाद ही पहचान कराई जाएगी।

### नागपंचमी का पर्व परम्परागत तरीके से पूरे क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर। नागपंचमी का पर्व सोमवार को परम्परागत तरीके से पूरे क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। घरों में महिलाओंओं ने नाग के प्रतीकों को दूध पिलाया और पकवान बनाये। सायं के समय मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर रंग-बिरंगे कपड़ों से बनी गुड़िया बहनों ने डाली, जिन्हें पीटने का रिवाज भाइयों ने निभाया। नगर के दुर्गा मंदिर, बुढ़िया माता, संकटा देवी, परमहंस धाम बन्नी, सांई मंदिर ठाकुरपुर, सुंदौली, सलाउद्दीन, बेहटा, शहजानी, रमुआपुर, पैंतेपुर, मोतीपुर, मीरानगर, रामपुर मथुरा, पोखरा कलां, बजेहरा, बाबूपुर, बेहमा, सदरपुर सहित पूरे क्षेत्र में नागपंचमी पर घरों में सर्पो के प्रतीकों को दूध पिलाने के साथ बहनों द्वारा डाली जाने वाली गुड़ियों को भाइयों ने रंग बिरंगी डण्डियों, कास के बने कोड़ों से पिटाई का रिवाज निभाया।



## साहित्य के प्रति समर्पण ने अनिल द्विवेदी को अमर कर दिया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




संस्था संस्थापक अनिल द्विवेदी जी साहित्यकार ना होकर भी साहित्य के प्रति इस प्रकार समर्पित थे कि बड़े-बड़े साहित्यकार भी उनके सामने बौने नजर आते थे, उनके इस समर्पण ने ही उन्हें अमर कर दिया है। यह विचार अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी में युवा शायर यासीन इब्ने उमर ने गोष्ठी का संचालन करते हुए व्यक्त किए। संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन शहर के तरीनपुर रोड स्थित जागेश्वर निवास निकट हरदोई चुंगी पर किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर महफूज रहमानी ने की, तथा कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या प्रसाद गौतम की वंदना से हुआ। इस अवसर पर कवियों व शायरों ने संगम की अनवरत साप्ताहिक काव्य गोष्ठी की निरंतरता तथा स्वर्गीय अनिल द्विवेदी के साहित्य प्रेम पर परिचर्चा करते हुए उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महफूज रहमानी, एपी गौतम, नफीस सीतापुरी, यासीन इब्ने उमर, प्रगति बाजपेई, रियाजुद्दीन रियाज, सुरैया निकहत, अरुण कुमार श्रीवास्तव, कान्हा बाजपेई आदि ने काव्य पाठ किया, तथा राष्ट्रगान के बाद सभा का समापन किया गया।

## 17 वां कावरिया विशाल भंडारा एवं स्वागत समारोह का भव्य आयोजन हुआ

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

मां जानकी रसोई द्वारा आयोजित 17 वा कावरिया विशाल भंडारा एवं स्वागत समारोह का भव्य आयोजन किया गया भंडारे में तमाम तरह के पकवान प्रसाद के रूप में पूरी रात कांवरियों को प्रसाद वितरण किया गया सावन का महीना भगवान शंकर और मां पार्वती को समर्पित है। सावन के सातवा सोमवार को भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मोहम्मदी में भी कावरियों के लिये हर साल की तरह इस साल भी रामजानकी सेवा समिति मोहम्मदी के द्वारा कावरियों के लिये 24 घण्टे हेल्पलाइन सेवा भी उपलब्ध है। जिसका दूर से आये हुए कावरियों को असुविधा का सामना नही करना पड़ता हैं।कांवरियों की कोई भी समस्या होने पर मोहम्मदी में भी रामजानकी सेवा समिति के नम्बरों पर सम्पर्क करें आपकी समस्या का समाधान किया जाता है। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दुर्गा मल्होत्रा, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई, आलोक कुमार सिंह, मनोज गुप्ता, संजीव महरोत्रा, सुशील वर्मा, रमाकांत द्विवेदी, पप्पू प्रधान, मां जानकी रसोई के संचालक एवं समाजसेवी शिवम राठौर ने हर बार की तरह इस बार भी 17 वा विशाल भंडारा एवं स्वागत समारोह का भव्य आयोजन समाजसेवी शिवम राठौर के द्वारा एवं तमाम सहयोगों की कड़ी मेहनत के बाद संपन्न हुआ वहीं समाजसेवी ने बुलडोजर द्वारा कांवरियों पर पुष्प वर्षा कराई।

# 8 शराब तस्कर गिरफ्तार

## धधक रही पांच शराब की भट्टियां, 120 लीटर तैयार की गई शराब बरामद, 1600 लीटर लहन को किया नष्ट



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के नेतृत्व में जिले भर में अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत सोमवार को ईसानगर थानाध्यक्ष की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से धधक रही शराब बनाने की पांच भट्ठियों के साथ 8 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 120 लीटर तैयार अवैध शराब बरामद करते हुए शराब बनाने के लिए रखी 1600 लीटर लहन को नष्ट करवा कर सभी तस्करों को विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेजा जा रहा है। वही अचानक हुई बड़ी कार्रवाई के बाद अन्य नशे के कारोबारियों में दहशत का माहौल व्याप्त है। सोमवार को ईसानगर थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी की अगुवाई में गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी,जितेंद्र सिंह,विद्यासागर शुक्ला, राहुल सिंघल समेत सिपाही अशोक तिवारी, शिवमकुमार,सोनवीर,शिवकुमार व अंकित राठी ने अलग अलग स्थानों पर छापामार कर अवैध रूप से तैयार की जा रही अवैध शराब के ज़खीरे के साथ तस्कर इंद्रजीत सिंह पुत्र हरनाम सिंह,शत्रुघन पुत्र हरद्वारी निवासी ठकुरन पुरवा, बिरसिंगपुर, राजेन्द्र उर्फ राजेश पुत्र कालिका, मौजीलाल पुत्र कालिका निवासी गनेशपुर, लक्ष्मण पुत्र मथुरा निवासी चमारनपुरवा लौकाही,राजकिशोर पुत्र गोपाली निवासी लोनियंपूर्वा लौकाही थाना ईसानगर व सोनू पुत्र कलेक्ट निवासी गोगलिया थाना शारदानगर खीरी,करन सिंह पुत्र राजकुमार निवासी सियापुर थाना तंबौर जनपद सीतापुर को पकड़ लिया। इनके पास से मौके पर धधक रही पांच शराब बनाने की भठ्ठियों के साथ 120 लीटर तैयार की गई शराब व शराब बनाने के लिए रखी 1600 लीटर लहन जिसको नष्ट करवाकर सभी शराब तस्करों को विधिक कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशे के कारोबारियों के खिलाफ़ क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है सोमवार को टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ आठ लोगों को पकड़ा गया है,जिन सभी को विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

### यथार्थ सेवा समिति के स्थापना दिवस पर तीज महोत्सव का हुआ आयोजन

# तीज सुंदरी रमनजीत कौर को मिला खिताब

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



**पलिया कलां खीरी।** नगर की चर्चित समाजसेवी संस्था यथार्थ सेवा समिति द्वारा अध्यक्ष बीना गुप्ता एवं महामंत्री दीपशिखा गुप्ता के निर्देशन में समिति की स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने पर तीज उत्सव के अंतर्गत भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ पलिया नगर की नवागत तहसीलदार श्रीमती आरती यादव और स्थानीय विधायक रोमी साहनी की धर्मपत्नी डोली साहनी द्वारा शिव पार्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया।इस अवसर पर गणेश वंदना ,समाज के सभी लोगों को प्रेरणादायक संदेश देती एक नृत्य नाटिका, लोकगीत,घूमर नृत्य भांगड़ा पैरोडी और समिति द्वारा अब तक किए गए कार्यों को दर्शाती एक नाटिका प्रस्तुत की गईतीज उत्सव के अंतर्गत गणेश वंदना के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत हुई उसके पश्चात स्थानीय रवि रॉक डांस एकेडमी के बच्चों ने वहां बैठे सभी लोगों को झकझोर देने वाली एक बेहतरीन नाटिका प्रस्तुत की जिसमें यह दिखाया गाया कि भविष्य में लोग बेटियों को इसलिए नहीं पैदा होने देंगे क्योंकि उन्हें आगे चलकर आज की सबसे बड़ी कुरीति रेप का सामना ना करना पड़े इस नाटिका के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि हम अपने बच्चों खासकर लड़कों में ऐसे संस्कार डालें और ऐसी शिक्षा प्रदान करें ताकि वे लड़कियों के प्रति एक अच्छी सोच और सम्मानपूर्ण दृष्टिकोण रखें और उनमे किसी भी प्रकार के मनोविकार ना पैदा होंइसके पश्चात समिति की महिलाओं द्वारा घूमर नृत्य, लोकगीत और पुराने फिल्मी गीतों पर आधारित एक सुंदर पैरोडी प्रस्तुत की गई। इस बीच यथार्थ सेवा समिति द्वारा विगत 9 वर्षों में किए गए विभिन्न कार्यों,बच्चों की निशुल्क शिक्षा ,वृक्षारोपण, निर्धन कन्या विवाह, जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता ,कंबल वितरण ,कोरोना काल में घर घर जाकर भोजन एवम राशन वितरण,पर्यावरण सरंक्षण,आदि कार्यों पर प्रकाश डालती एक लघु नाटिका रेनू गुप्ता एवम सुधा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत की गईकार्यक्रम में तीज सुंदरी का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेता रमनजीत कौर और उपविजेता डिंपल तलवार रही।

## बज्मे उर्दू सीतापुर ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी अल्लामा फजले हक खैराबादी की कुर्बानियों को याद किया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



बज्मे-उर्दू सीतापुर की एक महत्वपूर्ण बैठक बज्म के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध शायर एवं पत्रकार मस्त हफ़ीज़ रहमानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर मस्त हफीज रहमानी ने महान मुजाहिद आजादी अल्लामा फजले हक खैराबादी को श्रद्धांजलि देते हुए और उनकी कुर्बानियों को याद करते हुए कहा कि भारत को आजाद कराने के लिए लाखों मुसलमानों खासकर मुस्लिम विद्वानों ने अपनी जान और माल की कुर्बानी दी है. अल्लामा फ़ज़्ले हक़ खैराबादी भी इन्हीं मुजाहिदीनों में से एक थे जो एक ऐसे आदर्श व्यक्तित्व के मालिक थे जिनकी देशभक्ति और आत्म-बलिदान दुनिया के अंत तक हमें सिखाती रहेगी। मस्त हफीज रहमानी ने कहा कि आज जरूरत है कि हम अपने सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दें और उनकी कुर्बानियों को याद करते हुए देश और कौम की सेवा करें. उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आने वाली पीढ़ियों को इतिहास के सुनहरे पन्नों से जोड़ा जाए और उनकी शिक्षा-प्रशिक्षण इस तरह किया जाए कि वे अपने पूर्वजों के अतीत को जान और समझ सकें।
मस्त हफीज रहमानी ने आगे कहा कि उर्दू सिर्फ एक भाषा नहीं है बल्कि उर्दू एक सभ्यता का नाम है. उर्दू का इतिहास गवाह है कि उर्दू के अनुयायियों ने हर तरह से भारत की सेवा करने का काम किया है। बज्मे-उर्दू सीतापुर पिछले 54 वर्षों से साहित्यिक बैठकों और समारोहों के माध्यम से उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। उर्दू भाषा और साहित्य को और अधिक बढ़ावा देने के लिए एक आंदोलन चलाकर लोगों को आकर्षित करना आवश्यक है ताकि नई पीढ़ी को उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने और प्रकाशित करने के कार्य को और अधिक परिश्रम से करने में पूरा सहयोग मिल सके। इस मौके पर बज्मे उर्दू के उपाध्यक्ष इश्तियाक अली सबा, महासचिव मंजर यासीन, रिजवान अली खान, महफूज रहमानी, खुश्तर रहमानी और अबुजर नोमान खान मौजूद रहे जिन्होंने अपनी कविताएं पेश की।

# हॉकी के जादूगर ध्यान चन्द की जंयती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस-2023 का अयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



उ0प्र0 शासन एवं खेल निदेशालय, लखनऊ से प्राप्त निर्देशो के क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से 29 अगस्त 2023 को दादा ध्यान चन्द हॉकी के जादूगर के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस-2023 के उपलक्ष्य में दिनांक 21 अगस्त से 29 अगस्त 2023 तक खेल सप्ताह के अन्तर्गत में जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा कबड्डी (बालिका), ताइक्वाण्डों (बालक, बालिका), फुटबाल (बालक) व हाकी (बालक) खेल की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है। खेल सप्ताह का शुभारम्भ आज जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा शुभारम्भ की घोषणा कर किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय, को प्रभारी क्रीड़ाधिकारी, सीतापुर द्वारा पुष्पगुच्छ भेट किया गया, तत्पश्चात ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक सुरेन्द्र के द्वारा जिलाधिकारी महोदय का बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया व अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रेरित किया। अन्त में प्रभारी क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। खेल सप्ताह के शुभारम्भ के अवसर पर आज कबड्डी बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय तरणताल स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस मौके जिला खेल कार्यालय के कबड्डी प्रशिक्षक अरूण गौतम एवं प्रशिक्षक, विवेक, मंयक, सुरेन्द्र, देवेन्द्र एवं विभिन्न विद्यालयों शारीरिक शिक्षक एवं अभिभावक व सभी कर्मचारी मौजूद रहे। आज कबड्डी मैच के परिणाम में पहला मैच सिंघानिया एजुकेशन इस्टीट्यूट बनाम केन्द्रीय विद्यालय के मध्य खेला गया, जिसमें सिघांनिया एजुकेशन इंस्टीट्यूट 45-35 से विजय रही। दूसरा मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल बनाम लखनऊ पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल 29-26 से विजय विजय रही। पहला सेमीफाइनल मैच आर0एम0पी0 इण्टर कालेज टीम बनाम सिघांनिया एजुकेशन इस्टीट्यूट के मध्य खेला गया, जिसमें आर0एम0पी इण्टर कालेज 27-05 से विजय रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल टीम बनाम आर्य कन्या इण्टर कालेज के मध्य खेला गया, जिसमें आर्य कन्या इण्टर कालेज 26-13 से विजय रही तथा फाइनल मैच आर0एम0पी0 इण्टर कालेज बनाम आर्य कन्या इण्टर कालेज के मध्य खेला गया, जिसमें आर0एम0पी0 इण्टर कालेज 40-27 से विजय रही।

# श्रद्धालुओं ने नाग देवता के दर्शन कर चढ़ाई दान दक्षिणा

जन एक्सप्रेस | उरई

✻ जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नाग पंचमी का त्यौहार

नाग पंचमी का त्योहार मनाया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार, नाग पंचमी का त्योहार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। देश के हर हिस्से में नाग पंचमी अलग-अलग तरीकों से मनाई जाती है। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के बाहर बैठे सपेरों के पास पहुंचकर नाग देवता के दर्शन किए और उनको दूध पिलाकर, दान दिया। नाग पंचमी का त्योहार हर साल श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। पंचमी तिथि कि शुरुआत 21 अगस्त यानी सोमवार रात 12 बजकर 21 मिनट हुई और समापन 22 अगस्त यानी मंगलवार रात 2 बजे तक होगा। नाग पंचमी का पूजा मुहूर्त 21 अगस्त यानी सोमवार सुबह 5 बजकर 53 मिनट से 8 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। नाग पंचमी के देव आठ देव माने गए हैं। इस दिन में अनन्त, वासुकि, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट और शंख नामक अष्टनागों की उपासना की जाती है। नाग पंचमी से एक दिन पहले चतुर्थी के दिन एक बार भोजन करें तथा पंचमी के दिन उपवास करके शाम को भोजन करना चाहिए। पूजा करने के लिए नाग चित्र या मिटटी की सर्प मूर्ति को लकड़ी की चौकी के ऊपर स्थान दिया जाता है। फिर हल्दी, रोली (लाल सिंदूर), चावल और फूल चढ़कर नाग देवता की पूजा की जाती है। उसके बाद कच्चा दूध, घी, चीनी मिलाकर लकड़ी के पट्टे पर बैठे सर्प देवता को अर्पित किया जाता है। पूजन करने के बाद सर्प देवता की आरती उतारी जाती है। सुविधा की दृष्टि से किसी सपेरे को कुछ दक्षिणा देकर यह दूध सर्प को पिला सकते हैं। अंत में नाग पंचमी की कथा अवश्य सुननी चाहिए। वहीं लोगों ने मंदिरों के बाहर बैठे नागों के लिए सपेरे को दान दक्षिणा देकर नाग पंचमी के अवसर पर पूजा अर्चना की और नाग देवता से आशीर्वाद लिया।



## फास्ट फॉरवर्ड

### प्रसिद्ध आल्हा गायिका शीलू सिंह राजपूत गाएंगी वीर रस की गाथा



**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** आल्हा वीर रस की गाथा है। जिसे सुनने मात्र से रक्त शिराएं हिलोरे मारने लगती है। हृदय का स्पंदन तीव्र हो जाता है। और मन में एक नई ऊर्जा संचालित होने लगती है। उत्साह ऐसा कि एक छलांग में आसमान भी छोटा पड़ जाए। कुछ ऐसी ही वीर रस प्रधान रचना है आल्हा। लेकिन समय की मार देखिए कि जो आल्हा गांव-गांव गाया जाता था। वह आज मीलों दूर चले जाने पर भी नहीं सुना जाता है। बाराबंकी जनपद के रामनगर के चेयरमैन रामशरण पाठक पूर्व से आल्हा का एक वृहद स्तर पर आयोजन करते हुए आ रहे है। नाग पंचमी के दूसरे दिन होने वाले इस आल्हा के आयोजन में इस बार मंगलवार को प्रसिद्ध आल्हा गायिका शीलू सिंह राजपूत आवाज का जादू बिखेरेंगी। जिसको लेकर टाउन सहित समस्त जनपद के आल्हा प्रेमियों में विशेष उत्सुकता बनी हुई है।

### खेल दिवस से पूर्व क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के दिन आयोजित होने वाले खेल दिवस से पूर्व सप्ताह भर विभिन्न खेलों का आयोजन शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होना है। जिसकी शुरुआत सोमवार 21 तारीख को हुई तीन मैचों की क्रिकेट प्रतियोगिता से हो गई। यह क्रिकेट प्रतियोगिता आने वाली 23 तारीख को फाइनल खेलकर पूर्ण होगी। जिसका शुभारंभ जिला खेल अधिकारी नरेश चंद्र यादव ने बल्ला थामकर शॉट लगाते हुए किया। पहले दिन हुए तीन मैचों की श्रंखला में पहला मैंच मेजर ध्यान चंद्र बनाम केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मध्य खेला गया। जिसमें मेजर ध्यानचंद की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 209 रन बनाकर विजय हासिल की। वहीं दूसरा मैच मिल्खा सिंह बनाम गौस मोहम्मद के मध्य खेला गया। जिसमें मिल्खा सिंह की टीम 47 रन से विजई रही। और तीसरा मैच कर्नल सी के नायडू बनाम चंद्रशेखर आजाद के बीच खेला गया जिसमें चंद्रशेखर आजाद मात्र 2 रन से विजई रही।

### मंदिर प्रांगण में मिले माता के चोरी हुए आभूषण

**जन एक्सप्रेस/जैदपुर-बाराबंकी।** बीबीपुर गांव स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में रविवार की शाम हड़कंप मच गया। श्रद्धालुओं ने देखा कि दुर्गा माता की प्रतिमा में लगे आभूषण चोरी हो गए थे। जिसकी सूचना गांव सहित पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद चोरी की जानकारी मंदिर के कर्मचारियों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी लेकिन देर रात तक गहनों का कोई पता ना चला। सोमवार दिन में 10 बजे माता की मूर्ति से चोरी हुए आभूषण मंदिर के प्रांगण में पड़े हुए देखे गए। मंदिर प्रांगण की साफ सफाई कर रहे सेवादार ने आभूषणों के मिलने की सूचना मंदिर के पुजारी को दी। जिन्होंने अधिकांश आभूषण मिलने की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुट गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक शातिर चोर ने माता के आभूषणों को टुकड़ों में काटकर पॉलिथीन के अंदर रख मंदिर प्रांगण में डाल दिया है।

### दूधेश्वर महादेव में पूर्व मंत्री ने किया रुद्राभिषेक

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** सोमवार को नागपंचमी व सावन सोमवार के विशेष संयोग पर जनपद भर में मौजूद शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महादेव का जलाभिषेक किया। इस दौरान शहर में सबसे अधिक भीड़ कैलाश आश्रम व दूधेश्वर मंदिर में देखी गई। सत्यप्रेमी नगर स्थित दूधेश्वर मंदिर में पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप व पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने महादेव का रुद्राभिषेक कर मनोवांछित फल की कामना की। उनके साथ समाजवादी जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान उपस्थित रहे।

### दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** नागपंचमी व सावन के सोमवार के अनूठे संगम पर लोधेश्वर महादेवा में शिव भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर तक जाने वाला दो किलोमीटर लंबा रास्ता रास्ता शिव श्रद्धालुओं के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। यहां रविवार से शुरू हुए दर्शन पूजन के क्रम में सोमवार देर रात तक होने वाली श्रृंगार पूजा तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। श्रावण मास के तीसरे सोमवार और अधिक मास के चार सोमवार मिलाकर अबकी बार सातवें सोमवार को भगवान लोधेश्वर का जलाभिषेक करने के लिए रविवार की शाम से ही जलाभिषेक दर्शन करने का सिलसिला जारी रहा। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने लेटकर परिक्रमा भी लगाई। जिसमें जनपद के सीनियर फोटो जर्नलिस्ट नवनीत तिवारी, सुरेंद्र मौर्य व आकाश गुप्ता सहित पत्रकार नितेश मिश्रा भी शामिल रहे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के लिए मंदिर के अंदर महिला वॉलिंटियर की टीम सहित बड़ी संख्या तैनात पुलिस बल मुस्तैद रहा।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** जनपद बहराइच थाना हुजूरपुर अंतर्गत ग्राम चिलौली निवासी 31 वर्षीय रमेश यादव पुत्र मंगल यादव रविवार रात्रि 10 बजे पैदल महादेवा लोधेश्वर जलाभिषेक के लिए जा रहा था। रास्ते में चौकाघाट रेलवे स्टेशन के सामने पहुंचने पर एक अज्ञात ट्रक युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जानकारी मृतक के साथियों ने परिजनों को देकर युवक को रामनगर सीएचसी लेकर पहुंचे। इधर परिजन जब तक सीएचसी पहुंचते यहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया।

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना असंद्रा के ग्राम गढ़ी मजरे खारिकाफूल निवासी रामराज (35) पुत्र गंगाराम ने रविवार रात्रि अज्ञात कारणों से गांव के पास बाग में लगे नीम के पेड़ से गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो तत्काल घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों की जानकारी पर पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राजकीय सम्मान के साथ राष्ट्रीय पक्षी का अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना रामसनेहीघाट अंतर्गत बेलहा चौराहे के पास आवारा कुत्तों के हमले से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। सूचना पर रामसनेहीघाट गौ सेवा टीम सहित स्थानीय पुलिस नें सर्वप्रथम मोर के शव को तिरंगे से ढक दिया। फिर मोर के ऊपर फूल चढ़ाए गए और घटनास्थल पर मौजूद सभी लोगों ने मोर की पूरे सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली। जिसके बाद पक्षी का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

### जिलाधिकारी की पहल से बाढ़ पीड़ितों को मिलेगी राहत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** बीते कई वर्षों से कटान सहित नाना प्रकार की समस्याओं का दंश झेल रहे बाढ़ प्रभावित लोग बहुत जल्द सुरक्षित जगह पर बने स्थाई ठिकाने में रहते हुए नजर आएंगे। जिसको लेकर पहल जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कर दी है। जिसमें जिलाधिकारी बाढ़ का दंश झेल रहे प्रभावित लोगों से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास सहित अन्य माध्यमों से मिलने वाले आवासों को लेकर सुरक्षित जगह में रहने की अपील कर रहे है। साथ ही जिलाधिकारी यहां स्थाई रूप से तीन ऑडिटोरियम भी बनाने जा रहे है। यह फैसला सूरतगंज ब्लाक की बाढ़ से प्रभावित 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को राहत देने वाला है। उप जिलाधिकारी नगर अनुराग सिंह ने बताया कि ऑडिटोरियम हेतमापुर, पर्वतपुर और तपेसिपाह में स्थाई रूप से बनाए जाने की कार्य योजना तैयार की गई है। अब तक प्रत्येक वर्ष बाढ़ पीड़ितों को बंधे सहित अन्य अस्थाई रूप से बनने वाले शिविरों में रोकने पर लाखों रुपए होता आया है। लेकिन अब इन ऑडिटोरियम के बन जाने के बाद यहां की लगभग तीन हजार की आबादी को राहत मिल जाएगी। जिसे बाढ़ के दौरान बंधे पर रात गुजारनी पड़ती है और नाना प्रकार के कष्ट सहने पड़ते हैं। वहीं विकासखंड सूरतगंज की बीडीओ प्रीति वर्मा के मुताबिक बंधे के अंदर बतनेरा गांव के 118 परिवारों को बंधे के पार आवासीय पट्टा कर वहां पर कॉलोनी तैयार करने का प्रस्ताव जिला अधिकारी व सीडीओ ने शासन को भेज दिया था। जिसकीस्वीकृति मिलने पर एक जगह पर 118 आवासों की कॉलोनी विकसित की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास को स्वीकृत कर दिया गया है। इन घरों में चारागाह भी बनाए जाएंगे।

### कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जेवरात हड़प कर कूट रचित फर्जी ट्रेनिंग प्रपत्र तैयार किए और शादी के लिए कार की मांग कर वादी की पुत्री से शादी करने से मना कर दिया। इस पर पुलिस ने सभी तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की। कोर्ट के आदेश पर शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर ढड़ेश्वरी मंदिर के पास निवासी रामवीर सिंह पुत्र गिरजा शंकर एडवोकेट ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शिवम सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी रूरा अड्डू समेत तीन लोगों ने मिलकर उसकी पुत्री की नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करके 4 लख रुपए व 16 लाख रुपये सोने के जेवरात ले लिए थे और कूटरचित करके फर्जी ट्रेनिंग दिखाकर प्रपत्र तैयार कर दिए थे और शादी के लिए कार की मांग की। जब उन्होंने कार देने से इनकार कर दिया तो उसकी पुत्री से शादी करने से उक्त आरोपियों ने मना कर दिया। इस पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की।

# नागपंचमी पर्व पर लंका मीनार में दंगल व मेला का हुआ आयोजन, उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस | कालपी

नागपंचमी का पर्व सोमवार को कालपी, जोल्हुपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में परंपरागत एवं धूमधाम पूर्वक मनाया गया। इस दौरान कई स्थानों में दंगल व मेले का आयोजन किया गया। दोपहर को ग्राम जोल्हूपुर स्थित शिव मंदिर के परिसर में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल के उद्घाटन करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर ने कहा कि पहलवानी से शरीर तुस्त दुरस्त एवं मजबूत रहता है। साथ ही मानसिक रूप से पहलवानों को सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि दंगल के आयोजनों से प्रेम एवं सौहार्द का माहौल पैदा होता है।इतिहासिक एवं धार्मिक रूप से विख्यात लंका मीनार के परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई। दोपहर लंका मीनार के प्रबंधक श्रवण कुमार निगम तथा अन्य लोगो ने नाग देवता की पूजा अर्चना कर नाग पंचमी मेले का शुभारंभ किया। मेले में भारी संख्या में महिलाएं, बच्चे तथा भक्त उमड़ पड़े। लंका मीनार में के परिसर में विशाल दंगल का परंपरागत तरीके से आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर से आए पहलवानों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रदेश स्तर के नामी ग्रामी पहलवानों ने कुश्ती का प्रदर्शन करके दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। दंगल में दीपू पहलवान, मोनू पहलवान, लोकेंद्र सिंह पहलवान, छोटू पहलवान खटिया कला सहित दर्जनों पहलवानों ने दंगल में हिस्सा लेकर अपने-अपने पहलवानी के दाव पेच दिखा करके प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भोपा सिंह, विवेक सिंह, रविंद्र सिंह चौहान, ब्रह्मा सिंह यादव, पूर्व सभासद अरविंद सिंह राठौड़, तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



**शिव मंदिरों में भक्तों की रही भीड़**

**कालपी।** सावन का सोमवार होने की वजह से शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए पहुंचना शुरू हो गई। पातालेश्वर मंदिर सहित तमाम मंदिरों में महिलाओं बच्चों तथा भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। सावन के सोमवार होने की वजह से प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# यूपी टी-20 लीग में डेढ़ लाख में बिके डीसीए जालौन जोन के देवांश

जन एक्सप्रेस | उरई

यूपीटी-20 लीग के पहले संस्करण में जालौन जोन के प्रतिभाशाली क्रिकेटर देवांश चतुर्वेदी को गोरखपुर लायंस टीम ने खरीदा है।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन जोन के चाइनामैन गेंदबाज देवांश चतुर्वेदी को गोरखपुर लाइंस ने डेढ़ लाख की बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया है।

30 अगस्त से कानपुर में होने जा रही प्रदेश की क्रिकेट यूपीञ्ज-20 लीग में प्रदेश के खिलाड़ियों का बल्ले और गेंद के साथ उनका प्रदर्शन सजीव देख सकते है। डीसीए जालौन जोन के सभी पदाधिकारियों और अध्यक्ष प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक और सचिव विकास कुमार शर्मा ने देवांश को आगामी टी-20 टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। देवांश यूपीसीए द्वारा आयोजित अंडर 16 और अंडर-19 में चयन हुआ था। डीसीए द्वारा आयोजित ऑल इंडिया टूर्नामेंट में देवांश ने दो बार अपने जालौन जोन की टीम से खेला। जिसमें उसने अच्छा प्रदर्शन किया देवांश ने अपने प्रदर्शन और मार्गदर्शन के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन को धन्यवाद दिया। डीसीए सचिव विकास कुमार शर्मा ने बताया कि देवांश चतुर्वेदी को गोरखपुर लाइंस द्वारा अपनी टीम में शामिल किए जाने पर जिले के लिए अच्छा बताया और कहा कि प्रदेश के डीसीए के रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को अब ञ्20 लीग में उनके प्रदर्शन के आधार पर चयन किया। जो सभी जिलों के खिलाड़ियों के साथ-साथ जालौन जिले के खिलाड़ियों के लिए भी एक अच्छा संदेश साबित होगा।



# अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को हुआ आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस | उरई

✻ गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, 20 हजार रुपए के अर्थदंड से किया दंडित

न्यायालय में सात वर्ष ट्रायल पर चले अपहरण व दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। विशेष न्यायाधीश मोहम्मद आजाद ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया।

साथ ही 20 हजार रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया। शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत सिंह गुर्जर ने बताया कि जिला झांसी क्षेत्र के कस्बा मोंठ के मुहल्ला आजाद नगर निवासी आदर्श उर्फ बाबी ने 24 मई 2016 को कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का अपहरण कर लिया था। बल्कि अपहरण के बाद किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया था। बेटी के अपहरण की जानकारी जब किशोरी के पिता को हुई, तो उसकी काफी खोजबीन की गई।

घटना की शिकायत किशोरी के पिता ने कोंच कोतवाली पुलिस से की। जिस पर पुलिस ने किशोरी को तीन दिन बाद बरामद कर लिया। पुलिस ने जब किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया तो जांच में दुष्कर्म होने की पुष्टि हो गई। पुलिस ने पीडिता के पिता की तहरीर पर घटना के तीन दिन बाद आरोपी आदर्श के विरुद्ध नाबालिग का अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्जकर उसे जेल भेज दिया था। मुकदमा दर्ज होने के तीन माह बाद पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। पॉक्सो एक्ट कोर्ट में सात साल तक चली सुनवाई के दौरान गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश मुहम्मद आजाद ने आदर्श को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी। इसके अलावा 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

# बैंको का निरीक्षण कर अनजान लोगों से की पूछताछ, कैमरों को किया चेक

जन एक्सप्रेस | कालपी

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में सोमवार को कोतवाली पुलिस के अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने बैंकों का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों का जायजा लिया। कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक ने भारतीय स्टेट बैंक के शाखा का निरीक्षण कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। इसी प्रकार इंडियन बैंक मुख्य शाखा, एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा का भी पुलिस जवानों के द्वारा निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ बैंक में स्थापित सीसीटीवी कैमरे, सायरन आदि का भी जायजा लिया। एसबीआई के शाखा प्रबंधक विनोद कुमार तथा एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक रंजीत चटर्जी से साथ बैठक कर शाखों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम को लेकर चर्चा की गई। बैंक के बाहर खड़ी होने वाली मोटरसाइकिल तथा कारों का लॉक की हकीकत को भी देखा। ड्यूटी मौजूद पुलिस जवानों तथा सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए गए बैंक के आसपास घूमने वाले संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखी जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# रोजगार मेले में 52 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

जन एक्सप्रेस | उरई

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को एक दिवसीय रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें केपी रियालबल तकनीकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव (हरियाणा) के प्रतिनिधियों ने आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। मेले में लगभग 83 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 52 अभ्यर्थियों का कंपनी के प्रतिनिधियों ने चयन कर लिया। इसके बाद कंपनी क प्रतिनिधियों ने अपनी कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की नोडल प्रधानाचार्या नूपुर कश्यप ने बताया कि इस कंपनी ने मेले में प्रतिभाग कर आईटीआई पास अभ्यर्थियों का चयन किया। आगे भी इसी तरह के मेले आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने चयनति अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर केके चतुर्वेदी, संजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**शासन की मंशा अनुसार आए दिन चलाया जाएगा चेकिंग अभियानः निखिल जिंदल**

# किसी भी सूरत में नहीं बक्शे जायेंगे विद्युत चोर : अभिषेक सचान

✻ आधा दर्जन से अधिक पकड़े गए संट मीटरों को मौके पर बदला गया

जन एक्सप्रेस | उरई

शासन की मनसा अनुसार विद्युत विभाग के आलाधिकारियों ने विजिलेंस टीम के साथ सोमवार को मोहल्ला लहरिया पुरवा में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शातिर विद्युत चोरों द्वारा संट किए गए करीब आधा दर्जन से अधिक मीटरों को बदला। फिलहाल अधिकारियों ने पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात कही। शासन की मंशा अनुसार विद्युत चोरी रोकने के लिए विभाग के आला अधिकारी पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहे हैं। जिसके चलते सोमवार को एसडीओ अभिषेक सचान ने मीटर एसडिओ निखिल जिंदल, विजिलेंस जेई आलोक खरे, मीटर जेई पूनम वर्मा, क्षेत्रीय जेई मोहन कृष्णा सहित टीम के साथ मोहल्ला लहरिया पुरवा में चेकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान विभाग के आला अधिकारियों को देख कटिया वाजो के पसीने छूट गए। फिलहाल चेकिंग के दौरान शातिर विद्युत चोरों द्वारा छेड़छाड़ किए गए करीब आधा दर्जन से अधिक मीटर पकड़े गए, और उन्हें मौके पर ही बदला गया। इस दौरान एसडीओ अभिषेक सचान ने कहा कि शासन की मंशा अनुसार यह अभियान आए दिन चलाया जाएगा, और विद्युत चोरी करते पकड़े जाने पर आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। फिलहाल चेकिंग के दौरान मीटर में छेड़छाड़ करने वाले पकड़े गए लोगों के विरुद्ध विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी और ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। इस दौरान टीजीटू कुलदीप, गिरजेश विश्वकर्मा, अभिषेक, गोयल, बृजेश कुमार, प्रमोद कुमार, पवन व संदीप सहित टीम मौजूद रही।



# मनबुद्धि बंदी को लेकर लॉकअप में भिड़े कैदी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

- नाराज पुलिसकर्मियों ने की आपस में भिड़े कैदियों की पिटाई
- न्यायालय परिसर में रही कई घंटो तक अफरा-तफरी
- सीओ सिटी के कार्यवाही के आश्वासन पर कैदियों की पेशी

दीवानी न्यायालय परिसर स्थित लाक अप में जेल से लाए गए एक मंदबुद्धि कैदी को बेवजह परेशान करने को लेकर आपस में विवाद हो जाने से कैदियों में जमकर मारपीट हुई। कैदियों में आपस में हो रही मारपीट की खबर लगते ही लॉक अप प्रभारी अन्य पुलिसकर्मियों के साथ लाक अप के अंदर पहुंचकर बीच बचाव कर कैदियों को समझने का प्रयास किया। इसी दौरान गुस्साए कैदियों ने पुलिसकर्मियों पर भी हमला बोल दिया।

हमले के पश्चात आक्रोशित पुलिस कर्मियों ने एक कैदी को बाहर निकाल कर जमकर मारा पीटा। उसके बाद चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह अन्य पुलिस फोर्स को लेकर कचहरी पहुंचे और लाक अप जाकर कैदियों को समझाने का काफी प्रयास किया। तत्पश्चात कैदियों ने सीओ सिटी की बात मानने से इंकार कर दिया । उन्हीं के सामने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। कैदियों ने पुलिस की तानाशाही नहीं चलेगी और मुर्दाबाद का नारा लगाया और न्यायालय में पेशी पर जाने से इंकार कर दिया। इसके बाद गुस्साए कैदियों ने मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों के विरुद्ध केश दर्ज करने के लिए तहरीर दिया। वही कैदियों के हंगामे से लाक अप पर तैनात पुलिस कर्मियों के हाथ पाव फूल गए। बावजूद इसके सीओ सिटी ने जब कैदियों को समझाया बुझाया कार्रवाई का आश्वासन दिया तो कैदी न्यायालय पर उपस्थित होने को तैयार हुए।बताते चलें कि मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले का अनपढ़ आर हिंद सिंह यादव जो मंदबुद्धि है पाक्सो के एक मामले में साल भर से अयोध्या मंडल कारागार में निरूद्ध है।

सोमवार को पुलिस वाहन से उसे अन्य कैदियों के साथ पेसी पर दीवानी न्यायालय स्थित लाक अप पर लाया गया था। कुछ देर पश्चात कुछ कैदी उसको परेशान करने लगे इसका विरोध करने पर दबंग कैदी अरविंद गौतम जो कई मुकदमे में वांछित हैं अपने अन्य कैदी साथियों के साथ उस मंदबुद्धि को पकड़कर मारने लगा। इसको लेकर लॉकअप में हंगामा हो गया।

सूचना पाने पर लाक अप प्रभारी आदित्य नारायण तिवारी अन्य पुलिसकर्मियों के साथ लाक अप के अंदर पहुंचकर कैदियों को समझाने व बीच-बचाव का प्रयास किया। लेकिन गुस्साए कैदियों ने पुलिस फोर्स पर भी हमला बोल दिया। इसके बाद विरोध स्वरूप पुलिस कर्मियों ने कई कैदियों को लॉकअप से बाहर निकाल कर जमकर मारा पीटा। जिससे लॉकअप के पास आसपास काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह भारी फोर्स के साथ कचहरी पहुंचकर घटना की जानकारी लेने की पश्चात कैदियों को समझाने का प्रयास किया। इसी बीच गुस्साये कैदियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद व तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाये। वही डीके चौधरी नामक सिपाही ने कहा कि पुलिस वाले चाहे जिसको मारे कुछ नहीं होता है। पुलिस कर्मियों की मारपीट से घायल कैदी कालीचरन ने पुलिस कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है।

कैदियों की पिटाई से जख्मी मंदबुद्धि कैदी को बाहर निकाल कर एक अन्य कमरे में सुरक्षा की दृष्टि से ले जाया गया। सीओ के समझाने बुझाने व कार्यवाही का आश्वासन देने पर कैदी लगभग 3 घंटे बाद संबंधित न्यायालय मे पेशी पर उपस्थित हुए। तब जाकर पुलिस व कैदियों का विवाद का माहौल शांत हुआ। वही लाक अप पर तैनात एक इंस्पेक्टर ने कैदियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जेल से आने के बाद प्रति दिन यहां शराब और पानी को लेकर हंगामा करते हैं। मंदबुद्धि कैदी आर हिंद सिंह यादव ने कहा कि जेल में बंद कुछ कैदी उसे आए दिन परेशान किया करते हैं तथा पुलिस व जेल प्रशासन से सुरक्षा की मांग किया है।

# कर्मयोगी स्व. डॉ कृपाशंकर तिवारी की मनाई गई पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



श्री दयाराम दास मानस सेवा ट्रस्ट अयोध्या एवं मानस फाउंडेशन के तत्वाधान में आज मनाई गई कर्मयोगी स्व.डॉ कृपाशंकर तिवारी की पुण्यतिथि, श्री दयाराम दास मानस सेवा ट्रस्ट के सचिव, परमहंस आश्रम के महंत रामउजागर दास महाराज संरक्षण एवं निर्देशन में दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण रोजगार सामाजिक समावेशन एडवोकेसी के लिए जीवन पर्यंत समर्पित,मंद बुद्धि मूक बधिर संस्थान के संस्थापक, श्री राजगोपाल संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य, दिव्यांगता के क्षेत्र में राज्य पुरस्कार, माटी रतन सम्मान पुरस्कार एवं दो दर्जन से अधिक अन्य पुरस्कार से अलंकृत, कर्मयोगी डॉ कृपाशंकर तिवारी की पुण्यतिथि मंदबुद्धि मूक बधिर विद्यालय तुलसी नगर अयोध्या में दिव्यांग जन बच्चों मे कला, खेल, निबंध आदि प्रतियोगिता के आयोजन,फल मिष्ठान वस्त्र वितरण के साथ परमहंस आश्रम मे साधुसेवा के साथ मनाया गया, संस्थान अध्यक्ष अनिता पाठक, प्रबंधक डॉ प्रदीप तिवारी, प्रधानाचार्य अंकित मिश्रा, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र मिश्र सहित दिनेश राय, शरद तिवारी, दिलीप शर्मा, सरिता, रानी श्रीवास्तव, आदि ने पुण्यतिथि आयोजन से सम्बंधित सभी कार्यक्रम के तैयारी की रूपरेखा संस्थान के संरक्षक रामउजागर दास महाराज के दिशा निर्देश मे बनाई गई। चित्र कला प्रतियोगिता -एस. वी सागर के निर्देशन में खेल कूद प्रतियोगिता दिनेश राय के निर्देशन मे निबंध प्रतियोगिता, सरिता, रानी श्रीवास्तव के निर्देशानुसार लर्निंग मटेरियल का वितरण किया गया शरद तिवारी, सुरेन्द्र मिश्र के निर्देशन में, साधु संत सेवा श्री दयाराम दास मानस सेवा ट्रस्ट एवं मानस फाउंडेशन के निर्देशन मे, पुरस्कार सम्मान प्रधानाचार्य अंकित मिश्र के निर्देशन मे, असहाय, ग़रीब स्ट्रीट चाइल्ड मे वस्त्र एवं दैनिक क्रिया कलाप की वस्तु का वितरण आयुष भोला के निर्देशन मे किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण छात्रों दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार वितरण उनके हौसले को बढ़ाने एवं भविष्य में अच्छे नंबरों से उत्तरण होने की कामनाएं की गई।

# जनसमस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मेयर से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



नगर निगम अयोध्या मे जन सामान्य की जन समस्याओं को देखते हुए भावी पार्षद प्रत्याशी तथा पूर्व पार्षद मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल महापौर गिरीश पति त्रिपाठी से उनके आवास पर मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी से मुलाकात कर विभिन्न जन समस्याओं से श्री त्रिपाठी को रू-बरू कराया और नगर निगम में व्याप्त जन समस्याओं में जल भराव, सड़कों की खुदाई और मरम्मत, पानी और साफ सफाई के लिए मुलाकात करने वालो में विवेकानंद पुरम कॉलोनी देवकाली निकट साकेत पुरी के निवासी डॉक्टर बीपी दुबे, बाबूलाल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बरिष्ठ उपाध्यक्ष/प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी, भावी प्रत्याशी पार्षद मनोज श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र कुमार उपाध्याय विवेक सिंह, ओम प्रकाश सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। भावी प्रत्याशी पार्षद मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि मै अपने वार्ड की जनता के लिए जो भी उनकी जन समस्याएं रहेंगी उसके लिए मेयर, जिलाधिकारी, व मण्डलायुक्त मिलकर उनके समक्ष उठाता रहता हूं और निराकरण के लिए हमेशा प्रयास करता रहूंगा।

# आर्थिक समृद्धि की राह पर तेजी से दौड़ रही अयोध्या नगरी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

आरबीआई व अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की रिपोर्ट से यह जनकारी सामने आई है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश में शीर्ष पर है। सकल घरेलू उत्पाद, उद्योग जगत में निवेश से लेकर रोजगार तक यूपी का प्रदर्शन सकारात्मक बदलाव की तस्वीर पेश करने वाला है। अर्थव्यवस्था के लिहाज से मजबूत होती प्रदेश की तस्वीर में राम नगरी अयोध्या की भी बेहतर भागीदारी है। जिला सकल घरेलू उत्पाद में शानदार वृद्धि और उद्योग क्षेत्र में सतत हो रहे पूंजी निवेश और तद्नुरूप बढ़ रहे रोजगार से जनपद अयोध्या की आर्थिक समृद्धि लगातार मजबूत हो रही है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद अयोध्या में विकास की जो रेल चली है उसके साथ यहां आने वाले भविष्य को देखते हुए निवेशक भारी मात्रा में निवेश कर रहे हैं। विकास यहां इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में ही नहीं दिखता बल्कि समग्र रूप में %लोकल इकोनॉमी% में भी परिलक्षित होता है। इसे बदलते लाइफ स्टाइल, उद्योग क्षेत्र में बढ़ी चहल पहल में भी महसूस किया जा सकता है। बहरहाल, बात जब अर्थव्यवस्था से जुड़ी होती है तो इसे स्पष्ट करने के लिए फैक्ट फिगर की जरूरत होती है। जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2021-22 में अयोध्या का जिला सकल घरेलू उत्पाद 18937.98 करोड़ रुपये रहा। जबकि एक ही साल पूर्व वर्ष 2020-21 में यह 17061.75 करोड़ रुपये था। मतलब यह कि एक साल में ही जिला सकल घरेलू उत्पाद में 1876.23 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। तुलनात्मक रूप से देखें तो यह वृद्धी लगभग चार फीसद की है। उपायुक्त उद्योग अमरेश कुमार पांडेय कहते हैं कि जिला सकल घरेलू उत्पाद आने वाले सालों में और तेजी से बढ़ेगा। कारण, यहां ट्रेड, इंडस्ट्री और सर्विस सेक्टर में निवेश बढ़ा है। निवेश का माहौल बनाना सरकार का काम होता है और निश्चित तौर पर योगी सरकार ने यह किया भी है।

# चचेरी बहन की चाकू से गोदकर हत्या, हत्यारोपी फरार

## पारिवारिक विवाद में वारदात को दिया अंजाम

जन एक्सप्रेस । बहराइच

मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने अपनी चचेरी बहन पर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद फरार हो गया। मामला पारिवारिक द्वारका बताया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिया है। घटना थाना क्षेत्र के विश्राम गांव के मजरा चमारनपुरवा की है। गांव निवासी ननकू के भाई कुन्नी प्रसाद का विवाद रविवार शाम को श्री राम से हुआ था। विवाद में ही मामला आगे बढ़ गया। बीच बराव कराने ननकू की 15 वर्षीय बेटी अनीता आ गई। जिसको लेकर श्री राम अनीता से नाराज था शाम छह बजे अनीता को घर में अकेला पाकर चचेरे भाई श्रीराम ने चारपाई पर लिटाकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। किशोरी गंभीर रूप से जख्मी हो गई, थोड़ी देर बाद किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मोतीपुर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। प्रभारी थाना अध्यक्ष ने बताया कि पारिवारिक विवाद में चचेरे भाई ने बहन की चाकू से गोदकर हत्या की है। किशोरी के पिता ननकू की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्यारोपी घटना के बाद से फरार है। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

# भुगतान न मिलने से गोशाला की व्यवस्थाएं बदहाल

- ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । बाबागंज, बहराइच



विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसैया में अब्दुल्लागंज जंगल के निकट बने अस्थाई गौ आश्रय स्थल की व्यवस्थाएं काफी बदहाल हो चुकी है। अस्थाई गौ आश्रय स्थल बैरिकेटिंग बल्लियां जर्जर हो चुकी हैं।

गो आश्रय स्थल में लगभग 460 की संख्या में गोवंश पल रहे हैं। जिनकी रखवाली के लिए मजदूर रखे गए हैं। मजदूरी समय पर न मिलने से कार्य छोड़ कर भाग रहे हैं। जिसके चलते गायों को खाने के लिये भूसा एवं चारा का संकट पैदा हो गया है। गोवंश दुबले पतले व बीमारी का शिकार हो सकते हैं। अस्थाई गो-आश्रय स्थल की देखरेख कर रही महिला ग्राम प्रधान राजकुमारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि ग्राम पंचायत सचिव द्वारा मनमानी की जा रही है। जिस कारण गौ संरक्षण में बाधा उत्पन्न रही है। डेढ़ वर्ष पूर्व गौशाला में जलभराव होने के कारण काफी कीचड़ व गन्दा पानी जमा हो गया था। जिसे कीचड़ मुक्त गो-आश्रय बनाने के लिए ईंटे बिछवाकर फर्श बनावाया गया। कार्य का इस्टीमेट व एम.बी. पूर्ण बनी रखी होने के बावजूद किसी भी मद से अभी तक भुगतान नही किया गया है। गौशाला की एक ओर टीन शेड टूटा हुआ है। जिसके लिये कई महीनों पूर्व सचिव को अवगत कराया गया। मरम्मत न होने के कारण जानवर असुरक्षित हैं। लेकिन सुनकर भी अनसुना कर दिया जा रहा है। वहीं गोवंशों के चारा धनराशि व देखभाल के लिए रखे गए मजदूरों की मजदूरी के भुगतान को लेकर सचिव द्वारा 20 प्रतिशत कमीशन की मांग की जा रही है, कमीशन न देने की वजह से भुगतान नही किया जा रहा है। जिसके कारण गोवंशों को चारे व देखभाल पर संकट उत्पन्न हो गया है।

# फर्म को ब्लैकलिस्टेड बताकर नीलामी में शामिल होने से रोका

जन एक्सप्रेस । मिहींपुरवा, बहराइच

कतरनिया घाट संरक्षित वन्य जीव प्रभाग में लघु वन उपज की नीलामी की गई। इस नीलामी में एक व्यक्ति को यह कहकर शामिल होने से रोक दिया गया कि उसकी फर्म ब्लैकलिस्टेड है। जिसकी शिकायत फर्म के स्वामी ने उच्चाधिकारियों से की है।

मिहीपुरवा तहसील के ग्राम मोतीपुर का निवासी चेहल्लुम अली ने बताया कि उनकी फर्म आजम ट्रेडर्स कई वर्ष से लघु वन उपज की नीलामी में शामिल होती है। कई बार वन उपज की नीलामी उसे मिली भी है। लघु वन उपज की नीलामी के दौरान उसकी फार्म से वन विभाग को प्रतिवर्ष बेहतर आय होती है। इस बार वन विभाग की ओर से नीलामी के दौरान उसकी फार्म को शामिल नहीं किया गया। उसके पूछने पर बताया गया कि प्रभागीय वन अधिकारी ने फर्म को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। इसका कारण जानने की कोशिश की। लेकिन नीलामी अधिकारियों ने स्पष्ट नहीं किया। नीलामी अधिकारियों पर उसने आरोप लगाते हुए कहा है कि उसकी फर्म को ब्लैक लिस्टेड बताकर अपने चहेते ठेकेदारों को वन उपज का ठेका दे दिया गया। इस संबंध में पीड़ित ने प्रमुख वन संरक्षक समेत कई उच्च अधिकारियों को पत्र भेज कर शिकायत की है और जांच की मांग की है। प्रभागीय वन अधिकारी कतर्नियाघाट आकाशदीप वधावन ने बताया कि चेहल्लुम अली के खिलाफ कई वन अपराध के मामले दर्ज है। इसलिए उसकी फर्म को ब्लैकलिस्टेड किया गया है।

# विद्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया नाग पंचमी त्योहार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को नाग पंचमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया । छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''नाग पंचमी'' का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं उपप्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय ने भगवान शंकर के चित्र पर माल्यापर्ण किया तथा द्वीप प्रज्जवलित करके आरती उतारा। प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने बताया कि नाग पंचमी भारतीय संस्कृति में एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्येहार है, जो हर साल श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है । इस दिन भगवान विष्णु और सर्प देवता की पूजा की जाती है। नाग पंचमी को विशेष भक्ति भाव से देवता के साथी सर्प नागों के आशीर्वाद का उत्सव माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, नाग पंचमी का महत्व बहुत अधिक है। एक कथा के अनुसार, भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय ने ब्रह्मा जी से पूछा कि सर्वोत्तम व्रत कौन सा है जो सर्प नागों को भी प्रसन्न कर सके, तब ब्रह्मा जी ने नाग पंचमी का व्रत करने की विधि और महत्व बताया और कहा कि इससे सर्प नागों के आशीर्वाद प्राप्त होता है। नाग पंचमी के दिन लोग सर्प मूतियों को दूध, दूधी, फूल और चावल से पूजते है। नागराजा को सर्प मूर्ति के रूप में भी पूजा जाता है। विशेष रूप से राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार में यह त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। नाग पंचमी को मनाने से लोगों को आपसी सम्बन्धों को मजबूत करनें, संस्कृति और परंपरा के प्रति आदर और समर्थन करने, और प्राकृति संरक्षण के महत्व को समझाने में मदद मिलती है। यह त्योहार धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है और लोग इसे आनंद से मनाते है। नाग पंचमी का उत्सव परिवार और समूहो के बीच एकता का प्रतीक भी है जो लोगों को सकारात्मक प्रेरणा प्रदान करता है। विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम (गीत-भोलेनाथ तुम्हारे मंदिर मे नागों ने डेरा डाला है) नामक गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत हुआ जिसमें शंकर जी के रूप में रूद्र प्रताप सिंह तथा अन्य छात्र-छात्राओं में मेधावी, रत्नप्रिया, सौम्या, मरियम, अमन, सच्चिदानंद, आरूष एवं सोमनाथ ने बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। तत्पश्चात् कक्षा-नर्सरी से लेकर कक्षा-5 तक के छात्र-छात्राओं में कुंज, श्रेयांस, अरायना, अदिती, रूद्र, अर्थव, श्रेयांस, श्रुतिका, सानवी, आराध्या, विराट, सूर्यांस, शशांक, शान्तनु, रिया, उपासना, अविका, मनस, परिसा, सुधा, वैष्णवी, तुलसी, सैफ, अनिका, हलाता, प्रेणा, काव्या, परिधि, सर्वेश, सम्राट, प्रखर, सुशान, जयेस, मोहनी, सिद्धी, अभिषेक, अक्षत, अभिश्री, श्रृष्टि, सिफा, श्रेया, नव्या एवं सुशांत ने विद्यालय के आडोटोरियम में आपस में एक-दूसरे को मिठाई खिलाई तथा रंग-बिरंगी झंडियाँ एवं गुड़िया लाकर विद्यालय के प्रांगण में संगीत के साथ गुड़िया पीटा तथा परम्परा के अनुसार नागपंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया। अंत में ''नाग पंचमी'' पर्व के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी नें सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर समस्त छात्र छात्राओं की प्रशंसा करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, संतोष कुमार श्रीवास्तव, एक्टीविटी इंचार्ज राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने मिलकर ''नाग पंचमी'' पर्व को उत्साह पूर्वक मनाया।

# लेडीज क्लब ने रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मनाया हरियाली तीज

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जिला मुख्यालय के बलरामपुर चीनी मिल लेडीज क्लब द्वारा सोमवार को हरियाली तीज कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार 20 अगस्त को बलरामपुर चीनी मिल के लेडीज क्लब द्वारा आयोजित हरियाली तीज कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष मिताली गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ अवसर पर गणेश जी की प्रार्थना वंदना की गई तथा सावन के गीत प्रस्तुत किए गए ।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा किए गए नृत्य, मेहंदी, कैटवॉक व परिधान के आधार पर तीज क्वीन का चयन किया गया। तीज क्वीन का प्रथम पुरस्कार वर्षा सिंह को प्रदान किया गया। लेडीज क्लब की महिलाओं मंजू बिष्ट, पूनम चौहान, कुमुद दीक्षित, महुआ सेन गुप्ता, रचना श्रीवास्तव, नीलम सिंह, पूनम सिंह, मेघा अग्रवाल, विम्मी श्रीवास्तव, शिल्पी सिंह, मेनका वर्मा, पारुल सक्सेना, वर्षा सिंह, मंजू खंडेलवाल, कंचन, शकुंतला विश्वकर्मा, रेनू वर्मा, सुनीता राय तथा रश्मि गुप्ता ने गानों पर नृत्य प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट डांस के लिए रेनू वर्मा, मेनका वर्मा, कंचन एवं विम्मी श्रीवास्तव को पुरस्कृत किया गया। कपल मैचिंग ड्रेस का पुरस्कार अरुण श्रीवास्तव एवं रचना श्रीवास्तव को दिया गया। वेल ड्रेस का पुरस्कार रोशनी गुप्ता, समय से न आने के लिए अंजू खंडेलवाल तथा मैसेज मॉडल पुरस्कार पूनम चौहान को प्रदान किया गया।

# पंचायत उपचुनावों के लिए नियुक्त किये गए निर्वाचन अधिकारी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद में विभिन्न ग्राम पंचायतों में रिक्त हुए प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों का उप चुनाव आगामी 6 सितंबर को सपन्न कराया जाना है। जिसको लेकर डीएम ने निर्वाचन अधिकारियों तथा सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन माह अगस्त/सितम्बर को सकुशल, शांन्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0, लखनऊ की अधिसूचना 16 अगस्त, 2023 के अनुपालन में जनपद के विकास खण्डों में निर्वाचन अधिकारियों तथा सहायक निर्वाचन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारी सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत के रिक्त पदों का पूर्ण विवरण देते हुये अपने स्तर से सार्वजनिक सूचना निर्गत करेंगें एवं उसकी प्रति तत्काल आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार नामांकन से लेकर मतगणना तक की समस्त कार्यवाही ससमय सम्पन्न कराते हुये उप निर्वाचन से सम्बन्धित सूचनाएं प्रतिदिन ऑनलाइन अपडेट करने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय), बलरामपुर को उसी दिन प्रत्येक दशा में उपलब्ध करायेंगें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन समय-सारिणी निर्धारित की गयी है जिसमें नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय 22 अगस्त पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 23 अगस्त पूर्वाह्न 10:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने का समय 24 अगस्त पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक, प्रतीक आवंटन 24 अगस्त, 2023 अपराह्न 03:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक, मतदान 06 सितम्बर, 2023 प्रातः 07:00 बजे से 05:00 बजे तक व मतगणना 08 सितम्बर, 2023 को प्रातः 08:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगी। उप निर्वाचन में 05 प्रधान ग्राम पंचायत व 38 ग्राम पंचायत सदस्यों तथा 08 क्षेत्र पंचायत के सदस्यों के रिक्त पदों पर नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। यह सभी नामित अधिकारी सुनिश्चित करेंगें।

# पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर मे सीटीसीएस एवं यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की तुलसीपुर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व में सम्पन्न कराई गई बाघसखा टीशर्ट्स पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणामों की रविवार को घोषित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 20 अगस्त को बाघ सखा टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया । परिणाम घोषणा के बाद सायंकाल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विजयी हुए प्रतिभागियों को मोमेंटो, सर्टिफिकेट व टी शर्ट्स का वितरण सम्मानित किया गया । कार्यक्रम सायं 5 बजे से साईं एजुकेशन सेंटर, जामा मस्जिद रोड, इंदिरानगर, लखनऊ में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में सभी विजेताओं व अन्य प्रतिभागियों को सीटीसीएस के संस्थापक अध्यक्ष मनोज कुमार, मुख्य संरक्षक सूरज पाण्डे, सचिव शम्भू शरण वर्मा एवं सीटीसीएस के मुख्य संरक्षक व यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की तुलसीपुर इकाई के चेयरमैन आलोक अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया ।विजयी प्रतिभागियों में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान शिवा अनूप केरल, द्वितीय स्थान मन्नत अशरफ, लखनऊ, तृतीय स्थान सान्वी श्रीवास्तव, लखनऊ, चतुर्थ स्थान सोनाली श्रीवास्तव, लखनऊ को प्राप्त हुआ। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान कृति शुक्ला, बलरामपुर, द्वितीय स्थान श्रेया बिंदल लखनऊ, तृतीय स्थान आयुषी अग्रवाल, बलरामपुर, चतुर्थ स्थान नीति यादव, बाराबंकी को प्राप्त हुआ। अन्य सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व टीशर्ट्स वितरित की गईं। इस अवसर पर निधि श्रीवास्तव, अनीता वर्मा , सुनील वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# माटी की खुशबू हमें देश के प्रति समर्पण का भाव उत्पन्न करती है: संजय गंगवार

* मेरी माटी मेरा देश विषय पर चित्र प्रदर्शनी का राज्यमंत्री ने किया शुभारम्भ
* आजादी से सम्बन्धित चित्रों का प्रदर्शन एवं स्टाल लगायें

जन एक्सप्रेस | मुकेश कुमार





**पीलीभीत।** प्रदेश के गन्ना विकास एंव चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज सोमवार को ''मेरी माटी मेरा देश'' विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया। बतौर मुख्य अतिथि श्री गंगवार ने अपने सम्बोधन में कहा की इस देश की माटी की खुशबू हमें अपने देश प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता को दर्शाता है। उन्होनें कहा कि प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है कि वह देश के विकास एवं सामाज के कल्याण के बारे में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे तभी देश और सामाज तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।केन्द्रीय संचार व्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार बरेली द्वारा जनपद के अंगूरीदेवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में दो दिवसीय चीत्र प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का राज्यमंत्री श्री गंगवार ने अनावरण एवं अवलोकन किया। उन्होनें सभा को पंचप्राण की सपथ दिलाई और छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होनें कहा की आज के विधार्थी कल का देश का भविष्य है उन्होनें अभिभावकों एवं अध्यापकों से भी आग्रह किया की उनके भविष्य को संवारने में कोई कोर कसर न रखे।क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी सागर कुमार ने बताया की मेरी माटी मेरा देश मिट्टी को नमन, वीरो को वन्दन विषय पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी में स्वत्रंतता आनदोलन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई गयी है साथ ही वसुधा वन्दन के तहत पौधारोपण भी किया गया। आजादी के अमृत काल से सम्बन्धित संगोष्ठी और विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इस मौके पर पोस्टर, स्टिकर, पम्पलेट आदि वितरित किये गये। उन्होनें बताया की इस कार्यक्रम का समापन कल 22 अगस्त को होगा कार्यक्रम का संचालन उदयभान सिंह ने किया। इस दौरान नेहरूयुवा केन्द्र और समेकित वाल विकास परियोजना विभाग द्वारा स्टाल भी लगाये गये। कार्यक्रम में विधालय की प्रधानाचार्य श्रीमती उपासना शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सागुड़ी, सी0डी0पी0ओं0 राजेन्द्र यादव, हरीओम बाजपेयी आदि उपस्थित रहें।

# हिन्दू गौरव के दिवस के रूप में कल्याण सिंह की मनाई पुण्यतिथि

* राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने पुष्पअर्पित कर दी श्रद्धाजंलि

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत



पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व0 कल्याण सिंह की पुण्यतिथि आज सोमवार को हिन्दू गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में स्व0 कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका नमन किया और श्रद्धाजंलि दी। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कल्याण सिंह (बाबू जी) का संगठन और सरकार में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होनें हिन्दूत्व को धार देने में जहा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वही राम मन्दिर निर्माण में भी उनका उल्लेखनीये योगदान रहा है जिसे कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होनें कहा की स्व0 बाबू जी ने 3 विशेष कार्य किये जिनमें राम मन्दिर आन्दोलन को गति देना, गरीब कल्याण के लिए भाजपा के विचार को जमीन पर उतारना, समाजिक भेदभाव बिगाड़े बिना करोड़ो पिछड़े समाज के लोगो के लिए कल्याणकारी कार्य किया जाना शामिल है। उन्होनें कहा की आने वाले 2024 लोक सभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का कार्य करे, यही बाबू जी को सच्ची श्रद्धाजंलि होगी। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष शिव नरायन शर्मा, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, बब्लू चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भारतीय सेना के लिए विशेष पहल की शुरुवात

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। भारतीय सेवा के लिए हमेशा से अपनी सेवाओं को पहुंचाने के लिए अग्रसर रहते हुए आज एनएसई श्रीनगर में भारतीय सेना के प्रतिष्ठित 92 बेस अस्पताल में एक अत्याधुनिक सीटी स्कैन विंग बनाया है। जहां कई आघात रोगियों को बंदूक की गोली के घाव, छींटे और छर्रे की चोटों के साथ-साथ अन्य गंभीर चोटों के इलाज के लिए भर्ती किया जाता है जिनके लिए शीघ्र निदान की आवश्यकता होती है। उचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए ऐसी चिकित्सा सुविधा के लिए एक कुशल और विश्वसनीय सीटी स्कैन मशीन से लैस होना जरूरी है। एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीष कुमार चौहान ने कहा एनएसई उन सशस्त्र बलों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है

### सावन के सातवें सोमवार और नाग पंचमी के पर्व पर मार्कण्डेय महादेव में भक्तों की लगी भीड़

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि है, इसके अलावा क्षेत्र में नाग पंचमी का पर्व भी मनाया जा रहा है, इस मौके पर कैथी के मारकंडेय महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी जा रही है, श्रद्धालु हाथों में जल, बेल, धतूरा और फूल लेकर मंदिर में पहुंच रहे हैं और जलाभिषेक कर है,श्रावण मास का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है. इस बार अधिक मास की वजह से सावन में कुल 8 सोमवार पड़ रहे है।आज सावन का सातवां सोमवार है,इसके बाद आठवां और आखिरी सोमवार 28 अगस्त को है,ऐसे में क्षेत्र के चौबेपुर, छीतमपुर, धौराहरा सोनबरसा डुबकियां सहित सभी शिव मंदिरों में भोलेनाथ के साथ नाग देवता के दर्शन किए ढकवा स्थित गौरी-शंकर मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों के पहूंचने का सिलसिला शुरू हो गया था,भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए भक्तों की भीड़ लगी हुई थीं।इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा। दूसरी तरफ मारकंडेय महादेव स्थित रैन बसेरा में मारकंडेय महादेव को श्रद्धालुओं के लिए थाना प्रभारी चौबेपुर राजीव सिंह के तत्वाधान में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### अचानक विशालकाय पाकड़ का पेड़ गिरा, कई लोग हुए घायल

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। पीलीभीत बीसलपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर शंकर सरोवर परिसर में खड़ा विशालकाय पकड़ का पेड़ अचानक गिर जाने से उसके नीचे दबकर एक युवक सहित चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। पीलीभीत बीसलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मार्ग के किनारे दुकानों व प्रतिष्ठानों को तोड़ने का कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है। सोमवार को दोपहर लगभग 3:30 बजे 12 पत्थर सरोवर परिसर में खड़ा विशाल के पाकड़ का वृक्ष अचानक गिर पड़ा। उसके नीचे दबकर ग्राम अर्जुनपुर निवासी राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ला ग्यासपुर निवासी भट्टा स्वामी उमेश दो लोग कार सहित पेड़ के नीचे दब गए। उन्हें बमुश्किल बाहर निकाला गया। व्यापारी अवधेश गुप्ता सहित दो लोग और घायल हो गए एक फल विक्रेता का ठेला पाकड़ के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मार्ग पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सरकारी चिकित्सालय में भर्ती कराया तथा जाम को खुलवाया।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हुआ विशाल भंडारा



जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। नगर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के समीप स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रावण मास के छठे सोमवार को नाग पंचमी के अवसर पर जानकी रसोई के तत्वाधान में मंदिर के सवराकार प्रधान सेवक शिरीष सक्सेना वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मोहन सक्सेना, पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट,श्रीमती संतोष भारद्वाज, प्रियम भारद्वाज, अजय किशोर शर्मा एडवोकेट संयुक्त वार के सचिव आनंद मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, अजीत बाजपेई आदि की उपस्थिति में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही भजन कीर्तन के साथ श्री हनुमान जी, शिव जी, जय श्री राम के जयकारे लगाए गए। उल्लेखनीय है कि करीब 1 वर्ष पूर्व एकता नगर निवासी समाजसेवी सेल्स टैक्स अधिवक्ता शिरीष सक्सेना के नेतृत्व में नगर के श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से ड्रमंड राजकीय कॉलेज के समीप शंकर सुमन केसरी नंदन अंजनी सुत पवन पुत्र पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा सहित भगवान शिव मां भगवती दुर्गा जी एवं शनि देव की प्रतिमाएं स्थापित कर मंदिर का भव्य निर्माण किया गया। बीते कुछ समय में ही यह पंचमुखी हनुमान मंदिर वीआईपी हनुमान मंदिर की तरह हजारों हनुमान भक्तों की श्रद्धा एवं आस्था का केंद्र बन गया है।

# शाखा प्रबंधक पर धोखाधड़ी कर खाते से एक लाख रुपए निकालने का आरोप

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

* विरोध पर अभद्रता कर बैंक से भगाया
* शाखा प्रबंधक पर कार्रवाई के लिए पुलिस को दी तहरीर

**हजारा(पूरनपुर)।** शाखा प्रबंधक ने खाताधारक की पत्नी से अभद्रता कर मारपीट करने का प्रयास किया ।आरोप है कि धोखाधड़ी कर खाते से एक लाख रुपए भी निकाल लिए। महिला के पति ने तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना क्षेत्र के टोपी फॉर्म कबीरगंज निवासी गुरनाम सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह ने हजारा थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि उसका बचत खाता व केसीसी खाता बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा कबीरगंज में चल रहा है। खेती के अलावा ट्रक चलाने का काम भी करता है। बताया कि जरूरी काम से बीस दिन के लिए घर से बाहर चला गया था। उसी दौरान बैंक शाखा प्रबंधक ने कबीरगंज गांव के 2 लोगों से सांठगांठ कर प्रार्थी के बैंक खाते से एक लाख रुपए निकालकर दो ग्रामीणों के ऋण खाता में जमा कराया।शाखा प्रबंधक के द्वारा मोटा कमीशन लिया गया है। पीड़ित किसान अपनी पत्नी को गांव के दो सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ बैंक भेज कर जानकारी करनी गई तो शाखा प्रबंधक किसान की पत्नी पर आग बबूला हो उठे।आरोप है कि अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अभद्रता की। इतना ही नहीं शाखा प्रबंधक ने किसान के ऋण खाता के बारे में कोई भी जानकारी देने से साफ तौर पर मना कर दिया। विरोध पर बैंक से बाहर भगा दिया। पीड़ित किसान ने शाखा प्रबंधक के खिलाफ थाना हजारा में तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की है?।हजारा थानाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह ने बताया है कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरैना निवासी राजाराम पुत्र अमरसिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपनी बाइक से अपनी पत्नी उर्मिला व 6 वर्ष की बेटी अनामिका के साथ विचपुरी अपने साडू के घर से वापस अपने गांव जा रहे थे। वह जैसे ही बीसलपुर बिलसंडा मार्ग पर स्थित मानपुर पुल पर पहुंचे वैसे ही विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर लगते ही बाइक पर सवार पति-पत्नी व बच्ची रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को राहगीरों की मदद से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। महेश कुमार ने बताया कि उनकी बेटी खुशी अपनी मां प्रीति के साथ गांव से ई रिक्शा पर सवार होकर बीसलपुर में बाबा भूलेश्वर नाथ मंदिर पर पूजा अर्चना करने आ रही थी। वह जैसे ही बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर सितारा धर्म कांटे के पास पहुंची वैसे ही ई रिक्शा में बग्गी चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही खुशी गंभीर रूप से घायल हो गई।

# नर्सिंग की छात्रा ने पुलिस को दी अपहरण की सूचना, बरामद

* छात्रा को ब्लॉक रोड पर छोड़कर फरार हुए कार सवार
* पुलिस ने नगर के एक मोहल्ले से बरामद कर दंपति को सुपुर्द की छात्रा

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

**पूरनपुर।** घर से निकली पीलीभीत निवासी नर्सिंग की छात्रा ने सुनगढी पुलिस को सूचना दी की कार सवार कुछ दबंगों ने उसका अपहरण कर लिया है। छात्रा के अपहरण की जानकारी के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस ने छात्रा को नगर के एक मोहल्ला से बरामद कर लिया।देर रात छात्रा को कोतवाली पंहुचे दंपति के सुपुर्द कर दिया। रविवार को पीलीभीत के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली नर्सिंग की घर से निकल आई। छात्रा ने सुनगढ़ी पुलिस को सूचना दी कि कर सवार कुछ लोगों ने उसका अपहरण कर लिया है। दबंग उसे कर में डालकर पूरनपुर की तरफ ले जा रहे हैं। छात्रा के अपहरण की सूचना से पुलिस में खलबली मच गई। कुछ देर बाद पुलिस ने छात्रा के नंबर पर दोबारा कॉल की तो उसने बताया कि कार सवार दबंग उसे जबरन कार में डालकर जंगल की ओर ले जा रहे हैं। सुनगढ़ी पुलिस ने छात्रा से पुनः संपर्क किया तो उसने बताया कि कार सवार दबंग उसे लेकर पूरनपुर पहुंच चुके हैं।सुनगढ़ी पुलिस ने तत्काल मामले में कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। कोतवाली पुलिस ने छात्रा से संपर्क किया तो उसने बताया कि कार सवार दबंग उसे नगर के ब्लॉक रोड पर छोड़कर फरार हो गए हैं।कोतवाली पुलिस ने शीघ्र मौके पर पहुंचकर छात्रों को बरामद कर लिया। पुलिस छात्रा को कोतवाली लेकर पंहुची?।छात्रा के मिलने की जानकारी उसके माता पिता को दी। देर रात दंपत्ति कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने बरामद छात्रा को दंपति के सुपुर्द कर दिया। छात्रा मिलने के बाद माता-पिता ने राहत की सांस ली। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा था। बरामद छात्रा को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

# मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में खेल सप्ताह शुरू

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में खेल सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को किया गया।सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने मुख्य अतिथि के रुप में किया इस मौके पर सांसद ने झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर खेल विभाग के तमाम आधिकारी भी मौजूद रहे। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने दी है।

# पुण्य तिथि पर याद किए गए बाबू कल्याण सिंह

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

भाजपा के कद्दावर नेता बाबू कल्याण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपाइयों ने पुण्यतिथि का आयोजन कर उन्हें शिद्दत से याद किया। उनके बताए रास्ते पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे कल्याण सिंह को भाजपाइयों ने उनकी पुण्य तिथि पर याद किया। मिली जानकारी के अनुसार, नवाबगंज मंडल में सम्हई के पास मंडल अध्यक्ष डॉश प्रशांत गुप्ता की देखरेख में आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अमित ओझा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर शुक्ला, सुनील शुक्ला, राजेंद्र गुप्ता, विनीत साहू, अमन मोदनवाल समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# गंगा टास्क फोर्स की पेट्रोलिंग टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

सेना के सूबेदार जगदीश सिंह के नेतृत्व में फाफामऊ गंगाघाट पर गंगा टास्क फोर्स की पेट्रोलिंग की गई। टीम के सदस्य गंगा किनारे पेट्रोलिंग करते हुए घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं को गंगा को स्वच्छ बनाने हेतु जागरूक किया गया। हवलदार मिराज खान ने बताया कि गंगा को स्वच्छ रखें। इसमें प्लास्टिक या अन्य कोई समाग्री न डालें। इनकी धारा को निर्मल अविरल बनाए रखें। गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को पेट्रोलिंग टीम द्वारा गंगा में किनारे ही स्नान करने तथा दूर तक न जाने के लिए भी समझाया गया। इस अवसर पर पेट्रोलिंग टीम के सूबेदार जगदीश सिंह, हवलदार मेराज खान, धर्मेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

# किसान अपनी आमदनी बढ़ा सके इसके लिए किसानों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा: सूर्य प्रताप शाही

जन एक्सप्रेस | जौनपुर




किसान अपनी आमदनी बढ़ा सके इसके लिए किसानों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा उक्त बातें कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में बने खेत, तालाब के उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने आगे कहा कि खेत तालाब में जल संरक्षण, मछली पालन एवं मेड़ों पर फलदार वृक्ष लगाए जा रहे हैं साथ ही बत्तख एवं कुकुटपालन व शहद बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि अपने पशुओं को निराश्रित न छोड़े, उन्हें अपने घर बांधकर उनके गोबर एवं गोमूत्र का इस्तेमाल खेती में करें। पशुपालन खेती का आधार होता है, सरकार भी प्रत्येक विकासखंड में निराश्रित गो-आश्रय स्थल बना रही है जिसमें निराश्रित पशुओं को रखा जा रहा है। सरकार के द्वारा समय से बीज और पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लाभ में बिचौलियों का हस्तक्षेप खत्म हो गया है। श्री अन्न योजना के अन्तर्गत क्लस्टर खेती कराई जाएगी इसके लिए किसानों को निःशुल्क बीज वितरण कराया गया है। इस वर्ष मक्का ज्वार, बाजरा के क्रय केंद्र खोले गए है। एमएसपी पर खरीदकर, मूल्य संवर्धित करा कर बिक्री कराई जायेगी, जिससे किसान की आय बढ़ेगी। ओडीओपी के तहत प्रत्येक ब्लॉक में फसलों का चयन कर उनका भी मूल्य संवर्धित करा कर लाभ बढ़ाया जाएगा। सरकार किसानों के विकास के लिए कटिबद्ध है जिसके लिए विभिन्न योजनाए चला रही है। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय, कृषि वैज्ञानिक सुरेश कनौजिया, उप परियोजना निदेशक आत्मा जिला स्तरीय अधिकारीगण व किसानगण उपस्थित रहे।

# विद्युत उपकेंद्र में ताला बंद कर ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन 18 घंटे में 4 घंटे भी नहीं मिल रही है बिजली

* ग्रामीणों का आरोप सरकार को बदनाम करने के लिए अधिकारी कर्मचारी कर रहे हैं मनमानी

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



सरकार भले ही ग्रामीण अंचल में 18 घंटे बिजली दिए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिए हो और अन्य जनपदों को उसका लाभ मिल रहा हो परंतु जौनपुर में सरकार का दावा झूठा साबित हो रहा है जिससे नाराज विद्युत उपभोक्ता किसानों व्यापारियों छात्रों के साथ दिनेश कुमार सिंह ठाकुर प्रसाद तिवारी अजय कुमार दीक्षित पूर्व ब्लाक प्रमुख मिथिलेश यादव के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग सोमवार सुबह 9:00 बजे ही विद्युत उप केंद्र सुईथाकला पहुंच कर उपकेंद्र में ताला जड़ दिया और धरने पर बैठ कर प्रदर्शन करने लगे। बताया जाता है कि धरने की सूचना मिलते ही अधिकारी कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए आनंद फानन में स्थानीय थाने से आधा दर्जन सिपाही विद्युत केंद्र पहुंच गए ग्रामीणों का आरोप था कि सरकार का दावा है कि ग्रामीण अंचल में 18 घंटे बिजली दी जा रही है और हम लोगों को 4 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही जिससे लोग इस उमस भरी गर्मी में बच्चे बूढ़े सब परेशान हो रहे हैं वहीं वर्षा न होने के कारण धान की फसलें सूख रही है बार-बार अधिकारी कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बावजूद अधिकारी कर्मचारी फाल्ट के नाम पर बिजली कटौती कर रहे हैं प्रदर्शनकारियो में कुछ लोगों ने तो तो कुछ कर्मचारी पर आरोप लगाया कि सरकार को बदनाम करने की नीयत से बिजली व्यवस्था सुधार नहीं रहे हैं और ऐसे अधिकारी कर्मचारियों को चिन्हित कर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए लोगों को कहना है बार्डर स्थित जिला सुल्तानपुर है जहां बिजली व्यवस्था अच्छी है तो फिर हमारे यहां ऐसा क्यों नहीं। बहरहाल कुछ घंटा बीत जाने के बाद धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों से उप जिलाधिकारी शाहगंज शैलेन्द्र कुमार ने बात किया और कुछ लोगों को अपने कार्यालय बुलाकर एसडीओ शाहगंज और प्रदर्शन कर रहे लोगों के बीच वार्ता कराई और बिजली व्यवस्था मे सुधार का आश्वासन दिया तब जाकर प्रदर्शन कर रहे लोग अपने घर जाने को राजी हुए।

# तालाब में नहाते समय डूबने से तीन बच्चों की मौत, गांव में मचा कोहराम

* गांव में पसरा सन्नाटा हर कोई की आंखें हुई नम

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



नाग पंचमी पर्व पर गुड़िया नहलाने गए तीन बच्चे की तालाब में डूबने से मौत सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने अन्य बच्चों को बाहर निकाला तब तक तीन बच्चों की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही तीन बच्चों की मौत हो गई। मौत की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया गांव के हर व्यक्ति की आंखें नम दिखीं वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस से लोगों ने पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया बताया जाता है कि पवारा थाना क्षेत्र के सरायबीका गांव के कुछ बच्चे नाग पंचमी को गुड़िया नहलाने के लिए गांव स्थित एक तालाब में अन्य दोस्तों के साथ गए थे। तालाब में नहाते समय गांव के आयुष पुत्र रंजीत,7 अभिषेक पुत्र पप्पू, 16 सत्यम पुत्र संजय 10 गहरे पानी मे चले गए। बच्चों को डूबता देख अन्य बच्चे भागकर घर गए और परिजनों को बताया लोग आनन फानन में अन्य ग्रामीणो की मदद से अन्य बच्चों समेत लोगों ने तीनो बच्चों को तालाब से बाहर निकालकर अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में तीन बच्चों की मौत हो गई मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष मंजय यादव क्षेत्राधिकारी अतर सिंह एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया ने लोगों की मांग पर पंचनामा करा कर परिजनों को सौंप दिया।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों के हालातों का लिया जायजा


निरीक्षण के दौरान मातहतों को निर्देशित करती डीएम अपूर्वा दुबे।

### पीड़ितों की हर संभव मदद पहुंचाने के मातहतों को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

डीएम ने सोमवार को फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांवों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ चौकियों तथा बाढ़ राहत केंद्रों के बारे में जानकारी ली तथा ग्रामीणों से समस्याओं को जाना तथा निराकरण के लिए संबंधित जिम्मेदारों को निर्देश दिए। सोमवार को डीएम अपूर्वा दुबे ने क्षेत्र के हिंदूपुर, दबौली, नया बंगला आदि बाढ़ प्रभावित गांवों निरीक्षण किया। दबौली बाजार में उन्होंने ग्रामीणों के घरों में भरे बाढ़ के पानी को देखा और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की बात कही। वहीं कटान के पास काली माता मंदिर व शिव मंदिर के पास मिट्टी की बोरियां व बांस लगाने के निर्देश दिए जिससे कटान होने से बचाया जा सके। इसके बाद हिंदूपुर पुलिया का निरीक्षण किया जहां उन्होंने कुछ जगह धंस रही पुलिया को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए साथ ही बैरियर लगा कर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने को कहा। इसके बाद डीएम ने नया बंगला गांव का निरीक्षण किया जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया साथ ही गांव में जलभराव को देखते हुए वहां पर मिट्टी भरी बोरियां और टायर डालकर आने जाने के लिए अस्थाई मार्ग बनवाने के निर्देश दिए। इसके बाद दबौली गांव के प्राथमिक विद्यालय में बनी बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। जहां अवस्थाओं को देखकर संबंधित को फटकार लगाई और व्यवस्था को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इस दौरान बांगरमऊ एसडीएम नूपुर गोयल, तहसीलदार दिलीप कुमार, बीडीओ अनिल कुमार सिंह, अधीक्षक डॉ नरेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत हेमंत कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा


गांव ने राशन किट के साथ मौजूद ग्रामीण

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

### विधायक प्रतिनिधि ने प्रभावितों को बांटी राशन किट

गंगा के बढ़े जलस्तर से आई बाढ़ से प्रभावित ग्राम वासियों की सुरक्षा एवं भोजन पानी की व्यवस्था हेतु एसडीएम ने तहसीलदार के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों का मुआयना कर उन्हें जरूरी निर्देश दिए वहीं सफीपुर विधायक प्रतिनिधि ने बाढ़ राहत केंद्रों के माध्यम से जरूरतमंदों को राशन किट उपलब्ध कराई गयी। गंगा से सटे सफीपुर क्षेत्र के कई गांव में पहुंचे उफनाई गंगा के पानी ने लोगों को परेशानियों में डाल दिया है। उन्हें राहत पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधि एवं शासन मुस्तैद है। क्षेत्र के जमाल नगर बाढ़ राहत केंद्र से कटरी अल्लीपुर, माढ़ापुर मजरा जमाल नगर ऐहतमाली एवं गहौली बाढ़ राहत केंद्र से संतन बंगला मजरा पाल्हेपुर, हमजापुर, नीवीगाढ़ा के बाढ़ प्रभावित परिवारों को 200 बाढ़ राहत किट सफीपुर विधायक के प्रतिनिधि उनके पुत्र अश्विनी दिवाकर की उपस्थिति में वितरित की गई। इस दौरान एसडीएम रामदेव निषाद, बीडीओ सफीपुर गुलाबचंद, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिओम पटेल, नायब तहसीलदार धीरेश सिंह, एडीओ कृषि सुनील रावत, ग्राम विकास अधिकारी सर्वेश एवं कृष्ण कुमार तिवारी, राजस्व निरीक्षक कमलेश पांडे, लेखपाल सचिंद्र, कमल किशोर श्रीवास्तव, श्वेता कटियार, आलोक बाजपेई एवं प्रभावित ग्रामों के ग्राम प्रधान सहित गांव के अन्य संभ्रांत व्यक्ति भी उपस्थित रहे। वहीं एसडीएम रामदेव निषाद के निर्देश पर एडीओ पंचायत छोटे लाल, ददलहा ग्राम प्रधान मशर्रत अली, पंचायत अधिकारी प्रदीप यादव, सर्वेश दीक्षित, जयकांत ने नाव के सहारे बाढ़ प्रभावित गांवों में जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया और समय से बाढ़ चौकी में जाने का आग्रह किया। बीडीओ गुलाब चंद्र ने बताया कि एडीओ पंचायत के नेतृत्व में पंचायत टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो की निगरानी कर रही है साथ ही लोगो के रहने खाने की समुचित व्यवस्था बाढ़ चौकी पर की गई है।

# वसूलीबाज फर्जी आई.बी. ऑफिसर को बिठूर पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



थाना बिठूर की पुलिस ने बीते दिन सोमवार को खुद को आईबी और पीएमओ का ऑफिसर बताकर रंगदारी वसूलने वाले जालसाज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार किया गया जालसाज अपने संग खाकीधारी गनर भी लेकर चलता था जिससे लोग उसके झांसे में आ जाते थे। मिली जानकारी के अनुसार थाना बिठूर में निखिल शर्मा नाम के व्यक्ती द्वारा अभिषेक सिंह नामक व्यक्ति के खिलाफ़ तहरीर देकर बताया गया कि टाउनशिप पायनियर ग्रीन सिटी, सिंघपुर में किराये पर विला सं. 67 में निवास करने वाला अभिषेक सिंह उसके कार्यालय में आकर स्वयं को पी.एम.ओ. (प्रधान मंत्री कार्यालय) का प्रतिनिधि बताता था अपना पी.एम.आफिस का आई.डी. कार्ड दिखाकर धमकाया। पीड़ीत का कहना है कि अभिषेक के पास सुरक्षा के लिए होम गार्ड भी उपलब्ध था, जो की 24 घंटे उसके साथ चलता है तथा घर के बाहर बैठा रहता था। आरोप है कि अभिषेक सिंह द्वारा पीड़ीत को धमकाकर नवम्बर माह में रु. 20,00,000/- की अवैध वसूली की गयी, जिसमें कि एप्पल कंपनी का मोबाइल न व् लैपटप भी सम्मिलित था। इसके बाद कई मर्तबा धमकाकर फर्जी आईबी ऑफीसर अभिषेक द्वारा वसूली की गई। परेशान होकर पीड़ित ने बिठूर पुलिस से गुहार लगाई जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## ए.के.वर्मा डॉ. हरदेव प्रसाद मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित

जन एक्सप्रेस/ शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्लागंज के सुभाष नगर निवासी होम्योपैथिक डॉक्टर निखिल को के कुआलाम्पुर में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान फर्स्ट सेकेट्री कॉमर्स एंड एजुकेशन सी सुषमा हाई कामिशन ऑफ इंडिया, डॉ ए के वर्मा निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश, वाइस चांसलर डॉ0 जावेदी हुसैन व मलेशिया के पदाधिकारियों की मौजूदगी में डॉ. हरदेव प्रसाद मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि केंट होम्योपैथिक लेबोरेटरी की तरफ से डॉ. हरदेव प्रसाद मेमोरियल अवार्ड के लिये उत्तर प्रदेश के 27 डॉक्टरों का चयन हुआ है। जिसमें उनका नाम भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि होम्योपैथिक जगत में इतिहास रचने वाले 100 चिकित्सकों को सम्मानित किया जायेगा। इससे पहले निखिल को उत्तराखंड में राइजिंग स्टार अवार्ड 2023 मिल चुका है। उससे पहले नागपुर में ऑल इंडिया होम्योपैथिक रिसर्च सबमिट 2023 में ऑल इंडिया यूथ अवार्ड भी मिल चुका है।

## 140वीं जयंती पर याद किए गए 'सनेही'

### पैतृक गांव हड़हा में हुआ श्रृद्धांजलि समारोह

### अपनी लेखनी से स्वतंत्रता आंदोलन में किया था जन जागरण

जन एक्सप्रेस । अचलगंज, उन्नाव

स्वतन्त्रता आंदोलन में अपनी ओजस्वी लेखनी के माध्यम से जन जागरण कर अंग्रेजो के विरुद्ध आम जन मानस को खड़ा कर देने वाले पण्डित गया प्रसाद शुक्ल सनेही पूरे देश के गौरव है। पूरा देश उनका ऋणी है। यह बात हड़हा में कवि सम्राट पण्डित गया प्रसाद शुक्ल सनेही की 140वीं जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव हड़हा में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ल ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हड़हा की पहचान सनेही जी से है। सनेही किसी जाति धर्म सम्प्रदाय में नही बंधे है। वह सबके है लेकिन आज उनको श्रद्धांजलि देने भी बहुत कम लोग इकठ्ठे हुए है। कम से कम हड़हा के लोग सोमवार उनको दो फूल चढ़ाने आ जाते।

इस अवसर पर उन्होंने हड़हा के विकास के लिए हर सम्भव प्रयास करने का अस्वासन दिया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अंकिता कुमारी, आजाद स्मारक ट्रष्ट के मंत्री राजेश शुक्ल संदीप पांडेय ने भी सनेही की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अजय निगम, अमित कुशवाहा, विनोद सोनकर, ब्रह्म किशोर अग्निहोत्री, विष्णु सोनी, सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री, पूती सोनकर रहे। कार्यक्रम का आयोजन सनेही साहित्य परिषद की ओर से किया गया। सनेही जी के प्रपौत्र शैलेन्द्र मोहन शुक्ल व रंजीत अवस्थी ने लोगो का आभार किया ।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संदिग्ध हालत में किसान की इलाज दौरान मौत



जन एक्सप्रेस/उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के बंड हमीरपुर गांव निवासी किसान की रविवार देर रात संदिग्ध हालत में जिला अस्पताल की इमर्जेंसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने अधिक शराब पीने से मौत की बात कही है।
अचलगंज थाना क्षेत्र के बंड हमीरपुर गांव निवासी धीरु सिंह (25) पुत्र स्व. उदयराज किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार रात अचानक हालत बिगड़ने लगी। जिस पर परिजन उसे आनन फानन जिला अस्पताल की इमर्जेंसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक धीरु तीन भाईयों में सबसे छोटा था। दो अविवाहित भाईयों में राहुल व बृजेश और तीन शादीशुदा बहने हैं। पिता उदय राज की पहले ही मौत हो चुकी है। अविवाहित बेटे की मौत को लेकर मां आशा सिंह रो-रोकर बेहाल होती रही।

### सोते समय करंट की चपेट में आया किसान, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के दाराब नगर लिलौरी गांव निवासी किसान की बीती देर रात फर्राटा पंखे के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफीपुर कोतवाली के दाराबनगर लिलौरी गांव निवासी अधेड़ राम कुमार खेती किसानी कर खुद व परिवार का भरण पोषण करता था। रात को वह फर्राटा पंखा लगा कर सो रहा था। इसी दरम्यान उसे घुमाने के दौरान उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। अन्य परिजन बरामदे में सौ रहे थे। करंट लगने से पंखा उसके ऊपर गिर जाने से मौत हो गई। बरामद में सो रहे परिजन जब सुबह उठे तो देखा कि राम कुमार पर फर्राटा पंखा गिरा पड़ा मिला। डंडे से पंखे को हटकर कर उसे अलग किया। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राम कुमार अविवाहित और दो भाईयों में बड़ा था। वह अपने छोटे भाई रामकृष्ण के साथ रहता था।

### इमरजेंसी वार्ड के बाहर अस्पताल कर्मी की बाइक चोरी

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। जिला अस्पताल में सक्रिय वाहन चोरों ने सोमवार दोपहर इमरजेंसी वार्ड के बाहर खड़ी अस्पताल कर्मी की बाइक पार कर दी। पीड़ित ने घटना की तहरीर अस्पताल चौकी प्रभारी को दी है। सदर कोतवाली के मोहल्ला मोती नगर निवासी अभिषेक यादव पुत्र स्व. लालाराम जिला अस्पताल में बतौर वार्ड ब्वाय तैनात है। सोमवार दोपहर उसकी बाइक इमरजेंसी वार्ड के बाहर खड़ी थी। कुछ देर बाद जब वह वार्ड से बाहर आया तो बाइक गायब देख उसके होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कोई पता नहीं चला तो पीड़ित ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जिसमे पीठ पर बैग टांगे युवक बाइक को पैदल खींचते हुए ले जाता नजर आया। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज के साथ जिला अस्पताल चौकी पुलिस से लिखित शिकायत की है। बता दें की जिला अस्पताल में वाहन चोर गिरोह सक्रिय रहता है। आए दिन किसी न किसी की बाइक गायब हो जाती है। चौकी पहुंचने पर उसे कार्रवाई के आश्वासन की घुट्टी पिला कर चलता कर दिया जाता है।

### औरास पुलिस ने दो गोकशों को किया गिरफ्तार

**दो सप्ताह पूर्व दरवाजे से दो बैल खोल कर की थी हत्या**

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। दो सप्ताह पूर्व अहमदपुर कासिमपुर गांव में दो बैलों को किसान के दरवाजे से खोलकर गौकशी करने के मामले में औरास पुलिस ने सोमवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। औरास थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी गंगाराम के दो पालतू बैलो को गौतस्करों ने 6 अगस्त की रात को दरवाजे से खोलकर गांव के बाहर एक बाग में हत्या कर मांस लाद ले गए थे। घटना के दूसरे दिन पशु पालक गंगाराम ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने गौतस्करों को पकड़ने के लिए संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही थी। सोमवार सुबह गौ तस्करों की लोकेशन मिलने पर पुलिस ने इनायतपुर के पास आगरा लखनऊ एक्सप्रेस के अंडरपास के निकट से औरास थाना क्षेत्र के नियाजअलीखेड़ा गांव निवासी इरफान पुत्र इसरार व जावेद पुत्र इसरार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों गोकशों कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया।

### नाग पंचमी के पर्व पर मंदिरों का हुआ भव्य श्रृंगार

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। नाग पंचमी के पर्व को देखते हुये राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मन्दिर, पीपलेश्वर, महादेव मन्दिर, शिव मन्दिर, गांधीनगर नागेश्वर मन्दिर, महेश मार्ग शिव मन्दिर, बालूघाट आनन्देश्वर मन्दिर, गोपीनाथ पुरम भागेश्वर धाम मन्दिर, कंचन नगर, मिश्रा कालोनी शिव मन्दिर के अलावा देवारा वीरभद्रेश्वर मंदिर में भव्य श्रंगार कराया गया। इसके साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं महिलाओं ने घरों में दूध से नागदेवता की पूजा अर्चना की और मुख्यद्वार के दोनो ओर दीवार पर पांच पांच नाग हल्दी एवं चावल के आटे से मिले एपन से बनाया। बच्चों द्वारा गुड़िया पीटने की रश्म के साथ नागपंचमी का त्यौहार मनाया गया।

# साथियों के साथ गंगा नदी में नहाने के लिए गया युवक डूबा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

### कोतवाल सुरेंद्र सिंह राठी सहित ग्रामीण गोताखोरों ने शुरू की युवक की तलाश

बिल्हौर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी सीताराम का 19 वर्षीय पुत्र अनुराग शर्मा क्षेत्र के अकबर पुर सेंग गांव स्थित गंगा तट पर सोमवार को अपने कुछ साथियों के साथ स्नान के लिए पहुंचा था। गंगा नदी में स्नान करते समय गहराई में जाने से युवक गंगा नदी में डूब गया। युवक के डूबते ही गंगा तट पर अफरातफरी मच गई। कुछ ही देर में ग्राम प्रधान कौशल तिवारी क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण व पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों के साथी कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी भी गंगा नदी में छलांग लगाकर ढूंढते रहे द्वारा युवक की तलाश की जा रही है किंतु घटना के बाद कई घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद अभी तक युवक की तलाश नहीं की जा सकी। वहीं घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सैकड़ों की संख्या में देर रात तक ग्रामीण घाट पर जमा रहे हैं लेकिन कहीं पर भी कुछ भी हाथ नहीं लगा गंगा मैं तीव्र बहाव के चलते शव काफी दूर जा चुका हुआ जिसके चलते मिलना मुश्किल है बुजुर्ग ग्रामीणों ने बताया कि पलक झपकते दरियाव में शव गायब हो जाता है।

## मैदानी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश से बढ़ रहा जलस्तर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश से लगातार गंगा के जलस्तर में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। वहीं लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर से लोग सन 2010, 2018 में आई भीषण बाढ़ का नजारा एक फिर होने का अंदेशा लगा रहे हैं। बैराज बांध से पानी छोड़े जाने के कारण रविवार दोपहर तीन बजे गंगा का जलस्तर 113.000 मी0 पहुंच गया। जिसके बाद सोमवार को भी जलस्तर खतरे के निशान तक रहा। उफनाई गंगा के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए हैं। नेतुआ, आजाद नगर, राजीव नगर बस्ती में भी पानी पहुंचने लगा है। यहां के करीब एक सैकड़ा लोग अपने आशियाने छोड़ने की तैयारियां कर रहे हैं। वहीं श्री नगर, रविदास नगर, गंगा नगर के भी हालात काफी खराब हैं यहां भी मकानों में पानी भर चुका है। वहीं ग्रामीण इलाकों के नेतुआ, गगनी खेड़ा, अखलॉक नगर, रतीरामपुरवा, झब्बू पुरवा, कटरी पीपरखेड़ा के सैकड़ों मकान बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बाढ़ केन्द्र के प्रभारी लेखपाल मनोज ने बताया कि तीन स्थानों पर बाढ़ राहत शिविर बनाये गये हैं। वहां पर बाढ़ पीड़ितों के रूकने की व्यवस्था भी की गई है।

## श्रद्धालुओं ने मां गंगा का पूजन कर लगाई आस्था की डुबकी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** सावन के सोमवार को नगर के घाटों पर दूर दराज से चलकर आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर हर गंगे, ऊं नमः शिवाय के जयकारों से गंगा के समस्त घाट गूंजते रहे। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा का पूजन किया। इसके बाद नगर के शिव मंदिरों में भी पहुंच कर माथा टेका। मां गंगा व भगवान शिव से सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, बालू घाट, आनन्द घाट, गंगा विशुन घाट, शिव बाबा घाट, पक्का घाट, कच्चा घाट, पुल के नीचे के घाट, हनुमान घाट व जाजमऊ के चंदन घाट समेत गंगा के तमाम तटों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। यहां आने वालों में अजगैन, हरौनी, बीघापुर, रायबरेली, बालामऊ व लखनऊ आदि दूर दराज क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल रहे। वहीं राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मन्दिर, पीपलेश्वर, महादेव मन्दिर, शिव मन्दिर, गोपीनाथ पुरम भागेश्वर धाम मन्दिर, कंचन नगर, मिश्रा कालोनी शिव मन्दिर के अलावा देवारा वीरभद्रेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिये सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

# ब्लॉक परिसर से उतरवाया गया फटा तिरंगा

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** विकासखण्ड मुख्यालय परिसर में लगे 101 फिट ऊंचे पोल पर तिरंगा झंडा लगाया गया था। हवा के थपेड़ों की वजह से तिरंगे का एक कोना फट गया था। जिसकी जानकारी ब्लॉक प्रशासन को हुई तो तत्काल तिरंगे को उतारकर सुरक्षित रख लिया। बता दें कि ब्लाक कार्यालय फटा तिरंगा फहराने हो रहे राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की खबर जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी।
स्थानीय विकास खण्ड परिसर में लगे 101 फिट ऊंचे पोल पर तिरंगा लगाया गया था। रविवार को किन्ही कारणों से तिरंगे का एक कोना फट गया था। हवा में फहरा रहे फटे तिरंगे को देख लोगों ने जानकारी ब्लॉक कर्मचारियों को दी। जिसके बाद तत्काल तिरंगे को उतार लिया गया। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी मुनीश चंद्र ने बताया कि रविवार की दोपहर को तेज हवा के कारण तिरंगा फट जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। जिसके बाद कर्मचारियों को भेज कर तत्काल तिरंगे को सम्मान सहित उतरवा कर सुरक्षित रखवा दिया गया है।

## पानी की टंकी हरनू ग्राम सभा का प्रस्ताव पास हुआ बन रही है हरिराम पुरवा में ग्रामीणों में रोष

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील के ग्राम सभा हरनू में लगभग 3000 आबादी है चार मजरे जुड़े हुए हैं जिसमें सबसे दूरी पर लगभग 2 किलोमीटर जो मजरा है हरिराम पुरवा उसके समीप टंकी पानी की बनाई जा रही है जबकि उससे 200 मीटर की दूरी पर पानी टंकी पहले से बनी हुई है जबकि प्रस्ताव हरनु गांव में लेखपाल और प्रधान प्रबंध समिति द्वारा स्थान चिन्हित किया गया था प्रस्ताव के बाद काफी समय तक टंकी का निर्माण कार्य नहीं शुरू हुआ इसके बाद हरिराम पुरवा में जहां 600 की आबादी है वहां पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मनमाने ढंग से बना रहा है जबकि प्रधान ने लिखित में प्रार्थना पत्र तहसील दिवस में दिया लेकिन अधिकारियों ने जांच का आश्वासन दिया है वहीं पर 3000 आबादी के गांव में ग्रामीणों में भारी रोष है कि अगर हर प्रस्ताव ग्राम सभा से कराए जाते हैं इसीलिए की किसी का अहित न हो और सभी के लिए सामान व्यवहार हो वह तो रद्दी की टोकरी में फेंक दिया गया अब इतनी दूरी से पाइप लाइन कितने लगेगे सरकार का कितना नुकसान होगा इसका आंकड़ा नहीं लगाया जा सकता है और इतनी अधिक आबादी के लिए बराबर सप्लाई पहुंचना कठिन काम होगा प्रधान रणजीत सिंह ने बताया कि गांव की खुली बैठक में पुनः प्रस्ताव कराया जाए जहां पर गांव सभा के ग्रामीण तैयार हो उसी गांव में काम कराया जाए इस तरह से जबरदस्ती निर्माण कर कराया जा रहा है अधिकारी ने आश्वासन दिया है की जांच उपरांत काम होगा।

## शराब पीते वक्त कोल्ड ड्रिंक के पैसे को लेकर विवाद में मारी गोली

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिधनू थाना क्षेत्र में शराब पीने को लेकर हुए विवाद से बाद गुस्साए युवक ने दूसरे युवक को गोली मार दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को घायल अवस्था में बिधनू सीएचसी पहुंचाया है जहां से उसे गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बिधनू थाना क्षेत्र के मगरासा गांव निवासी 35 वर्षीय शिवम राजपूत गांव निवासी गौरव के साथ शराब पी रहा था। तभी पैसे के लेनदेन को लेकर दोनो के बीच कहासुनी के बाद विवाद हो गया था। विवाद से गुस्साए शिवम ने गौरव पर देशी तमंचे से फायर कर दिया,गोली गौरव के पेट में लगी। जिससे गौरव गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना फोनकर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बिधनू पुलिस ने घायल अवस्था में गौरव को बिधनू सीएचसी पहुंचाया।

# सहकारिता है सामाजिक समानता का आधार : मनीष सहनी

### सहकारी समितियों के सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



भाजपा जिला कार्यालय पर सहकारी समिति सदस्यता अभियान को बलवती बनाने के संबंध में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पहले पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी सहकारिता के प्रदेश प्रभारी मनीष सहनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद सच्चे अर्थों में समाज को एक पटल पर लाने व समानता दिलाने व सभी को एक साथ मिलकर सहकार की भावना के तहत काम करने में यदि कोई विभाग सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं तो वह सहकारिता विभाग ही है। किंतु ये खेद का विषय है कि अन्य सरकारों ने सर्वाधिक उपेक्षा इसी विभाग के साथ की है। भाजपा सरकार ने सहकारी आंदोलन को जबरदस्त समर्थन देते हुए केंद्रीय स्तर पर अलग विभाग का गठन किया है और सभी प्रदेशों में सहकारी समितियों को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। इसी दिशा में सहकारी समितियों में विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है ताकि आम जनता और किसान बिचौलियों के चंगुल से मुक्त हो सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग ले रहे जिला सहकारी बैंक उन्नाव के सभापति/ अध्यक्ष अरूण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत उन्होंने ये सुनिश्चित कराया है कि बैंक की प्रत्येक शाखा से सदस्य समितियों को उनके निर्धारित ऋण सीमा का ऋण समय पर उपलब्ध हो ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। जनपद में सेवारत सहकारी समितियों में विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सदस्य बढ़ने से समितियों को सुदृढ़ बनाने में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब एक ही समिति पर किसान की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति हो जायेगी। उन्होंने कहा सदस्यता के लिए टोल फ्री नम्बर 1800212884444 भी जारी किया गया है। इस नंबर पर सभी जानकारी ली जा सकती है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा कि 1 से 30 सितंबर तक सभी सहकारी समितियों में विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रस्तावित सदस्यता अभियान में पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंगा प्रसाद वर्मा पूर्व अध्यक्ष भाजपा, महेश दीक्षित, सतीश गुप्ता, वीर पाल, कृष्ण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में हुआ बड़ा काम: प्रधानमंत्री





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के भेल स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में आयोजित रोजगार मेले में नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति बधाई पत्र प्रदान किए। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि शिक्षक की नौकरी साधारण नहीं है। शिक्षक आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने वाले हैं। आप इंसान बनाने वाले हैं। ये आप सभी ध्यान रखना। शिक्षा का अर्थ है कि 'सा विद्या या विमुक्तये', शिक्षा वो है जो इस लोक और परलोक से मुक्ति दिलाये। जो ज्ञान, कौशल के साथ नागरिकता के संस्कार दे। सीएम ने कहा कि सबसे पहले मैं आप सबको हार्दिक शुभकानाएं देता हूं आप नवनियुक्त शिक्षक हैं। मैं आपका बहुत आदर करता हूं। क्योंकि आप अब गुरु हो, गुरु का मतलब ही होता है अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना।

### देश में गरीबी कम हुई है, समृद्धि बढ़ी है

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों जब सकारात्मक सोच, सही नियत पूर्ण निष्ठा के साथ निर्णय होते हैं तो पूरा वातावरण सकारात्मकता से भर जाता है। अमृतकाल के पहले वर्ष में ही दो बहुत बड़ी खबरें आई हैं। ये खबरें देश में कम होती गरीबी और बढ़ती समृद्धि का परिचय देती हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट में आया है कि सिर्फ पांच साल के भीतर ही भारत में साढ़े 13 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। कुछ दिन पहले एक और रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष फाइल होने वाले इनकम टैक्स की संख्या भी दूसरा महत्वपूर्ण संकेत दे रही है। पिछले नौ वर्षों में लोगों की औसतन आय में भारी बढोतरी हुई है। आईटीआर के आंकड़ों को मुताबिक 2014 में जो औसत आय करीब चार लाख रुपये थी वो 2023 में बढ़कर 13 लाख रुपये हो गई है। भारत में लोवर इनकम से अपर इनकम ग्रुप में जाने वालों की संख्या बढ़ी है। ये आंकड़े उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ इस बात का यकीन भी दिलाते हैं कि देश के हर सेक्टर को मजबूती मिल रही है और रोजगार के अनेक नए अवसर बढ़ते ही चले जा रहे हैं। साथियों आयकर रिटर्न के नए आंकड़ों में एक और बात नोट करने वाली है वो ये कि देश के नागरिकों का अपनी सरकार पर भरोसा निरंतर बढ़ रहा है। इस वजह से देश के नागरिक इमानदारी से अपना टैक्स देने के लिए आगे आ रहे हैं। वो जानते हैं कि उसके टैक्स की पाई-पाई देश के विकास में खर्च की जा रही है। उन्हें साफ दिख रहा है कि 2014 से पहले जो अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें नंबर पर थी वो आज पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। देश का नागरिक वो दिन भूल नहीं सकता, जब 2014 से पहले घोटालों और भ्रष्टाचार का दौर था। गरीब का हक उस तक पहुंचने से पहले ही लूट लिया जाता था।



### पीएम मोदी ने रोजगार मेले को किया संबोधित

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी मध्यप्रदेश रोजगार मेले को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस ऐतिहासिक कालखंड में शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण दायित्व से अपने आप को जोड़ रहे हैं। इस बार लाल किले से मैंने विस्तार से बात की है कि कैसे देश के विकास में राष्ट्रीय चरित्र की अहम भूमिका है। आप सभी पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। मैं मध्यप्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले साढ़े पांच हजार से ज्यादा शिक्षक भाई बहनों को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे बताया गया है कि पिछले तीन वर्षों में मध्यप्रदेश में करीब 50 हजार शिक्षकों की भर्ती हुई है। इसके लिए राज्य सरकार भी बधाई की पात्र है। पीएम मोदी ने कहा कि साथियों आप सभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में भी बड़ी भूमिका निभाने जा रहे है। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का बहुत बड़ा योगदान है। इसमें पारंपरिक ज्ञान से लेकर भविष्य की टेक्नोलॉजी तक को समान रूप से महत्व दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा के रूप में नया पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है। एक और बहुत बड़ा काम हुआ है। मातृभाषा में पढ़ाई को लेकर। अंग्रेजी न जानने वाले अनेकों छात्रों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई न कराकर उनके साथ अन्याय किया गया था। ये सामाजिक न्याय के विरुद्ध था। अब अन्याय को भी हमारी सरकार ने दूर कर दिया है। अब सिलेबस में क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकों पर बल दिया गया है। देश की शिक्षा व्यवस्था में ये बहुत बड़े बदलाव का आधार बनेगा।

### पीएम विश्वकर्मा योजना पर 13 हजार करोड़ रुपये होंगे खर्च

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों आज देश में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार इन तीनों ही स्तरों पर दूरगामी नीति और निर्णय के साथ अनेक विविध काम हो रहे हैं। इस 15 अगस्त को मैंने लाल किले से पीएम विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी। ये योजना भी इसी विजन का प्रतिबिंब है। हमारे विश्वकर्मा साथियों के पारंपरिक कौशल को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक ढालने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना बनाई गई है। इस पर लगभग 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे 18 अलग-अलग तरह के हुनर से जो परिवार जुड़े हुए हैं। ऐसे परिवारों को हर प्रकार की सहायता दी जाएगी। उनको लाभ होगा। इससे समाज का वो वर्ग लाभान्वित होगा जिनके महत्व की चर्चा तो होती थी, लेकिन उनकी स्थिति बेहतर करने का कभी ठोस प्रयास नहीं किया गया। विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को ट्रेनिंग के साथ ही आधुनिक टूल्स खरीदने के लिए वाउचर भी दिए जाएंगे। यानी पीएम विश्वकर्मा से युवाओं को अपना हुनर निखारने का और ज्यादा अवसर मिलेगा। आज जो महानुभाव शिक्षक बन रहे हैं उनसे मैं एक और बात करुंगा। आप सभी कड़ी मेहनत से यहां तक पहुंचे हैं आगे भी आप सीखते रहने की प्रवृत्ति जारी रखें। आपकी मदद के लिए सरकार ने ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम आई गोट कर्मयोगी तैयार किया है। इस विधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का प्रयास करें। मैं आपको और आपके परिवार के लोगों को इस नई सफलता के लिए अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं।

# मणिपुर हिंसा पर महिला जज कमेटी ने 3 रिपोर्ट सौंपीं

✱ सुप्रीम कोर्ट से कहा, लोगों के खोए जरूरी डॉक्यूमेंट फिर जारी हों

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर हिंसा को लेकर जस्टिस गीता मित्तल की अध्यक्षता वाली समिति ने तीन रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सौंपी हैं। रिपोर्ट पेश करने के बाद पूर्व जस्टिस मित्तल ने कोर्ट से कहा कि मणिपुर में लोगों ने अपने जरूरी दस्तावेज खो दिए हैं, उन्हें दोबारा जारी करने की जरूरत है। साथ ही मुआवजा योजना में बदलाव किए जा सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते पहले 7 अगस्त की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के 3 जजों की कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। महिला जजों की कमेटी में जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रहीं गीता मित्तल हेड थीं, उनके साथ दो अन्य सदस्य जस्टिस शालिनी पी जोशी और जस्टिस आशा मेनन ने मणिपुर में राहत और पुनर्वास पर रिपोर्ट तैयार की। सोमवार को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने रिपोर्ट मिलने के बाद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से मदद मांगी। इसके बाद कहा कि इन रिपोर्ट्स की कॉपी केस से जुड़े वकीलों को दी जाएगी, ताकि वे अपने सुझाव बता सकें।



### कोर्ट रूम में हुई दलीलें...

- **सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़:** तीन रिपोर्ट आई हैं- एक रिपोर्ट जिसमें बताया गया है कि मणिपुर के कई नागरिकों ने महत्वपूर्ण दस्तावेज खो दिए हैं। दूसरी मणिपुर पीड़ित मुआवजा योजना को अपडेट किया जा सकता है। तीसरी रिपोर्ट में डोमेन विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए समिति का प्रस्ताव है। तीन रिपोर्टों की कॉपी वकीलों को दी जाएगी, वे सुझावों पर गुरुवार तक अपनी राय बताएं।
- **एडवोकेट इंदिरा जय सिंह :** कोर्ट को आदेश देना चाहिए कि कमेटी जो भी काम कर रही है, उसकी फंडिंग केंद्र सरकार करे। कमेटी का अपना अधिकारी हो, ताकि जानकारियां आगे बढ़ाई जा सकें और समिति से जुड़ी कोई गलत इन्फॉर्मेशन न दी जाए।
- **सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ :** इस मामले में कुछ निर्देश दिए जाने की जरूरत है, जिसमें प्रशासन, फंडिंग, वर्क पोर्टल बनाकर उसका प्रचार और अन्य बुनियादी चीजों पर फोकस हो। कमेटी के सुझावों पर जवाबों को वृंदा ग्रोवर समिति के साथ चर्चा करके इकट्ठा कर सकती हैं। इसे गुरुवार सुबह मणिपुर के महाधिवक्ता के साथ शेयर किया जाएगा।
- **इंदिरा जय सिंह :** राहत को केवल महिलाओं तक ही सीमित नहीं रखा जा सकता। कमेटी इस मामले में बहुत स्पष्ट नहीं थी, इसलिए इसका स्पष्टीकरण किया जा सकता है।
- **सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ :** हालांकि तीनों जज महिलाएं हैं, लेकिन वे पहले जज हैं।
- **एसजी मेहता :** बहुत स्पष्ट है और कमेटी भी इसे समझती है। इसलिए किसी स्पष्टीकरण की जरूरत नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट हिंसा से जुड़ी 11 याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा

मणिपुर हिंसा मामले में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र सरकार के मुताबिक 6,523 एफआईआर में से 11 शिकायतें महिलाओं और बच्चों की हिंसा से जुड़ी हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच मणिपुर हिंसा से जुड़ी 10 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

### 42 एसआईटी जांच कर रहीं, सीबीआई के पास 20 केस

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की 42 स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम जांच कर रही हैं। मणिपुर पुलिस ने अब तक 20 केस सीबीआई को सौंप दिए हैं। इनमें दो मामले प्रमुख हैं, पहला- 7 साल के बच्चे को उसकी मां और मौसी समेत एंबुलेंस में जला देने का और दूसरा- एक मैतेई महिला से 3 मई को हुए रेप केस का।

# दोस्त की नाबालिग बेटी से रेप का आरोपी अधिकारी सस्पेंड

✱ पुलिस ने हिरासत में लिया, केजरीवाल ने मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में दोस्त की नाबालिग बेटी से रेप के आरोपी अफसर को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सस्पेंड कर दिया है। सीएम केजरीवाल ने मुख्य सचिव से आज शाम 5 बजे तक मामले की रिपोर्ट मांगी है। इसके कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी अफसर दिल्ली के महिला एवं बाल विकास विभाग का डिप्टी डायरेक्टर था। नवंबर 2020 में दोस्त की मौत के बाद वह उसकी नाबालिग बेटी को अपने बुराड़ी स्थित घर ले आया। फिर जनवरी 2021 तक उसने लड़की के साथ कई बार रेप किया। इस दौरान लड़की प्रेग्नेंट भी हो गई।

### आरोपी की पत्नी ने अबॉर्शन पिल्स दी

पीड़ित ने आरोपी की पत्नी को पूरी बात बताई तो उसने अपने बेटे से अबॉर्शन पिल्स मंगवाकर उसे खिला दी। जनवरी 2021 में लड़की की मां बेटी को अपने साथ घर ले गई। हालांकि, पीड़ित ने रेप की बात अपने घरवालों को नहीं बताई।

### काउंसलिंग में लड़की ने डॉक्टर को सच्चाई बताई

लगभग ढाई साल बाद मामला तब सामने आया, जब अगस्त में लड़की को एंग्जाइटी अटैक आया। वह काफी तनाव में रह रही थी। लड़की को सेंट स्टीफंस हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया, जहां काउंसलिंग के दौरान उसने डॉक्टर को आपबीती सुनाई।



### पीड़ित बयान देने के लिए अभी फिट नहीं

इस मामले में 13 अगस्त को बुराड़ी पुलिस ने पॉक्सो सहित आईपीसी की कई धाराओं में केस दर्ज किया है। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए उत्तरी जिला के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि लड़की का बयान दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल डॉक्टरों ने बताया कि पीड़ित बयान देने के लिए फिट नहीं है।

# भ्रष्टाचार के सात मामलों में आठ साल से फरार पूर्व बीडीओ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ओडिशा के एक पूर्व प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को सोमवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। वह भ्रष्टाचार के मामले में आठ साल से फरार चल रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि कोरापुट के नारायणपटना के पूर्व बीडीओ रमेश चंद्र साहू भ्रष्टाचार के सात मामलों में सतर्कता विभाग की ओर से वांछित घोषित किए गए थे। ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) के पूर्व अधिकारी को दिल्ली में एक कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर ओडिशा ले जाया जाएगा।

# द्वारका एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार, 3-4 महीने में शुरू होगा

✱ गडकरी बोले, जाकर देखिए, इतना सुंदर बनाया है, 100 साल तक भूल नहीं पाएंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-हरियाणा को जोड़ने वाले द्वारका एक्सप्रेस-वे का वीडियो जारी किया है। उन्होंने इसे इंजीनियरिंग का चमत्कार बताया। गडकरी ने कहा कि यह एक्सप्रेस-वे तीन-चार महीने में शुरू होगा। आप लोग इसे जाकर जरूर देखिए। इतना सुंदर स्टेट ऑफ आर्ट प्रोजेक्ट बनाया है कि 100 साल तक भूल नहीं पाएंगे। द्वारका एक्सप्रेस-वे देश का पहला ऐलिवेटेड एक्सप्रेस-वे है। 563 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे को आधुनिक तकनीक और टेक्नोलॉजी से बनाया गया है। ये देश का पहला ऐसा एक्सप्रेस वे है, जिसे बनाने के लिए 1200 पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया गया है। वीडियो में बताया गया कि एक्सप्रेस-वे के निर्माण में दो लाख मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है, जो ऐफिल टावर में इस्तेमाल हुए स्टील से 30 गुना ज्यादा है। साथ ही 20 लाख क्यूबिक मीटर सीमेंट कॉन्क्रीट का इस्तेमाल किया गया है, जो बुर्ज खलीफा में इस्तेमाल से छह गुना ज्यादा है। यह सड़क नेशनल हाईवे 8 पर शिव मूर्ति से शुरू होकर गुरुग्राम में खेड़की दौला टोल प्लाजा पर खत्म होती है। देश की पहली 3.6 किमी लंबी और 8 लेन चौड़ी अर्बन टनल भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा है। द्वारका एक्सप्रेस-वे में 4 लेवल बनाए गए हैं, जिसमें टनल, अंडरपास, ऐलिवेटेड फ्लाईओवर और फ्लाईओवर के ऊपर फ्लाईओवर बनाए गए हैं।




### दिल्ली से गुरूग्राम का सफर 25 मिनट में पूरा होगा

द्वारका एक्सप्रेस-वे के बनने के बाद दिल्ली से गुरुग्राम जाने में केवल 20 से 25 मिनट लेगा। वीडियो के मुताबिक, द्वारका से मानेसर जाने में 15 मिनट, मानेसर से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तक 20 मिनट, द्वारका से सिंघु बॉर्डर तक 25 मिनट और मानेसर से सिंघु बॉर्डर तक 45 मिनट में लोग सफर कर पाएंगे।

# चंद्रयान-2 ऑर्बिटर और चंद्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल के बीच हुआ संपर्क

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चंद्रयान-2 के आर्बिटर और चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल के बीच दोतरफा संचार स्थापित हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, %स्वागत है दोस्त! चंद्रयान-2 आर्बिटर ने औपचारिक रूप से चंद्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। दोनों के बीच दोतरफा संचार स्थापित हो गया है। मिशन ऑपरेशंस कॉम्पलेक्स के पास अब लैंडर मॉड्यूल तक पहुंचने के लिए ज्यादा मार्ग हैं। इसरो ने रविवार को कहा कि चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल के 23 अगस्त को शाम करीब छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है। एमओएक्स इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में स्थित है। चंद्रयान-2 मिशन 2019 में भेजा गया था। इस अंतरिक्षयान में आर्बिटर, लैंडर और रोवर शामिल था। लैंडर के अंदर एक रोवर था। लैंडर चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे यह मिशन के 'सॉफ्ट लैंडिंग' नहीं हो सकी थी।



### सब कुछ फेल हो जाए तब भी विक्रम लैंड करेगा

इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ ने 9 अगस्त को विक्रम की लैंडिंग को लेकर कहा था, 'अगर सब कुछ फेल हो जाता है, अगर सभी सेंसर फेल हो जाते हैं, कुछ भी काम नहीं करता है, फिर भी यह लैंडिंग करेगा बशर्ते एल्गोरिदम ठीक से काम करें। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि अगर इस बार विक्रम के दो इंजन काम नहीं करेंगे, तब भी यह लैंडिंग में सक्षम होगा।'

# पंजाब में सड़कों पर उतरे किसान: लाठीचार्ज में एक की मौत, कपूरथला में 44 हिरासत में, मोगा में नाका तोड़ा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पंजाब में एक बार फिर किसान सड़क पर उतर आए हैं। पंजाब के 16 किसान संगठनों ने मंगलवार से चंडीगढ़ में बड़े प्रदर्शन का एलान किया है। किसानों ने चंडीगढ़ कूच कर दिया है। जगह-जगह पर पुलिस उन्हें रोकने में लगी है। उधर, संगरूर जिले के लोंगोवाल में आंदोलन कर रहे किसानों और पुलिस में झड़प हो गई। इसमें एसएचओ दीपइंदर सिंह जेजी समेत कई पुलिसकर्मी और किसान घायल हैं। एक किसान प्रीतम सिंह की मौत हो गई है। भारतीय किसान यूनियन आजाद के जिला स्तरीय प्रतिनिधि जसवीर सिंह मेदेवास ने बताया कि गांव मंडेर के किसान प्रीतम सिंह आंदोलन में सुबह से ही साथ रहे। लोंगोवाल से बड़बड़ जाते वक्त पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें प्रीतम सिंह समेत कई किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रीतम सिंह को तुरंत संगरूर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें पटियाला रेफर कर दिया गया। मगर प्रीतम सिंह की जान नहीं बची।



### एसएचओ को आई गंभीर चोट

वहीं सुनाम सिटी थाने के एसएचओ दीपइंदर सिंह जेजी समेत कई पुलिसकर्मी भी घायल हैं एसएचओ को गंभीर चोट आई है। पुलिस का कहना है कि किसानों ने एसएचओ पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया है। बता दें कि पंजाब में बाढ़ से इस बार भीषण तबाही मची है। किसान संगठन नुकसान के मुआवजे की मांग कर रहे हैं। 22 अगस्त से चंडीगढ़ में स्थायी मोर्चा लगाने का एलान भी 16 किसान संगठन कर चुके हैं। इससे पहले पुलिस ने रविवार रात को ही छापेमारी कर किसानों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया। इससे नाराज किसान संगठन सड़क पर उतर आए।

### सुबह से ही तनावपूर्ण स्थिति

सुनाम विधानसभा क्षेत्र के कस्बा लोंगोवाल में सोमवार सुबह से ही संगठनों और पुलिस के बीच स्थिति तनावपूर्ण रही। नामोल और मेदेवास में भी पुलिस ने नाकेबंदी कर रखी है। पुलिस से बचकर निकले भारतीय किसान यूनियन एकता आजाद के नेता जसवीर सिंह मदेवास और हैप्पी नमोल ने कहा कि प्रदेश की भगवंत मान सरकार ने किसानों को चंडीगढ़ में प्रदर्शन करने से रोकने के लिए नेताओं को गिरफ्तार कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि 16 किसान संगठन मिलकर संघर्ष कर रहे हैं और बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

### मोगा में किसानों ने तोड़ा पुलिस का नाका, लुधियाना रोड जाम

मोगा से भी किसान चंडीगढ़ को रवाना होने लगे हैं। पुलिस उन्हें रोकने की कोशिश में जुटी है। वहीं किसान भी अपनी जिद पर अड़े हैं। कई किसान नेताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। फिरोजपुर रोड पर किसान गुरुद्वारा श्री तंबुमल के पास जुटे और चंडीगढ़ कूच किया। यहां पर पुलिस ने बैरिकेड लगा रखा था। किसानों ने बैरिकेड तोड़ दिया और आगे बढ़ने लगे। वहीं गांव दुनेके के पास भी पुलिस ने एक बड़ा नाका लगा रखा था। सड़क पर ट्रक खड़ा कर जाम लगा दिया गया ताकि किसान आगे न बढ़ सके। नाके नाजकारी मिलते ही किसानों ने अपना काफिला मोड़ लिया। गांवों के रास्ते से गांव मेहना पहुंचे और यहां लुधियाना रोड को किसानों ने जाम कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

### कपूरथला में 44 किसान हिरासत में

कपूरथला में सोमवार को किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के नेताओं ने प्रदर्शन किया। यहां पुलिस ने 44 किसानों को हिरासत लिया। इसके बाद किसान संगठनों ने हंगामा शुरू कर दिया और थानों का घेराव शुरू कर दिया। जोन नडाला अध्यक्ष निशान सिंह और जिला महासचिव निर्मल सिंह ने बताया कि उनके संगठन के नेताओं को रविवार को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनकी रिहाई के लिए संगठन से मिले आदेश के अनुसार नौ टोल प्लाजा पर पंजाब के किसान संगठन शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान ढिलवां टोल प्लाजा पर भी किसान शांतिमय ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। मगर पुलिस ने किसानों को हिरासत में लिया। पुलिस ने भुलत्थ थाने में 16, बेगोवाल में 18 और ढिलवां थाने में 18 किसान को हिरासत में रखा है। निशान सिंह ने कहा कि अगर किसानों को रिहा नहीं किया गया तो संगठन बड़े स्तर पर संघर्ष करने को मजबूर होगा। भुलत्थ के डीएसपी भारत भूषण सैनी ने बताया कि उक्त किसान ढिलवां टोल प्लाजा पर धरना दे रहे थे। वहां पर हालात न बिगड़े, इसलिए एहतियातन यह कदम उठाया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)